खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 06°C

देहरादून, गुरुवार 5 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 179 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई ने मचाया हड़कंप पेज 2



इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच जरूर होना चाहिए: ब्रेट ली खेल टाइम्स



क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु सम्पादकीय



अमेरिका ने अरब सागर में ईरानी ड्रोन को मार गिराया पेज 12

# विपक्षी सांसदों का हंगामा, पीएम मोदी की स्पीच टली

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लोकसभा आज तक स्थगित
- शाम पांच बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने वाले थे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 5 बजे सदन को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

हंगामे के कारण पीएम नरेंद्र मोदी का बुधवार शाम 5 बजे होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन भी टल गया। संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई है। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। सुबह सदन सिर्फ 5 मिनट चला और 12 बजे तक स्थगित हुआ। इसके बाद 12 बजे हंगामा होने पर दोपहर 2 बजे तक और 2 बजे दोबारा शुरू होकर 8 मिनट में ही रुक गया। शाम 5 बजे फिर शुरू होने के बाद भी हंगामे के चलते लोकसभा को बुधवार सुबह 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने चेयर की तरफ बुधवार को भी पेपर उछाले। मंगलवार को इसी हरकत पर 8 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने 'एलओपी (राहुल गांधी) को बोलने दो', नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए।

### पीएम मोदी डरे हुए हैं, इसीलिए संसद नहीं आए: राहुल

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण नहीं हो सका। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सच्चाई का सामना करने से डर रहे हैं, इसलिए सदन में नहीं आए। राहुल गांधी ने इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो और बयान भी साझा किया। इस वीडियो में वो पहले ही ये बात कह चुके थे। राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि जैसा उन्होंने पहले कहा था, पीएम मोदी लोकसभा नहीं आएंगे। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते।

# सुप्रीम कोर्ट एडीएजी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देरी पर सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



- ईडी और सीबीआई को सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच में अकारण देरी को लेकर ईडी को कड़ी फटकार लगाई है।

इसके साथ ही कई बैंकों की शिकायतों के बावजूद केवल एक ही एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भी आलोचना की है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि वर्ष 2025 में एसबीआईकी शिकायत पर दर्ज एकमात्र एफआईआर के दायरे को अन्य बैंकों की बाद की शिकायतों तक बढ़ाना प्रक्रियात्मक कानून के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग बैंकों की शिकायतें अलग लेन-देन से जुड़ी हैं और इसलिए प्रत्येक के लिए अलग एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। पीठ ने सीबीआई को इस पहलू की समीक्षा करने और कथित धोखाधड़ी में बैंक अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की भी जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि ईडी और सीबीआई दोनों पहले ही समय ले चुके हैं, इसलिए हम अपेक्षा करते हैं कि दोनों एजेंसियां अब त्वरित कार्रवाई करें। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि ईडी वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर कानूनी दायरे में रहते हुए जांच को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए।

# ईसी बंगाल को निशाना बना रहा: ममता बनर्जी

## एसआईआर मुद्दा कहा: नाम मिसमैच पर दिए नोटिस वापस लिए जाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में दी दलील
- CJI की बेंच ने कहा: असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिएं
- चुनाव आयोग और बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) मामले पर सुनवाई की। जहां राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी वकीलों के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग के निशाने पर है। जो काम 2 साल में होना था, उसे 3 महीने में करवाया जा रहा है।

सुनवाई के बाद सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिए। ममता की याचिका पर बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी से 9 फरवरी तक जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर मुख्यमंत्रियों के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं। ममता ने कहा कि चुनाव से पहले 2 महीने में ऐसा कुछ करने की कोशिश की जा रही है, जो 2 साल में होना था। खेतीबाड़ी के मौसम में लोगों को परेशान किया जा रहा है। 24 साल बाद इसे 3 महीने -**शेष पृष्ठ दो पर**

### वांगचुक की जमानत पर विचार करे केंद्र: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है? जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि वांगचुक की हेल्थ रिपोर्ट अच्छी नहीं है। कोर्ट ने केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से इस मामले में निर्देश लेने को कहा। कोर्ट ने कहा कि दलीलों और कानून के बिंदुओं के अलावा, कोर्ट के अधिकारी के तौर पर इस पर थोड़ा सोचिए।

# राहुल गांधी के जवाब में भाजपा भी लाई किताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बोले: नेहरू-गांधी का भी इतिहास सामने आना चाहिए

**नई दिल्ली।** संसद में किताब के हवाले से बयान देने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़ा राजनीतिक टकराव बन गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा एक कथित अप्रकाशित सैन्य पुस्तक का जिक्र करने के बाद अब भाजपा ने भी पलटवार किया है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे कई प्रकाशित और प्रतिबंधित किताबों के कवर लेकर सदन पहुंचे और कांग्रेस पर इतिहास छिपाने का आरोप लगाया। इसी मुद्दे पर सदन में हंगामा बढ़ा और कार्यवाही रोकनी पड़ी। हालांकि इसके बाद उन्होंने सभी किताबों को लेकर मीडिया से बात की। निशिकांत दुबे ने मीडिया से बातचीत में कई किताबों के नाम गिनाए। इनमें नेहरू और गांधी परिवार से जुड़ी किताबें, इमरजेंसी पर लिखी किताबें और मित्रोखिन आर्काइव का जिक्र शामिल रहा। उन्होंने दावा किया कि इन पुस्तकों में कांग्रेस शासन, आपातकाल और कथित विदेशी प्रभाव से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज हैं। उनका कहना था कि कई किताबों पर कांग्रेस सरकार के समय प्रतिबंध लगाया गया था और अब उन पर खुली चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मेरा स्पीकर साहब से यह भी अनुरोध है कि आप जो छपी हुई किताब है। उस पर ही चर्चा करा लीजिए। संसद में चर्चा हो जाएगी, तो गांधी नेहरू परिवार की जो मक्कारी है, वो सबके सामने आ जाएगी। 50 के दशक में चीन हमसे पीछे हुआ करता था, लेकिन वो कैसे आगे निकल गया। उसके पूरे इतिहास पर चर्चा होनी चाहिए। विवाद की शुरुआत तब हुई जब राहुल गांधी ने संसद में पूर्व सेना प्रमुख की एक अप्रकाशित किताब का हवाला दिया। इस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई कि बिना प्रकाशित और बिना आधिकारिक अनुमति वाली सामग्री का जिक्र नियमों के खिलाफ है।

### नीट-पीजी कटऑफ कम करने के फैसले पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी 2025-26 की कट-ऑफ घटाने के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनबीईएमएस से जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से जवाब मांगा। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार, 6 फरवरी , 2026 को होगी। योग्यता कट-ऑफ प्रतिशत घटाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी।

यह जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन, न्यूरोसर्जन सौरव कुमार, यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट के अध्यक्ष डा. लक्ष्य मित्तल और वर्ल्ड मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डा. आकाश सोनी द्वारा दायर की गई। याचिका में कहा गया था कि विवादित नोटिस के माध्यम से कट-ऑफ को असामान्य रूप से बेहद कम, यहां तक कि शून्य और नकारात्मक स्तर तक घटा दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए योग्यता मानकों में कमी मनमानी है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है।

### एक लाख का इनामी शूटर बनारसी यादव मुठभेड़ में ढेर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी सुपारी किलर बनारसी यादव को मार गिराया। बनारसी पर सारनाथ थाना क्षेत्र में कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या का मुख्य आरोप था। मुठभेड़ चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारियासनपुर रिंग रोड पर हुई। बनारसी यादव की सूचना मिलने पर एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने संबंधित थानों की मदद से घेराबंदी की। बनारसी यादव खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से दो पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। बनारसी यादव पर दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 21 अगस्त 2025 को करोड़ों की जमीन के विवाद में बनारसी यादव ने गाजीपुर के शूटरों को सुपारी देकर कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या कराई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य शूटर अरविंद फौजी सहित चार आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था।




**नई दिल्ली: संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित 'संस्मरण' की एक प्रति दिखाते हुए।**

### उधमपुर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैश का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था।

# गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर दी जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की थीं शिकार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद स्थित टीला मोड़ थाना क्षेत्र के भारत सिटी अपार्टमेंट में गत रात एक हृदय विदारक घटना सामने आई है।

भारत सिटी के बी वन टॉवर के फ्लैट नंबर 907 में रहने वाली तीन सगी बहनों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार तड़के करीब दो बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों बच्चियों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार सुबह बच्चियों के आत्महत्या की जानकारी देते हुए कहा कि मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की आदी थीं और वे कोरियाई ऑनलाइन गेम खेलती थीं। सुसाइड नोट में बच्चियों ने माता-पिता से खेद व्यक्त किया है। मृतक बहनों की पहचान निशिका (16 वर्ष), प्राची (14 वर्ष) और पाखी (12 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बहनों ने अपार्टमेंट के नौ मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राहुल ने नरवणे की किताब दिखाई, कहा: पीएम को दूंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस सांसद ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह को गद्दार बताया, मंत्री ने पलटकर कहा: राहुल देश के दुश्मन

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की जिस किताब को लेकर संसद में दो दिन से हंगामा हो रहा है। राहुल गांधी बुधवार को वही किताब लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। राहुल ने किताब का वह पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि प्रधानमंत्री ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित समझो वह करो!।

राहुल ने कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है। देखिए यह रही किताब। राहुल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि प्रधानमंत्री आज लोकसभा में आने की हिम्मत करेंगे। अगर प्रधानमंत्री आते हैं, तो मैं खुद जाकर उन्हें यह किताब सौंपूंगा, ताकि वे इसे पढ़ सकें और देश को इसके बारे में पता चल सके। राहुल गांधी, पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक लेकर पहुंचे। लोकसभा में दो दिन से पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक पर हंगामा हो रहा है। इसके चलते कई बार सदन स्थगित हो चुका है। राहुल इस किताब के अंश लोकसभा में पढ़ना चाहते हैं। स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी है। इधर, कांग्रेस के कुछ सांसदों ने बजट सत्र के छठे दिन संसद के मकर द्वार के पास प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी ने रवनीत सिंह बिट्टू को पास से गुजरते देखकर कहा कि देखो एक गद्दार आ रहा है, देखिए इसका चेहरा। राहुल गांधी ने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा -**शेष पृष्ठ दो पर**

### जनता का निरादर कर रहे हैं पीएम मोदी: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस सांसदों के प्रदर्शन में शामिल होने के बाद पत्रकारों से कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मनमर्जी से काम कर रही है। उनका कहना था कि जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है।

# युमनाम खेमचंद सिंह बने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार शाम को लोकभवन में खेमचंद को गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मैतेई समुदाय से आने वाले खेमचंद पूर्व सीएम बीरेन सिंह के करीबी माने जाते हैं। नगा समुदाय से आने वाले लोसी दिखो को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई गई है। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। उनके अलावा कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन ने भी डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है। उन्होंने दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शपथ ली। वे राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी के प्रयास से मूकबधिर खुशी के जीवन में लौटी 'खुशी'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की मूकबधिर बच्ची खुशी को उसकी खोई हुई आवाज मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवेदनशील हस्तक्षेप और त्वरित निर्देशों के चलते खुशी का सफल इलाज संभव हो सका, जिससे उसके जीवन में एक नई शुरुआत हुई है। 26 नवम्बर को खुशी ने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बेहतर इलाज के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद खुशी को उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप उसका इलाज सफल रहा। इलाज के बाद खुशी न सिर्फ सुनने और बोलने में सक्षम हुई, बल्कि उसके चेहरे पर भी खोई हुई मुस्कान लौट आई। मासूम खुशी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि थैंक्यू योगी जी।

### बराड़ के दो गुर्गे गिरफ्तार, वारदात में कार बरामद

**मोहाली।** पंजाब में मोहाली जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर 23 जनवरी को हुए सनसनी खेज गुरविदर सिंह हत्याकांड में एस-ए-एस- नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी. हरमनदीप सिंह हंस ने बुधवार को कहा कि इस हत्याकांड की साजिश विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर सतिदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिए हैं। 23 जनवरी को गुरविदर सिंह अपनी पत्नी अमरदीप कौर के साथ मोहाली कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचे थे।

# यूपी के अनुदेशकों ने जीती लड़ाई, अब खत्म नहीं होगी नौकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सुप्रीम कोर्ट ने 17000 रुपये मानदेय देने का दिया आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सरकारी स्कूल में कार्यरत अनुदेशकों की नौकरी संविदा की निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी नहीं जाएगी। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार को अनुदेशकों का मानदेय 17000 रुपये करने का निर्देश दिया है।

उत्तर प्रदेश के सरकारी जूनियर स्कूलों में पढ़ा रहे अनुदेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के खिलाफ थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविदा की जो निर्धारित अवधि है, वह खत्म होने के बाद भी अनुदेशकों की नौकरी नहीं जाएगी। 10 साल तक काम करने के चलते यह पद ऑटोमैटिक तरीके से सृजित हो चुका है। साथ ही कोर्ट ने यूपी सरकार ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये देने का मानदेय देने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि अनुदेशक साल 2013 से ही मानदेय बढ़ाने की मांग सरकार से कर रहे थे, लेकिन सरकार ऐसा करने को तैयार नहीं थी। फिर अनुदेशकों की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार को मानदेय बढ़ाने का आदेश दिया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई।

कोर्ट ने अनुदेशकों को मिलने वाले 7000 रुपये के मानदेय पर भी सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक बिना किसी संशोधन के मानदेय तय रखना अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में आता है, जो अंशकालिक शिक्षक लगातार सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें सम्मानजनक मेहनताना दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि 2017-18 से अंशकालिक शिक्षकों का मानदेय 17,000 प्रतिमाह माना जाएगा। यह अगले संशोधन तक प्रभावी रहेगा। साथ ही इस नए मानदेय का भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को 2017 से अब तक नए मानदेय के तहत बकाया श्रेणी में आने वाली राशि का भुगतान 6 महीने के अंदर करने को कहा है। बता दें कि यूपी के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय साल 2017 में बढ़ाने का निर्णय हुआ था, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस फैसले को लागू नहीं किया गया। इसके बाद अनुदेशक सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने अनुदेशकों के पक्ष में फैसला दिया था, तो सरकार आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी।

## कैंसर के खिलाफ अभियान चलाए सरकार: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में पुरुषों में होने वाले लगभग 54 प्रतिशत कैंसर का कारण नशा है, तो हर नशे के खिलाफ सरकार को अभियान चलाना चाहिए। ऐसे अभियानों की अगुवाई उन भरोसेमंद लोगों से कराई जानी चाहिए, जो निजी जीवन में भी किसी भी तरह के नशे से दूर रहकर ईमानदारी से सफल हुए हों और जिनके परिवार खुशहाल हों। ऐसे वास्तविक उदाहरण समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे और युवा पीढ़ी नशे से दूर रहने का संकल्प लेगी। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में अखिलेश ने जोर देते हुए कहा कि कैंसर से लड़ने से बेहतर है उससे बचाव किया जाए।

# वैदेही आर्ट गैलरी सीता के जीवन से कराएगी परिचित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम में माता सीता के जीवन चरित्र पर आधारित 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। यह गैलरी अयोध्या में वशिष्ठ भवन परिसर में विकसित की जाएगी।

बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि माता सीता भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों की अनुपम प्रेरणा हैं। उनके दिव्य और तेजस्वी चरित्र से नई पीढ़ी को गहराई से परिचित कराना आज की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने 'वैदेही आर्ट गैलरी' की अवधारणा साझा करते हुए कहा कि यह केवल एक कला संग्रहालय नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव स्थल होना चाहिए। आधुनिक तकनीक के माध्यम से माता सीता के जीवन, त्याग, करुणा, गरिमा, धैर्य और शक्ति का आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुतीकरण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि गैलरी की संकल्पना, कथा-वस्तु, डिजाइन, दृश्य भाषा, कला और तकनीक-सभी आयाम इस भाव को प्रतिबिंबित करें कि एक दिव्य विरासत को नई पीढ़ी के समक्ष प्रेरणास्रोत के रूप में पुनर्प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई पर मचा हड़कंप

**लखनऊ/बांदा, वार्ता**

■ अधीक्षक-जेलर समेत अज्ञात पर केस, एसआईटी जांच में जुटी

उत्तर प्रदेश के बांदा जिला जेल से कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविन्द्र सिंह (रवि काना) की संदिग्ध रिहाई ने बड़ा बवाल खड़ा कर दिया है। मामले में जेल चौकी प्रभारी की शिकायत पर कोतवाली नगर थाने में जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 260सी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह धारा आरोपी की हिरासत में जानबूझकर की गई लापरवाही से संबंधित है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है।

मंगलवार को टीम ने बांदा मंडल जेल में करीब 5-6 घंटे तक दस्तावेज, रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की गहन पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक, रवि काना कई गंभीर मामलों में वांछित है, जिनमें नोएडा के सेक्टर-63 थाने में दर्ज उगाही का केस भी शामिल है। वह वर्ष 2024 से अन्य मामलों में बांदा मंडल जेल में बंद था। उगाही प्रकरण में बी-वारंट के जरिए उसे कोर्ट में तलब किया गया था। जांच अधिकारी की रिमांड अर्जी पर 29 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई, लेकिन उसी शाम उसकी रिहाई हो गई, यही बिंदु अब जांच का केंद्र बना हुआ है। घटना के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महानिदेशक कारागार और जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद डीजी (कारागार) पीसी मीणा ने जांच प्रयागराज रेंज के डीआईजी राजेश श्रीवास्तव को सौंपी है। इसी क्रम में बांदा जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया।

## अमेरिकी ट्रेड डील पर संसद में पीयूष गोयल का बयान

# देश व किसानों के हितों की रक्षा का रखा ध्यान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से बाहर रखा गया, भारतीय पक्ष अहम् क्षेत्रों की रक्षा करने में सफल रहा

भारत और अमेरिका के बीच हुए ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भारी शोर-शराबे के बीच लोकसभा में कहा कि दोनों देशों के बीच डील को लेकर बातचीत के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहे। भारतीय पक्ष डील करने के दौरान अपने अहम क्षेत्रों खासकर कृषि और किसानों के हितों की रक्षा करने में सफल रहा।

सांसदों के हंगामे के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की फरवरी 2025 की अमेरिका यात्रा के बाद से भारत और अमेरिका के बीच संतुलित, पारस्परिक रूप से, लाभकारी और द्विपक्षीय ट्रेड डील करने को लेकर लगातार और नियमित चर्चा करते रहे हैं। पिछले साल, दोनों पक्षों के बातचीत करने वालों ने अलग-अलग लेवल पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के जरूरी हितों को ध्यान में रखते हुए यह स्वाभाविक है कि दोनों पक्ष अपने-अपने जरूरी और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करना चाहेंगे और सबसे अच्छे नतीजे भी सुनिश्चित करना चाहेंगे। आपसी बातचीत के दौरान भारतीय पक्ष अपने संवेदनशील क्षेत्रों खासकर कृषि और डेयरी के हितों की रक्षा करने में सफल रहा। एक साल की बातचीत के बाद दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार समझौते के विभिन्न क्षेत्रों को अंतिम रूप देने में सफल रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से अलग रखा गया है। खाद और कृषि क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा, इस डील से भारत और अमेरिका दोनों पक्षों को फायदा होगा। 2 फरवरी 2026 को पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों पर टेलीफोन पर बातचीत की। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि यह टैरिफ कई प्रतिस्पर्धी देशों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से कहीं कम है। ट्रेड डील में विकसित भारत की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह ऐतिहासिक और स्ट्रक्चरल समझौता भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने तथा विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत संबंधों को भी दिखाता है।

### राहुल गांधी पर भड़के केन्द्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इससे पहले कल मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा था। राहुल की आलोचना करते हुए गोयल ने कहा कि वह भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्हें देश के विकास की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने निराशा जताते हुए कहा कि कांग्रेस और डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के हंगामे के कारण उन्हें संसद में ट्रेड डील पर बयान देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि उन्हें (राहुल गांधी) देश की प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी भारतीय नागरिक उनकी भ्रम वाली सोच से सहमत हो सकता है। क्या राहुल को लाखों-करोड़ों रुपये के निवेश से चिढ़ होती है, जिसे हम भारत में लाने की कोशिश कर रहे हैं? इससे पहले कांग्रेस नेता ने यह आरोप लगाया था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में आकर ट्रेड डील को अंतिम रूप दिया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83817.69
निफ्टी 25776



सोना 159035
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 284432
प्रति किलो



# लगातार दूसरे दिन चढ़े शेयर बाजार आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों में बड़ी गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 78.56 अंक (0.09 प्रतिशत) चढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत ऊपर 25,776 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 12 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। इस बीच आईटी कंपनियों में भारी दबाव रहा, जिसके कारण सुबह प्रमुख सूचकांकों में गिरावट थी और एक समय सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूट गया था। अमेरिकी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

बताया जा रहा है कि एक ऐसे एआई टूल के विकास की खबर आने के बाद ये कंपनियां दबाव में आ गईं जो दस्तावेजों की समीक्षा और आंकड़ों के विश्लेषण का काम कर सकती हैं। ज्यादातर कंपनियां वर्तमान में ये काम भारतीय कंपनियों से आउटसोर्स करवाती हैं। उसी का असर आज बाजार खुलते ही दिखा। सेंसेक्स में आईटी कंपनियों में ही सबसे अधिक गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सात प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। टीसीएस में भी लगभग सात फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूटे। तीस कंपनियों वाले संवेदी सूचकांक में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। ट्रेंट का शेयर पांच प्रतिशत के करीब चढ़ा। एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स और पावरग्रिड में दो से ढाई प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और एशियन पेंट्स के शेयर एक से दो प्रतिशत तक की बढ़त में बंद हुए।

# सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली। शाम 4.32 बजे तक एमसीएक्स पर 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना 5,226 (3.4 प्रतिशत) उछलकर 1,59,035 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

सोने की आज शुरुआत 1,58,420 पर हुई थी, जो पिछले बंद भाव 1,53,809 के मुकाबले काफी ऊपर है। चांदी की बात करें, तो इसकी चमक आज और भी ज्यादा है। शाम 4.29 बजे तक 5 मार्च की एक्सपायरी वाली चांदी 16,417 (6.13 प्रतिशत) की भारी बढ़त के साथ 2,84,432 प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। चांदी आज 2,78,015 पर खुली थी और इसने पिछले बंद भाव 2,68,015 के मुकाबले लंबी छलांग लगाई है। सोने और चांदी की कीमतों में पिछले तीन दिनों से जारी क्रैश पर आखिरकार ब्रेक लग गया है। सोना और चांदी दोनों में मजबूत खरीदारी देखने को मिल रही है, जिसकी वजह से एमसीएक्स पर सोना और चांदी दोनों के भाव एक बार फिर तेज रफ्तार पकड़ते नजर आ रहे हैं। अगर आप आज सोना-चांदी खरीदने या निवेश करने की सोच रहे हैं, तो आपको ताजा कीमतों पर नजर रखना जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में आज फिर से बड़ी तेजी देखने को मिल रही है।

# चावल, गेहूं महंगा, चीनी सस्ती दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी महंगा हुआ जबकि चीनी में नरमी रही। वहीं दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी 16 रुपये मजबूत हुआ और 2,875 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में घटबढ़ रही।

उड़द दाल की औसत कीमत 22 रुपये और तुअर दाल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 43 रुपये की गिरावट रही। मूंग दाल 22 रुपये और चना दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सात रिंगिट चढ़कर 4,222 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.11 प्रतिशत की तेजी में 54.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 46 रुपये और सूरजमुखी तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 33 रुपये और वनस्पति की तीन रुपये बढ़ी। वहीं सरसों तेल में सात रुपये और सोया तेल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईसी बंगाल...**

में पूरा करने की जल्दबाजी क्यों है। 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। ईसीआई की प्रताड़ना के चलते बीएलओ की जान जा रही है। बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। असम और नॉर्थ ईस्ट में ऐसा क्यों नहीं हो रहा। एसआईआर प्रक्रिया वोटर्स को शामिल करने नहीं बल्कि हटाने के लिए हो रही है। अब तक 58 लाख लोगों के नाम हटाए जा चुके हैं। भाजपा ने माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए, जो बीएलओ अधिकारों को दरकिनार करते हुए नाम हटा रहे हैं। ममता ने कहा कि सर बेटी शादी के बाद ससुराल जाती है, वह पति का टाइटल इस्तेमाल कर रही है, यह भी मिसमैच है। कुछ बेटियां जो ससुराल चली गईं, उनके नाम भी डिलीट कर दिए गए। इलेक्शन कमीशन ने कहा कि राज्य सरकार से बार-बार मांग करने के बाद एसआईआर के काम के लिए पर्याप्त ग्रुप बी अधिकारी नहीं दिए गए। इस कारण माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। सभी नोटिस में कारण होते हैं। जिनके नाम हटे उन्हें अधिकृत एजेंटों को भी लाने की अनुमति दी गई थी। हमने राज्य सरकार को कई पत्र लिखे हैं कि हमें क्लास 2 अधिकारी दें ताकि ईआरओ को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने उस रैंक के लगभग 80 अधिकारी दिए हैं, बाकी निचले रैंक के। इसलिए हमें माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। गलती उनकी है। माइक्रो ऑब्जर्वर सही तरीके से नियुक्त किए गए हैं। राज्य सहयोग नहीं कर रहा है, तो कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। समय की कोई समस्या नहीं है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सभी नोटिस वापस लेना अव्यावहारिक है। नाम की स्पेलिंग में गड़बड़ी होने पर चुनाव आयोग नोटिस जारी न करे। चुनाव आयोग अपने अधिकारियों को भी निर्देश दे कि वे संवेदनशील रहें। अगर राज्य सरकार ऐसे लोगों की टीम देती है, जो बांग्ला और स्थानीय बोलियां जानते हों, और वे जांच करके चुनाव आयोग को बताएं कि स्थानीय बोली के कारण गलती है, तो इससे मदद मिलेगी। स्थानीय बोली के अनुवाद को एआई की मदद लेने के कारण अगर ऐसा हो रहा है, तो हम समाधान निकालेंगे। इस वजह से असली मतदाता को बाहर नहीं किया जाना चाहिए। अपने आवेदन में ममता ने कहा है कि आर्टिकल 32 रिट में याचिकाकर्ता होने के नाते वह मामले से पूरी तरह वाकिफ हैं। वे कहती हैं कि पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी अध्यक्ष होने के नाते वह सुप्रीम कोर्ट के तौर-तरीकों को समझती हैं और स्थापित नियमों के अनुसार ही व्यवहार करेंगी।

**राहुल ने...**

कि हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, आप वापस (कांग्रेस में) आ जाओगे। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हाथ नहीं मिलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि देश के दुश्मनों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। राहुल ने हाथ बढ़ाकर बिट्टू से हाथ मिलाना चाहा, लेकिन वे ऐसा किए बिना आगे निकल गए। नेता प्रतिपक्ष राहुल और केंद्रीय मंत्री के बीच थोड़ी देर के लिए बहस हुई। रवनीत सिंह बिट्टू 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। इससे पहले वे तीन बार कांग्रेस सांसद रह चुके हैं। वे पहली बार 2009 में आनंदपुर साहिब से लोकसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2014 और 2019 में उन्होंने लुधियाना से जीत हासिल की। 2024 लोकसभा में उन्होंने लुधियाना से पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के खिलाफ चुनाव लड़ा और करीब 20 हजार वोटों से हार गए। चुनाव हारने के बावजूद उन्हें केंद्र सरकार में राज्यसभा सदस्य और मंत्री बनाया गया और रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। यह पहली बार नहीं है जब रवनीत सिंह बिट्टू और राहुल गांधी के बीच बयानबाजी देखने को मिली है। सितंबर 2024 में बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। बिट्टू ने अमेरिका में सिखों को लेकर राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। सिख किसी पार्टी से जुड़े नहीं हैं। यह चिंगारी लगाने की कोशिश है। राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं।

# हाईकोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति मंजूर

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने संविधान के अनुच्छेद 2024ए का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली, वार्ता**



उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने संविधान के अनुच्छेद 224ए का इस्तेमाल कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो साल के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर फिर से नियुक्त किया है। यह कदम आपराधिक मामलों की लंबित भारी संख्या के मद्देनजर उठाया गया है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी वाले कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान, मोहम्मद असलम, सैयद आफताब हुसैन रिजवी, रेणु अग्रवाल और ज्योत्सना शर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तदर्थ न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति की मंजूरी दी। इन नियुक्तियों के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 115 हो जाएगी, हालांकि यह स्वीकृत 160 न्यायाधीशों की संख्या से अब भी कम है। उम्मीद है कि इन नियुक्तियों से खासकर आपराधिक लंबित मामलों के निपटारे में मदद मिल सकती है। संविधान में यह प्रावधान है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से लंबित मामलों की अधिकता या रिक्तियों की स्थिति से निपटने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकते हैं, हालांकि अनुच्छेद 224ए के तहत ऐसी नियुक्तियां बहुत कम होती हैं। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने ऐसी नियुक्तियां केवल तीन बार की हैं। 1972 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति सूरज भान, 1982 में मद्रास उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति पी. वेणुगोपाल और 2007 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति ओपी श्रीवास्तव की नियुक्ति हुई थी उच्चतम न्यायालय ने 2021 के एक निर्णय में 'निष्क्रिय' संवैधानिक प्रावधान का पुनः उपयोग किया, जिसे उच्च न्यायालयों में बड़ी तादाद में लंबित मामलों के समाधान के रूप में वर्णित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वर्तमान प्रक्रिया तब शुरू की, जब उन्होंने देखा कि उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय के अनुच्छेद 224ए के इस्तेमाल के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके बाद सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीशों के लिए सिफारिशें मांगने वाले पत्र भेजे गए। अभी तक तीन उच्च न्यायालय से इस तरह की सिफारिश मिली हैं। इनमें से इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सिफारिश को मंजूरी दे दी गई है। बाकी सिफारिशों पर विचार करने के लिए कॉलेजियम के फिर से बैठने की उम्मीद है। अन्य उच्च न्यायालय अभी सुझाव भेजने की प्रक्रिया में हैं। पिछले साल दिसम्बर में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने 2021 के निर्णय को स्पष्ट किया और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीशों को शामिल करते समय अधिक लचीलेपन की अनुमति दी।

# मील का पत्थर साबित होगी जमरानी बांध परियोजना: सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने किया बहुउद्देशीय परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जनपद भ्रमण के दौरान गोला नदी पर सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से निर्माणाधीन जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परियोजना स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों से निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने परियोजना की समयबद्धता, गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत चल रहे अन्य निर्माण कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से पर्यावरणीय एवं तकनीकी बाधाओं का समाधान किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने क्षेत्रवासियों की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए जमरानी बांध परियोजना को स्वीकृति प्रदान की।



- प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रवासियों की दशकों पुरानी मांग को स्वीकृति देकर दी ऐतिहासिक सौगात, परियोजना को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश
- उत्तराखण्ड के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को भी मिलेगा परियोजना का सीधा लाभ, जमरानी बांध सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा : सीएम, रोजगार, पर्यटन और समग्र क्षेत्रीय विकास को मिलेगा नया आयाम

### जमरानी बांध परियोजना राज्य की समृद्धि का प्रतीक

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जमरानी बांध परियोजना राज्य की समृद्धि का प्रतीक है। यह परियोजना उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगी। बांध के निर्माण से जहां एक ओर सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा सुदृढ़ होगी, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप परियोजना से विद्युत उत्पादन की संभावनाओं पर केन्द्र सरकार से वार्ता की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से कुमाऊं के तराई क्षेत्र के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के किसानों एवं क्षेत्रवासियों को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने परियोजना को आगे बढ़ाने में सहयोग देने वाले स्थानीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। जमरानी बांध परियोजना के महाप्रबंधक महेश खरे ने प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परियोजना का संपूर्ण निर्माण कार्य जून 2029 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर विधायक कालाढुंगी बंशीधर भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, दर्जा राज्यमंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, दीपक मेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, के.डी. रूबाली, मण्डलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनता मौजूद रही।

# भट्ट ने संसद में की बापूग्राम, मीरानगर को राजस्व ग्राम बनाने की पैरवी



- शून्यकाल में भट्ट ने बापूग्राम की समस्याओं की तरफ केंद्र का ध्यान आकृष्ट कराया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ऋषिकेश के बाप. ग्राम और मीरानगर को राजस्व ग्राम का अधिकार दिलाने की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संसद में पुरजोर पैरवी की है। उन्होंने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाकर, स्थानीय लोगों के वैधानिक अधिकार एवं विकास की चिंताओं की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

बुधवार को राज्यसभा के शून्यकाल में उनके द्वारा ऋषिकेश के बापूग्राम और मीरा नगर क्षेत्र से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय उठाया गया। जिसमें उन्होंने सरकार के संज्ञान में लाते हुए कहा, यह दोनों क्षेत्र पिछले कई दशकों से घनी आबादी वाले हैं। 1950 से यहां लोग निवास कर रहे हैं जिनकी 1980 में ही जनसंख्या 50 हजार पाई गई थी। आज वहां हजारों परिवार निवास करते हैं, जो नियमित रूप से नगर निगम को करोड़ों रुपए कर भुगतान भी करते हैं, लेकिन आज तक इन्हें राजस्व ग्राम का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है। राजस्व ग्राम घोषित न होने के कारण इन क्षेत्रों के नागरिकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे भूमि स्वामित्व से संबंधित प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं, इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रहा। वहीं इस तकनीकी दिक्कत के कारण वहां विकास कार्यों में अनावश्यक प्रशासनिक बाधाएँ उत्पन्न हो रही हैं। उनके द्वारा सदन में बताया गया कि स्थानीय जनप्रति. निधियों एवं नागरिकों द्वारा इस विषय में बार-बार अनुरोध किए गए हैं, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# 'परीक्षा पे चर्चा' में सभी विद्यालयों की भागीदारी अनिवार्य



- कहा, शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी देशभर के छात्रों से करेंगे सीधा संवाद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्रत्येक विद्यालय 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विशेष कार्यक्रम का सभी विद्यालयों में डिजिटल माध्यम से प्रसारण किया जायेगा। जहां पर कक्षा-6 से आगे की छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों को समुचित निर्देश दे दिये गये हैं।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेशभर के विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा। इस विशेष कार्यक्रम में सभी विद्यालयों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 6 फरवरी को प्रात: 10:00 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 9वें संस्करण के माध्यम से देशभर के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों से सीधे संवाद करेंगे। इस विशेष कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री छात्रों को न सिर्फ तनाव मुक्त परीक्षाओं का मंत्र देंगे बल्कि उन्हें चुनौतियों से पार पाने, संतुलन बनाए रखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यावहारिक सुझाव भी देंगे।

डॉ. रावत ने बताया कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के इस संस्करण का प्रसारण प्रदेश के सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से किया जायेगा। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों के विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रसारण की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दे दिये गये हैं। ताकि कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक के समस्त छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक प्रधानमंत्री के संवाद को देख व सुन सके।

### 8 लाख अभिभावकों व शिक्षकों व छात्रों ने किया पंजीकरण

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 9वें संस्करण के लिये प्रदेशभर के 8 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षकों ने रिकॉर्ड संख्या में अपना पंजीकरण करवाया है। जिसमें विभिन्न जनपदों में 7 लाख 37 हजार से अधिक छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया है। इसके अलावा 53149 शिक्षकों व 14512 अभिभावकों ने कार्यक्रम के लिये अपना पंजीकरण कराया है।

# पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी से खुशगवार हुआ मौसम

**उत्तरकाशी।** पहाड़ों पर ताजी बर्फबारी के बाद तेज धूप से मौसम खुशगवार हो गया है। उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री- यमुनोत्री धामों में बर्फबारी से दिलकश नजारा हो गया है। बुधवार से यहां तेज धूप से मौसम में ताजगी आ गई है। बता दें कि बर्फबारी के बाद पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम शुष्क, बेहद ठंडा और मनोरम हो गया था। आसमान साफ होने से तेज धूप निकल रही है, लेकिन तापमान जमने के बिंदु से नीचे जाने के कारण कड़ाके की ठंड और शीतलहर जारी था। दिन में हल्की धूप से राहत मिल रही है, हालांकि रातें अत्यधिक ठंडी और बर्फीली बनी हुई हैं। गौरतलब है कि रविवार से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया था। मौसम विभाग ने अगले 72 घंटों तक राज्य ऊंचाई वाले भागों पर बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। 3 फरवरी तक चमोली, बागेश्वर, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में बारिश का येलो अलर्ट जारी है।

# मनसा देवी की भूस्खलन प्रभावित पहाड़ियों का अध्ययन

- देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण
- भविष्य में उठाए जाने वाले उपायों पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र द्वारा हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र में आपदा-सक्षम विकास विषय पर आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत देश-विदेश के भूवैज्ञानिकों ने बुधवार को फील्ड विजिट कार्यक्रम के तहत हरिद्वार स्थित मानसा देवी की पहाड़ियों के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का अध्ययन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 02 फरवरी से 06 फरवरी 2026 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण एवं वित्तीय प्रशासन अनुसंधान संस्थान, सुद्धोवाला, देहरादून में उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, विश्व बैंक तथा नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल इंस्टिट्यूट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

प्रतिभागियों द्वारा मानसा देवी क्षेत्र में भूस्खलन के उपचार और जोखिम न्यूनीकरण को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने वर्तमान में जारी ढाल स्थिरीकरण, भू-अन्वेषण, ड्रिलिंग तथा अन्य तकनीकी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और इन कार्यों की प्रगति एवं प्रभावशीलता को समझा। विशेषज्ञों के साथ हुई चर्चाओं में यह बताया गया कि किस प्रकार मौजूदा उपचारात्मक कार्य भूस्खलन के खतरे को कम करने में सहायक हैं तथा आगे किन अतिरिक्त उपायों को अपनाने की आवश्यकता है। साथ ही, दीर्घकालिक दृष्टिकोण से क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए वैज्ञानिक, व्यवहारिक एवं स्थल-विशिष्ट उपचार रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मनसा देवी की पहाड़ियों के भूस्खलन क्षेत्र की भू-आकृतिक संरचना, ढाल स्थिरता की वर्तमान स्थिति, भूमि उपयोग पैटर्न, जल निकासी व्यवस्था, प्राकृतिक एवं मानवीय प्रेरक कारकों तथा मौजूदा ढाल स्थिरीकरण एवं सुरक्षा उपायों का गहन अवलोकन किया गया। विशेषज्ञों के साथ हुई चर्चाओं में यह स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार के स्थल-विशिष्ट क्षेत्रीय अध्ययन किस प्रकार प्रभावी भूस्खलन न्यूनीकरण उपायों, जैसे ढाल स्थिरीकरण कार्य, जल निकासी सुधार, निगरानी एवं चेतावनी प्रणालियों तथा दीर्घकालिक जोखिम न्यूनीकरण रणनीति की योजना एवं डिजाइन में सहायक होते हैं।

# दून पॉड टैक्सी व मसूरी-नैनीताल रोपवे प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी पर मंथन

- आवास सचिव डॉ. आर. राजेश ने की अहम बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में देहरादून शहर में प्रस्तावित पीआरटी (पॉड टैक्सी) परियोजना तथा मसूरी एवं नैनीताल में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन को लेकर मंगलवार को सचिवालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव, आवास, उत्तराखण्ड शासन डॉ. आर. राजेश कुमार ने की। बैठक में उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूएमआरसी) सहित संबंधित विभागों एवं परामर्शदात्री संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में प्रबंध निद. शक, उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा देहरादून शहर में प्रस्तावित पीआरटी परियोजना तथा मसूरी एवं नैनीताल शहर में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजनाओं के तकनीकी, सामा. जिक, पर्यावरणीय एवं वित्तीय पहलुओं की जानकारी दी गई।

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि देहरादून शहर में प्रस्तावित पीआरटी (पॉड टैक्सी) परियोजना को ईबीआरटीएस के फीडर सिस्टम के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इस परियोजना के अंतर्गत तीन प्रमुख कॉरिडोर प्रस्तावित हैं, जिनमें क्लेमेंटाउन से बल्लूपुर चौक, पंडितवाड़ी से रेलवे स्टेशन तथा गांधी पार्क से आईटी पार्क तक के मार्ग शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना शहर में यातायात दबाव को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगी। बैठक में निगम द्वारा तैयार की गई डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) पर विस्तार से चर्चा की गई। आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परियोजना की उपयोगिता को और अधिक स्पष्ट करने पर बल देते हुए निर्देश दिए कि डीपीआर में परियोजना की आवश्यकता, पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन (ईआईए), सामाजिक प्रभाव तथा वित्तीय व्यवहार्यता को ठोस रूप में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने आगामी समीक्षा बैठक में संशोधित डीपीआर के साथ पुन: प्रस्तुतीकरण करने के निर्देश दिए।

आवास सचिव ने देहरादून में प्रस्तावित पीआरटी कॉरिडोर के संरेखण का स्थलीय निरीक्षण किए जाने की भी इच्छा जताई, ताकि जमीनी स्तर पर परियोजना की व्यवहारिकता का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सके। इसके अतिरिक्त बैठक में मसूरी एवं नैनीताल शहरों में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में संयुक्त सचिव आवास धीरेंद्र कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) संजीव मेहता, महाप्रबंधक (सिविल) संजय जी. पाठक सहित उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अभियंता, मै. मैकेन्जी एवं मै. सिस्ट्रा के सलाहकार अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन-जन की सरकार : 5.62 लाख लोगों को मिला लाभ

- शिकायत निस्तारण से लेकर प्रमाण-पत्र वितरण तक शासन-प्रशासन पहुंचा जनता के द्वार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप प्रदेशभर में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम ने जनसेवा, पारदर्शिता और त्वरित समाधान का एक प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अभिनव अभियान के माध्यम से शासन को सीधे जनता तक पहुँचाने का संकल्प धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है।

प्रदेश के सभी 13 जनपदों में आयोजित 562 जनसेवा शिविरों के माध्यम से अब तक 4,42,301 नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इन शिविरों में आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनते हुए त्वरित समाधान किया गया, जिससे शासन-प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 43,507 शिकायतें एवं आवे. दन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 29,363 शिकायतों का मौके पर अथवा समयबद्ध रूप से निस्तारण किया गया। यह आंकड़े सरकार की जवाबदेही, संवेदनशीलता और कार्यकुशलता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा 82,234 प्रमाण-पत्रों (जैसे आय, जाति, निवास आदि) के लिए आवेदन प्राप्त किए गए, जिन पर तेजी से कार्रवाई की गई। वहीं, सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से 2,45,073 से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचना सुनिश्चित हुआ। केवल 4 फरवरी 2026 को ही प्रदेश में 7 शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 5,910 नागरिकों ने सहभागिता की। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार निरंतर सक्रियता के साथ जनसेवा में लगी हुई है। यह अभियान न केवल शिकायत निस्तारण का माध्यम बना है, बल्कि यह आमजन के लिए शासन से संवाद का एक सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ है।

# नेचुरल फॉर्मिंग व मिलेट्स मिशन को दें प्राथमिकता: जोशी

- विभागीय मंत्री ने की कृषि एवं उद्यान योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर महानिदेशक कृषि एवं उद्यान वंदना सिंह से विस्तार से जानकारी ली।

समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक खड़े व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जमीनी स्तर पर बेहतर मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा।

कृषि मंत्री जोशी ने नेचुरल फॉर्मिंग एवं मिलेट्स मिशन को प्राथमिकता देते हुए इनके व्यापक प्रचार-प्रसार और किसानों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने चौबटिया स्थित अनुसंधान केंद्र को पुनर्जीवित करने तथा प्रदेश में विलुप्त होती माल्टा की विभिन्न प्रजातियों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को गति देने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान विभागीय मंत्री जोशी ने टेस्टिंग लैब एवं इंटीग्रेटेड पैक हाउस निर्माण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि किसानों को बेहतर बाजार सुविधा एवं मूल्य संवर्धन का लाभ मिल सके।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने डीजी कृषि एवं उद्यान को निर्देश दिए कि केंद्रीय बजट के अनुरूप राज्य स्तर पर ठोस एवं व्यावहारिक प्रस्ताव तैयार किए जाएं, जिससे योजनाओं का अधिकतम लाभ प्रदेश के किसानों एवं लाभार्थियों को मिल सके।

# धामी सरकार ने प्रति माह औसत 518 युवाओं को दी सरकारी नौकरी

- साढ़े चार साल के कार्यकाल में 28 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी



फाइल फोटो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढ़े चार साल के कार्यकाल में अब तक साढ़े 28 हजार से अधिक युवाओं को सरक. ारी नौकरी मिल चुकी है। इस तरह प्रति माह औसत 518 युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई। सख्त नकल विरोधी कानून के बाद भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता कायम होने से अब युवाओं का चयन एक से अधिक विभागों में हो रहा है। वहीं सरकार ने युवाओं को स्किल डेवलमेंपमेंट के जरिए विदेश में तक रोजगार देने की व्यवस्था की।

धामी सरकार के कार्यकाल में युवा वर्ग सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है। 04 जुलाई 2021 को कार्यभार ग्रहण करने के बाद, धामी सरकार ने युवाओं को रोजगार और स्किल प्रदान करने पर विशेष तौर पर फोकस किया।

पहले और दूसरे कार्यकाल को मिलाकर अब मुख्यमंत्री का कार्यकाल 54 महीने का हो चुका है। इस दौरान लोक सेवा आयोग, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, चिकित्सा सेवा चयन आयोग के जरिए साढ़े 28 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में स्थायी रोजगार प्रदान किया गया। यानि प्रति माह 518 युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई। अगले एक साल में भी विभिन्न आयोगों के जरिए, रिकॉर्ड संख्या में भर्तियां सम्पन्न की जाएंगी। इस तरह यह आंकड़ा बढ़ना तय है।

> हमारी सरकार ने युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए जहां सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर रिकॉर्ड संख्या में सरकारी नौकरियां प्रदान की गई, वहीं भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए सख्त नकल विरोधी कानून भी लागू किया गया। साथ ही सरकार कौशल विकास ओर स्वरोजगार योजनाओं के जरिए भी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है।
>
> **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

**पारदर्शिता कायम होने से बढ़े मौके:** सरकारी भर्तियों में सक्रिय नकल माफिया के कुचक्र को तोड़ने के लिए पुष्कर सिंह धामी सरकार ने फरवरी 2023 से उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय), कानून लागू कर प्रदेश और देश को एक मॉडल नकल विरोधी कानून दिया। इसके बाद से उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से समय पर बिना बाधा के सम्पन्न हो रही हैं। पहले भर्तियों में औसतन दो से तीन साल का समय लग रहा था, अब औसतन एक साल में ही भर्ती प्रक्रिया पूरी हो जा रही है। साथ ही प्रतिभाशाली युवा एक से अधिक परीक्षा में चयनित हो रहे हैं।

**विदेश में रोजगार के मौके:** मौजूदा सरकार ने साल 9 नवंबर 2022 से मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना शुरु की है, इसके लिए युवाओं को आतिथ्य, नर्सिंग, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जर्मनी और जापान में रोजगार प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 154 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिसमें से 37 को जापान में रोजगार प्रदान किया जा चुका है।

# सिंद्रवाणी त्रासदी पर जिला प्रशासन संवेदन

■ डीएम ने परिजनों से की भेंट, राहत व सुरक्षा उपाय तेज,पीड़ित परिवार को 10 लाख की तात्कालिक सहायता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखंड अगस्त्यमुनि अंतर्गत ग्राम सिंद्रवाणी (छिनका, नगरासू) में गुलदार के हमले में मृतक पांच वर्षीय बालक के परिजनों से जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। जिलाधिकारी ने इस अत्यंत दुखद घटना पर शोक प्रकट करते हुए परि. जनों को ढांढस बंधाया और कहा कि जिला प्रशासन इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मृतक बालक की माता के बैंक खाते में 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास सुविधा प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आवश्यकता पड़ने पर परिवार को गांव में ही सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने की व्यवस्था किए जाने की भी बात कही। उन्होंने मृतक बालक की दो बहनों को राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा का लाभ दिलाने तथा मृतक के दादा-दादी को वृद्धावस्था पेंशन योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने गांव एवं सड़क किनारे उगी झाड़ियों के तत्काल कटान के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांव में पांच सोलर लाइट स्थापित कराई गई हैं तथा आवश्यकता अनुसार और सोलर लाइट लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। गांव के आसपास घेरबाड़ (फेंसिंग) कराने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए गए हैं।

गुलदार की धरपकड़ के लिए वन विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों की राय को शामिल करते हुए विभिन्न स्थानों पर तीन पिंजरे लगाए गए हैं तथा पांच ट्रैप कैमरों की सहायता से गुलदार की गतिविधियों पर लगातार निगरानी की जा रही है। वन विभाग की गश्ती टीमें क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही हैं। इसके अतिरिक्त वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञों की टीम को भी मौके पर तैनात किया गया है, जो आगामी चार से पांच दिनों तक क्षेत्र में रहकर स्थिति की मॉनिटरिंग करेगी।

उल्लेखनीय है कि बीते दिन मंगलवार की देर सायं सिंद्रवाणी निवासी दक्ष (पुत्र हेमंत बिष्ट), उम्र लगभग 5ख्6 वर्ष, पर गुलदार ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी के नेतृत्व में सात अलग-अलग टीमों द्वारा सघन सर्च अभियान चलाया गया। रात्रि लगभग 11 बजे बच्चे का शव बरामद कर लिया गया।

सर्च अभियान में वन विभाग की तीन टीमें (कुल 20 कर्मी), डीडीआरएफ की दो टीमें, एसडीआरएफ की एक टीम, पुलिस एवं जिला प्रशासन की टीमें संयुक्त रूप से शामिल रहीं। शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगली जानवरों की संभावित गतिविधियों को देखते हुए सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन अथवा वन विभाग को दें।

# एचसीसी कंपनी ने मजदूर कैंप का गंदा पानी सीधे अलकनंदा नदी में छोड़ा, आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना पीपलकोटी की कंस्ट्रक्शन कंपनी एचसीसी द्वारा मजदूर कैंप क्षेत्र का सीवर और कूड़ा कचरा सीधे अलकनंदा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है। गौरतलब है कि टीएचडीसी परियोजना की कंस्ट्रक्शन कंपनी एचसीसी द्वारा अलकनंदा नदी के किनारे मजदूरों को ठहरने के लिए कैंप बनाया गया है। जहां पर सैकडो मजदूर रहते हैं। कैंप से निकलने वाले सीवर और कूड़ा-कचरा को निस्तारण के बजाय कंपनी द्वारा पूरी गंदगी को अलकनंदा नदी के स्वच्छ निर्मल पानी में गिराया जा रहा है।



जिससे लोगों की धार्मिक आस्था तो प्रभावित हो ही रही है, साथ ही बंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों का श्मशानघाट भी यहीं स्थित है। जिससे स्थानीय लोगों को दाह-संस्कार कार्य के दौरान अत्यधिक बदबू से दो-चार होना पड़ता है और मुंह को ढककर ही प्रवेश करना पड़ता है। जिससे क्षेत्र वासियों में आक्रोश बना हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष पीपलकोटी आरती नवानी ने कहा कि एचसीसी कंपनी के द्वारा सभी नियम कानूनों को ताक पर रखकर अलकनंदा नदी के किनारे बनाए गए मजदूर कैंप से निकलने वाले सीवर और कूड़ा-कचरा को सीधे अलकनंदा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। साथ ही शव दाह-संस्कार करने वाले रास्ते में अत्यधिक बदबू आने से लोगों को आवाजाही के समय मुंह ढककर गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई तो जिलाधिकारी चमोली को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## 21 फरवरी को गढ़वाल विवि पहुंचेगे सीडीएस चौहान

**श्रीनगर।** भारत के द्वितीय चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान आगामी 21 फरवरी को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर में आयेंगे। इस दौरान वह गढवाल विवि के चौरास परिसर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान के विश्वविद्यालय में आगमन की तैयारियों को लेकर बुधवार को गढ़वाल विवि के कुल. पति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में सीडीएस अनिल चौहान के कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर गहन चर्चा की गई। मौके पर कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये विश्वविद्यालय ने विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

# टिहरी में सड़क सुरक्षा के लिए चालकों ने ली शपथ

■ टीएचडीसी वर्कशॉप में यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया

परिवहन विभाग और बीमा कंपनी की संयुक्त कार्यशाला में वाहन बीमा और सुरक्षा मानकों पर हुई विस्तृत चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान-2026 का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग और न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वर्कशॉप परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सुरक्षा मानकों और यातायात नियमों के पालन पर गहन मंथन किया गया।

कार्यशाला के दौरान परिवहन विभाग की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बृजमोहन रावत ने वहां मौजूद चालकों, परिचालकों और अन्य कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहने का पाठ पढ़ाया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वाहन चलाते समय थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और सुरक्षित ड्राइविंग के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि विकास कुमार ने वाहन बीमा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वाहन का बीमा होना न केवल कानूनी रूप से आवश्यक है, बल्कि यह किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा कवच भी प्रदान करता है।

उन्होंने बीमा क्लेम की प्रक्रियाओं और इससे मिलने वाले लाभों के बारे में चालकों और वाहन स्वामियों को विस्तार से समझाया। कार्यशाला का मुख्य ध्येय चालकों को मानसिक रूप से जागरूक करना था ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ को नीचे लाया जा सके। इस दौरान परिवहन विभाग, टीएचडीसी प्रबंधन और बीमा कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### रैंप वॉक प्रतियोगिता में राप्रावि कीर्तिनगर ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के न्याय पंचायत के विद्यालयों में बुधवार को सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों के द्वारा रैंप वॉक, लोक नृत्य, नाटक, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। रैंप वॉक प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कीर्तिनगर ने प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मंजूली डागर ने द्वितीय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगसू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में ब्लॉक स्तर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय कीर्तिनगर कि विनीता देवी ने प्रथम, लोक नृत्य प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगसू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नाटक प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर से राजकीय इण्टर कॉलेज मोलधार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ एसएमसी प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नागराजाधार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. यशवन्त सिंह नेगी सहित आदि मौजूद थे।

### अग्रेंजी विभाग में साहित्यिक संगोष्ठी आज

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अंग्रेजी विभाग एवं इकोज लिटरेचर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को प्रख्यात लेखिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता महाश्वेता देवी की जन्म-शताब्दी के अवसर पर एक साहित्यिक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। गढ़वाल विवि की अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका गुप्ता ने बताया कि साहित्यिक संगोष्ठी में गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### युवती से छेड़छाड़ व उत्पीड़न के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार।** स्थानीय कोटद्वार निवासी एक युवती द्वारा कोतवाली कोटद्वार में दिए शिकायती पत्र में बताया गया कि एक युवक द्वारा कई दिनों से अनावश्यक रूप से उसे कॉल एवं मैसेज किए जा रहे हैं तथा आते-जाते समय गाली-गलौच करने के साथ - साथ आपत्तिजनक हरकतें की जा रही हैं। मामला महिला से संबंधित एवं गंभीर प्रकृति का होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा अभियुक्त की शीघ्रमें गिरफ्तारी के निर्देश दिए जाने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोटद्वार प्रदीप नेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण में संलिप्त रसीदिया मस्जिद कोटद्वार निवासी अभियुक्त उस्मान को कोटद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है ।पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक प्रीति गुसांई, उपनिरिक्षक विनोद चपराना, आरक्षी कुलदीप शामिल थे।

### आईटीआई श्रीनगर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 9 को होगा

**श्रीनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) श्रीनगर में 9 फरवरी को आईटीआई परिसर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेले में जनपद पौड़ी सहित गढ़वाल मंडल के अन्य जनपदों के पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई प्रमाणपत्र धारक, डिप्लोमा एवं स्नातक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। अभ्यर्थी विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के काउंटर पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि के लिए अप्रेंटिस के रूप में नियोजित किया जाएगा। आईटीआई श्रीनगर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि नियोजन अवधि के दौरान चयनित अप्रेंटिसों को आन द जाब ट्रेनिंग (ओजेटी) प्रदान की जाएगी। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय (स्टाइपेंड) भी दिया जाएगा।

# नरेंद्रनगर के पास मरम्मत कार्य के चलते पंद्रह दिनों तक बाधित रहेगा यातायात

■ बगड़धार में सड़क सुधारीकरण के लिए दिन में तीन बार और पूरी रात बंद रहेगा राजमार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ऋषिकेश से पहाड़ की ओर आने वाले यात्रियों और स्थानीय वाहन चालकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-34 पर नरेंद्रनगर के समीप बगड़धार में सड़क मरम्मत और सुधारीकरण का कार्य शुरू किया जा रहा है, जिसके चलते आगामी पंद्रह दिनों तक इस मार्ग पर यातायात प्रभावित रहेगा। प्रशासन ने कार्य के सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए यातायात प्रतिबंध की समय-सारणी जारी कर दी है। यह मरम्मत कार्य तीन फरवरी 2026 से शुरू होकर सत्रह फरवरी 2026 तक चलेगा। इस अवधि के दौरान राजमार्ग पर दिन और रात के समय अलग-अलग अंतरालों में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी, इसलिए यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना प्रशासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार ही बनानी होगी।

प्रशासन द्वारा जारी की गई समय-सारणी के अनुसार, बगड़धार में सड़क मरम्मत कार्य के लिए दिन में तीन बार यातायात रोका जाएगा। दोपहर साढ़े बारह बजे से डेढ़ बजे तक, इसके बाद दोपहर सवा दो बजे से सवा तीन बजे तक और शाम को सवा चार बजे से साढ़े पांच बजे तक मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त, रात्रि के समय भी कार्य प्रगति पर रहेगा, जिसके कारण रात साढ़े दस बजे से लेकर तड़के साढ़े चार बजे तक वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान किसी भी वाहन को आर-पार जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि पंद्रह दिनों के भीतर इस संवेदनशील हिस्से की मरम्मत कर यातायात को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। सड़क मरम्मत के साथ-साथ नरेंद्रनगर शहर में सीवरेज योजना के अंतर्गत सीवर लाइन बिछाने का कार्य भी प्रस्तावित है। यह कार्य नरेंद्रनगर बीआरओ कार्यालय से लेकर नरेंद्रनगर बाईपास तक किया जाएगा, जिसकी अवधि कुल बीस दिन निर्धारित की गई है। यह कार्य चार फरवरी 2026 से तेइस फरवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। देहरादून और गुजराड़ा बाईपास की ओर से आने वाले सभी वाहनों को अब नरेंद्रनगर थाने की ओर से होते हुए बाईपास मार्ग के जरिए टिहरी की दिशा में भेजा जाएगा। प्रशासन ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे इस दौरान धैर्य बनाए रखें और निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन कर सहयोग प्रदान करें।

## विकसित भारत के विजन से जुड़ेंगे युवा

**रुद्रप्रयाग।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित 'माय भारत' (मेरा युवा भारत) प्लेटफॉर्म ने देश के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर पेश करने के लिए मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन की जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 की बारीकियों से जोड़ना और देश के आर्थिक विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले अंतिम विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'विकसित भारत' के विजन पर सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रथम चरण की ऑनलाइन प्रतियोगिता शुरुआत मंगलवार से हो चुकी है। युवा 'माय भारत' पोर्टल पर जाकर बजट पर आधारित 30 सवालों के जवाब दे सकते हैं।

## तीन छात्रों का श्री देव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** श्री देव सुमन राज्य मेधावी छात्र वृत्ति परीक्षा 2025-26 में पीएम श्री राइका बैरासकुण्ड के तीन छात्र छात्राओं मे कुमारी दिया पुत्री कल्याण सिंह, अनुसया पुत्र किशन लाल व हर्षवर्धन पुत्र अब्बल सिंह का चयन हुआ।जब कि पांच छात्र,छात्राओं मे अमित सिंह पुत्र प्रकाश चन्द्र, शिवानी पुत्री राजेन्द्र सिंह, लक्की पुत्र चन्द्र सिंह, चांदनी पुत्री वीरेन्द्र लाल व प्रियांशु पुत्र पप्पू लाल ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

छात्र, छात्राओं की इस उपलब्धि को देखते हुए, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सैजवाल एसएमसी अध्यक्ष हिम्मत सिंह राणा व पीटीए अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पुरोहित आदि ने छात्र,छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रवृत्ति प्रभारी भारत भूषण रौथान ने बताया कि विगत वर्ष केवल एक ही छात्र का चयन हुआ था जबकि इस वर्ष तीन छात्र, छात्राओं का चयन एवं पांच छात्र, छात्राओं के द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण की गई जो विद्यालय के लिए बडे खुशी का विषय हैं। इस अवसर पर विक्रम सिंह पडियार, राजपाल सिंह कंडारी, रविन्द्र कुमार, मनोज राणा, मनोज नेगी, ममता सजवाण, मीना जोशी व फागुनी देवी व सभी अध्यापकों ने छात्र,छात्राओं के सम्मान समारोह में अपनी खुशी जाहिर की।

# जागरूकता ही कैंसर से लड़ने का सबसे बड़ा हथियारःडॉ. सयाना

■ विश्व कैंसर दिवस पर छात्रों ने निकाली जन-जागरूकता रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के कैंसर रोग विभाग द्वारा श्रीकोट बाजार में जन जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ बेस चिकित्सालय परिसर से मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं छात्रों ने पोस्टरों के माध्यम से आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस हमें यह याद दिलाता है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है।

कहा कि समय पर जांच, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तंबाकू एवं नशे से दूरी बनाए रखने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत की पहल पर जीवीके की मिली लैड में एक अत्याधुनिक कैंसर यूनिट की स्थापना की जाएगी, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा कैंसर रोगियों को बेहतर और समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने ही क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इस मौके पर वित्त नियंत्रक प्रशांत कुमार शर्मा ने कहा कि नशे से नाता तोड़कर स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर रेस्पिरेटरी विभागाध्यक्ष डॉ. विक्की बख्शी, रक्त केंद्र विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा हटवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर माइक्रोबायोलॉजी डॉ. जितेन्द्र देवरानी, डॉ. मोहित सैनी सहित पैरामेडिकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# धर्म से नहीं होनी चाहिए इंसान की पहचानः मोहम्मद दीपक

**कोटद्वार।** उत्तराखंड के कोटद्वार में एक मुस्लिम दुकानदार के समर्थन में आकर चर्चा में आए 'मोहम्मद दीपक' उर्फ अक्की ने अपने खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर पर गहरी हैरानी जताई है।

दीपक ने पुलिस की कार्रवाई को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि विवाद की शुरुआत दूसरे पक्ष की ओर से की गई थी।

आपको बता दें कि विगत 26 जनवरी को एक विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ लोग एक मुस्लिम दुकानदार पर अपनी दुकान का नाम बदलने का दबाव बना रहे थे। दीपक ने इस दबाव का विरोध किया, जिसके बाद मामला बढ़ गया और यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई।

स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने मौके पर पहुँचकर नियंत्रण पाया था।

बुधवार को हमारी टीम द्वारा मोहम्मद दीपक उर्फ अक्की से वार्तालाप की गई तो उन्होंने कहा कि इंसान की पहचान धर्म से नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए अपने नाम मोहम्मद दीपक के पीछे की वजह साफ करते हुए उन्होंने कहा

, मैंने खुद को मोहम्मद दीपक इसलिए बताया क्योंकि मेरा मानना है कि किसी भी इंसान की पहचान केवल उसके धर्म से तय नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि वे किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़े हैं, बल्कि एक मानवीय विचारधारा का समर्थन करते हैं। फिटनेस के प्रति अपने लगाव को जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जी हर जिम जाने वाले के लिए मेहनत की प्रेरणा और आदर्श हैं।

# पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति किया सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** थाना चंबा के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी सत्यों की टीम ने सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने और आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया। पुलिस जन आपके द्वार अभियान के तहत आयोजित इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान उप निरीक्षक मनोज ममगाई, एएसआई जय कुमार और एएसआई धीरेंद्र सिंह नेगी ने क्षेत्रवासियों को अपराध नियंत्रण और सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया। पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच विश्वास पैदा करना और उन्हें पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने हाल के दिनों में बंद घरों में ताले तोड़कर हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की।

उन्होंने कहा कि गांव में जो घर अक्सर बंद रहते हैं या जहां बुजुर्ग अकेले रहते हैं, उन पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए पुलिस ने पड़ोसियों से उनका ध्यान रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में घटित किसी भी आप. राधिक घटना के सफल अनावरण के लिए जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है, इसलिए ग्रामीण पुलिस की आंख और कान बनें।

जागरूकता गोष्ठी में सामाजिक बुराइयों और यातायात नियमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस ने बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं को आगाह किया और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए समाज की भागीदारी पर जोर दिया। यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्त हिदायत दी गई कि अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में वाहन न दें, क्योंकि यह न केवल गैरकानूनी है बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त, गांव में आने वाले किसी भी बाहरी व्यक्ति, फड़ या फेरी वाले की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी तत्काल सूचना पुलिस चौकी सत्यों को देने की अपील की गई, ताकि उनका सत्यापन किया जा सके। गोष्ठी में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, ग्राम प्रहरी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और सत्यों बाजार के दुकानदारों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# सीएम ने जाना मोटर मार्ग दुर्घटना में घायल यात्रियों का हाल

## दून अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री धामी, पारिवारिक जनों से बातचीत कर इलाज का पूरा भरोसा दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कालसी क्षेत्र अंतर्गत क्वानूख्रमीनस मोटर मार्ग पर हिमाचल परिवहन निगम की बस दुर्घटना में घायल हुए हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड के यात्रियों का हाल-चाल जानने के लिए राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती घायलों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकीय टीम को सभी घायलों को सर्वोत्तम एवं त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।





मुख्यमंत्री ने घायलों के परिजनों से भी बातचीत कर उन्हें विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार द्वारा उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकासनगर के उप जिला चिकित्साधिकारी से दूरभाष पर विकासनगर में उपचाराधीन दुर्घटना के घायलों को भी समुचित एवं संवेदनशील चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश सरकार को भी आश्वस्त किया कि उत्तराखंड में उपचाराधीन हिमाचल के सभी घायल यात्रियों का समुचित एवं नि:शुल्क उपचार राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है।

# मुख्य सचिव ने हर्रावला में किया नवनिर्मित कैंसर अस्पताल का निरीक्षण

**■ नवनिर्मित शकुंतला रानी सरदारी लाल ओबेरॉय राजकीय मैटरनिटी को भी देखा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को देहरादून के हर्रावला में नवनिर्मित शकुंतला रानी सरदारी लाल ओबेरॉय राजकीय मैटरनिटी एवं कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने नवनिर्मित भवन के विषय में विस्तार से जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर के सुपर स्पेशलिटी कैंसर अस्पताल के रूप में स्थापित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं, साथ ही इसे बेहतर तरीके से संचालित किए जाने के हर संभव प्रयास किए जाएँगे। उन्होंने भवन में सभी प्रकार के परीक्षण और मेडिकल सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराये जाने की भी बात भी कही।



मुख्य सचिव ने इस अस्पताल के आसपास डॉक्टर्स और स्टाफ के आवासीय भवनों के लिए भूमि तलाशने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने महानिदेशक स्वास्थ्य से मशीनों और उपकरणों की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की योजना साझा किए जाने की भी बात कही।

इस अवसर पर महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मैक्स असताल में कैंसर सर्वाइवर्स मीट का आयोजन

**■ अस्पताल ने विश्व कैंसर दिवस पर बढ़ाई जागरूकता, मीट में आए लोगों ने अनुभव किए साझा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने 4 फरवरी, 2026 को सफलतापूर्वक कैंसर सर्वाइवर्स मीट का आयोजन किया, जिसमें कैंसर से ठीक हो चुके लोग और उनके परिवार एक प्रेरणादायक और सार्थक मिलन के लिए एक साथ आए। इस पहल के माध्यम से समग्र कैंसर देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई और मरीजों व उनके परिजनों के बीच भरोसे, सहयोग और सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया गया।





इवेंट की मुख्य बातों में कैंसर से ठीक हुए लोगों और उनके परिवारों के साथ बातचीत, रिकवरी की कहानियाँ शेयर करना, कैंसर के बाद की देखभाल और हेल्दी लाइफस्टाइल के तरीकों पर एक्सपर्ट गाइडेंस, और उनके पक्के इरादे और हिम्मत के लिए कैंसर से ठीक हुए लोगों का सम्मान करना शामिल था। इस पहल के माध्यम से मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने मरीजों की देखभाल को केवल इलाज तक सीमित न रखते हुए, उपचार के बाद भी निरंतर सहयोग देने के अपने दृष्टिकोण को उजागर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून के कंसल्टेंट ख सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. सौरभ तिवारी, कंसल्टेंट, मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. रूनू शर्मा; और कंसल्टेंट ख मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. अमित बडोला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जो आशा, उपचार और व्यापक कैंसर देखभाल के प्रति अस्पताल की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक था।

कैंसर सर्वाइवर्स मीट का उद्देश्य सर्वाइवर्स का सम्मान करना, उनकी प्रेरणादायक यात्राओं को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना और मरीजों को आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ इलाज और रिकवरी की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि भावनात्मक संतुलन, स्वस्थ जीवनशैली और इलाज के बाद की देखभाल अच्छे स्वास्थ्य परिणामों के लिए कितनी जरूरी है।

## फूड प्रोसेसिंग से बनेगा स्वरोजगार का रास्ता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल की जा रही है। जिला उद्योग केंद्र रुद्रप्रयाग और गढ़ माटी संगठन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय साप्ताहिक उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 फरवरी से अगस्तमुनि विकासखंड के ग्राम घनियालका, पट्टी धनपुर में शुरू होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के स्थानीय युवाओं, महिलाओं और इच्छुक व्यक्तियों को फूड प्रोसेसिंग के आधुनिक तरीकों से प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्थानीय उत्पादों के प्रसंस्करण, पैकेजिंग, गुणवत्ता, मार्केटिंग और रोजगार की संभावनाओं से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी, जिससे वे अपने स्तर पर रोजगार की शुरुआत कर सकें।

# जोशी ने लाभार्थियों से संवाद कर सुनी समस्याएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को सहसपुर ब्लॉक के भगवन्तपुर में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और शिविर में उपस्थित लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

शिविर के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने कृषि विभाग के लाभार्थियों को चेक वितरित किए, कृषक समूहों को फार्म मशीनरी बैंक के अंतर्गत उपकरण प्रदान किए तथा बाल विकास विभाग के लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट एवं किशोरी किट वितरित की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की भी शपथ दिलाई।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार प्रशासन चला गांव की ओर' कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन की





**■ जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने मौके पर ही किया समस्याओं का निस्तारण**

समस्याएं सुनीं। शिविर में कुल 40 शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष विकासपरक एवं योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध प्रस्ताव तैयार कर समाधान के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शिविरों की अवधि 15 दिन और बढ़ाई गई है, जो सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में आयोजित इन विशेष शिविरों से अब तक 6 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। इसे उन्होंने सरकार की एक अनूठी और जनकल्याणकारी पहल बताया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। केंद्रीय बजट 2026 में लखपति दीदियों को 'शी मार्ट' से जोड़ने का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाओं की आजीविका संवर्धन को और मजबूती मिलेगी। जोशी ने कहा कि वीबीजी रामजी योजना के संचालन के लिए चालू वित्तीय वर्ष में भारत सरकार द्वारा 95,652.31 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है। योजना के अंतर्गत रोजगार के दिवस 100 से बढ़ाकर 125 कर दिए गए हैं। इस अवसर पर एसडीम मसूरी राहुल आनंद, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मंडल प्रभारी ज्योति कोटिया, लक्ष्मण सिंह रावत, किरन, ग्राम प्रधान रेनू शर्मा, भारती जवाड़ी, सुनील छेत्री, अजय पुंडीर आदि मौजूद रहे।

# डोईवाला पुलिस का अवैध सट्टे के खिलाफ प्रहार

**■ 19 वर्षीय युवक रेशम माजरी से गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला ( देहरादून )।** राजधानी देहरादून में अवैध गतिविधियों और जुआ-सट्टे के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज हो गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के सख्त निर्देशों का पालन करते हुए क्षेत्राधिकारी डोईवाला विवेक कुटियाल के निर्देशन में डोईवाला पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी कर सट्टे के कारोबार में लिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली डोईवाला पुलिस की टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अवैध कार्यों की रोकथाम के लिये चेकिंग अभियान चला रही थी।

इसी दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक सट्टे की खाईबाडी कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने घेराबंदी कर अमरदीप पुत्र जगदीप निवासी रेशम माजरी ( आम वाली लाइन ), डोईवाला को दबोच लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली डोईवाला में धारा-13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस टीम में कांस्टेबल वीर सिंह और कांस्टेबल आशीष राठी शामिल रहे।

## रुद्रप्रयाग में जिलासू की मां चंडिका का भव्य स्वागत

**रुद्रप्रयाग।** देवभूमि उत्तराखंड की आस्था और परंपरा का जीवंत प्रमाण पेश करते हुए जिलासू की आराध्य देवी मां चंडिका ने अपनी पारंपरिक दिवारा यात्रा के दौरान मुख्यालय में घर-घर जाकर भक्तों की कुशल-क्षेम पूछी और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया।

बता दें कि बीतें कई महिनों से मां चंडिका की दिवारा यात्रा चल रही है, जिसमें देवी की डोली विभिन्न गांवों और क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है। बुधवार को मां चंडिका की यात्रा मुख्यालस पहुंची। इस दौरान भक्तों ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही मां ने भक्तों से मिलकर उनकी कुशल-क्षेम जानी और परिवार की खुशहाली, सुख-शांति की कामना की।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः– 1022/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शट डाउन/ई0ई0/ दिनांक– 04.02.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, गुरुकुल के अन्तर्गत तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लेखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| कम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान गुरूकुल–2 | 11 के0वी0 बहादरपुर जट्ट | 06.02.2026/ शुक्रवार<br>09.02.2026/ सोमवार<br>11.02.2026/ बुधवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक । | गाडोवाली, बहादरपुर जट्ट, मंगलमूर्ति फेस–1, फेस–2, सियाराम विहार, वसन्त कुँज तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता । |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं'*
Toll free No- 1800-419-0405

अधिशासी अभियन्ता
''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''


## एनएपीएसआर ने सौ परिवारों को बांटी राहत सामग्री

**देहरादून।** नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स की ओर से रायपुर के मालदेवता स्थित झुग्गियों मे रहने वाले लगभग 100 परिवारों के लिए एनएपीएसआर चौरिटी बाजार के माध्यम से नि:शुल्क मार्किट का आयोजन किया जिसमे बच्चों व बड़ो के सर्द, गर्म कपड़ो के अलावा जूते, चादरें, बच्चों के खिलौने आदि वितरित किये। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि एनएपीएसआर बुक बैंक में लोगों द्वारा अपने कपड़े, जूते व घरेलू सामान के अलावा इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिक सामान भी दान किया जाता है।

# कांग्रेस की मंशा में साफ दिख रहा खोट: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस की मंशा में खोट साफ दिख रहा है,क्योंकि एक ओर वह कोटद्वार मे घटित घटना को तूल देने की कोशिश कर सेक्युलर होने का ढोंग कर रही है और दूसरी ओर भाजपा पर ध्रुवीकरण का हास्यास्पद आरोप लगा रही है।

कांग्रेस के आरोप पर पलटवार करते हुए चौहान ने कहा कि पूरी घटना का एकाएक घटित होना कहीं न कहीं सवाल खड़े करता है। एक छोटा मामला जिसे पूर्व मे सुलझा लिया गया था, उसकी पटकथा भी सुनियोजित तरीके से तैयार की गयी। एकाएक कांग्रेस



**■ छोटे से मामले को तूल देकर ध्रुवीकरण का आरोप हास्यास्पद**

संगठन के युवक का मौके पर आना और स्थानीय कांग्रेसियों का विवाद को सुलझाने के बजाय उसे तूल देना और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी द्वारा उसे हीरो की उपाधि से नवाजने को आखिरकार क्या समझा जाए? उन्होंने कहा कि इसमें जो वीडियो जारी हुए है उनमें यह व्यक्ति आक्रामक मुद्रा मे नजर आ रहा है। कांग्रेस इसी आक्रामकता का समर्थन कर रही है ।

चौहान ने कहा कि सीएम कानून व्यवस्था पर स्थिति साफ कर चुके हैं कि कानून से खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जायेगा। पौड़ी पुलिस मामले में कड़ी जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी हैं। किसी को भी माहौल बिगाड़ने की इजाजत नही दी जायेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन अलर्ट है और किसी के गलत मंसूबे पूरे नही होंगे।

# नारी निकेतन की संवासिनियों ने देखी फिल्म 'बॉर्डर-2'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की एक संवेदनशील पहल ने राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र ( नारी निकेतन ) की संवासिनियों के जीवन में खुशियों के रंग भर दिए।

प्रशासन द्वारा आयोजित एक विशेष पिकनिक कार्यक्रम के तहत संवासिनियों को न केवल शहर का भ्रमण कराया गया, बल्कि उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का एक आत्मीय प्रयास भी किया गया।

जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा संवासिनियों को क्रॉस रोड मॉल ले जाया गया, जहाँ उन्होंने उत्साह के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर-2' देखी। फिल्म के बाद उनके लिए एक स्थानीय होटल में विशेष लंच का आयोजन किया गया।

लंबे समय बाद बाहरी परिवेश में स्नेहपूर्ण वातावरण पाकर संवासिनियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलक रही थी।जिला प्रशासन का मानना है कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि इन महिलाओं को मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है।इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट और नारी निकेतन की अधीक्षिका सोनल राणा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा, जिन्होंने सुरक्षा और सौहार्द के साथ इस भ्रमण को संपन्न कराया।


**गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय-74/1 राजपुर रोड़, देहरादून।
E-Mail: gmvngstming@gmail.com Ph.: 2744408, 2746817, 2749308
पत्रांकः 790/दस/तीन–05 दिनांकः 04 फरवरी 2026

**अल्पकालीन ई–निविदा**

गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा जनपद देहरादून क्षेत्रान्तर्गत आवंटित एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त राजस्व लॉट कालीराव 5/1 में ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चुगान संक्रियाओं के संचालन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है। ई–निविदा में प्रतिभाग हेतु पात्रता, लॉटों का विवरण, धरोहर धनराशि, हैसियत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त करने, जमा करने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों तथा अन्य शर्तों एवं प्रतिबन्धों की जानकारी उत्तराखण्ड राज्य की अधिकृत वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** एवं प्रभारी खनन, गढवाल मण्डल विकास निगम लि0, 65 डी, राजपुर रोड,देहरादून से दिनांक **05.02.2026** से **11.02.2026 दोपहर 02.00 बजे तक** प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाता ई–निविदा डालने से पूर्व लॉट का निरीक्षण कर उपखनिज की मात्रा, क्षेत्र की स्थिति एवं निकासी मार्ग आदि की जानकारी प्राप्त कर लें।

प्रबन्ध निदेशक



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135–2763508, 2763808, फैक्सः 0135–2763507 वैबसाइटः www.ujvnl.com

सं0 97 **निविदा सूचना** दिनांक 04.02.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), रामगंगा जल विद्युत गृह, कालागढ़ (पौड़ी–गढ़वाल) इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः–

नि0सं0–14/अधि0अभि0(उत्पादन)/केएलजी/2025–26
कार्य/आपूर्ति का नामः सुरक्षा उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य।
अनुमानित लागतः–₹ 17,31,160.00 (जीएसटी अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि :05.02.2026
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 26.02.2026 16.00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं। अधिशासी अभियन्ता (उत्पा0)

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

पत्रांक–1534/दुकान आवंटन/2025–26 दि0 03.2. 2026

**पालिका सम्पत्ति/दुकान आवंटन /निविदा सूचना**

सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग क्षेत्रन्तर्गत् निम्न वर्णित दुकान को खुली बोली के आधार पर निधारित आवेदन पत्र के माधयम से आगामी 11 माह के लिये शर्तो के अधीन किराये पर दिये जाने के निमित्त दिनांक 16.02.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे समिति द्वारा आवेदनकर्ताओं के सम्मुख खुली बोली के आधार पर आवंटित की जायेगी, आवेदन पत्र नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 14.02.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। अवकाश की स्थिति में कार्यवाही अग्रिम कार्यादिवस में देखी जायेगी। दुकान आवंटन से सम्बन्धित अन्य नियम, शर्ते व विस्तृत जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को देखी जा सकती है। इस सूचना को जनपद की वेबसाईट http://rudraprayag.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | सम्पत्ति/दुकान का नाम | प्रीमियम/ सिक्योर्ड धनराशि | दुकान की माप (फीट में) | क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | निर्धारित न्यूनतम किराया प्रतिमाह (रू. में) | आवेदन शुल्क (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नया बस अड्डा निकट पंजाब नेशनल बैंक पालि. का स्वामित्व की सम्पति के द्वितीय तल पर –01 दुकान | 2,00,000/– दो लाख मात्र | 13x18 | 234 | 10,000/– दस हजार मात्र | 500+ GST | 20,000/– |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिशद रूद्रप्रयाग

अध्यक्ष
नगर पालिका परिशद रूद्रप्रयाग

### प्रेस क्लब ने हिंदी पत्रकारिता द्विशताब्दी समारोह का किया आयोजन

# भारत की आजादी में हिंदी पत्रकारिता का महत्वपूर्ण योगदान : राज्यपाल

**जन सरोकारों से जुड़ा है प्रेस क्लब : धर्मेंद्र**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब द्वारा हिंदी पत्रकारिता द्वि शताब्दी समारोह में आजादी के बाद राष्ट्र पुनः निर्माण में हिंदी पत्रकारिता विषय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। देवपुरा चौक स्थित भारत सेवाश्रम के सभागार में आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुनील दत्त पांडे द्वारा राज्यपाल की उपलब्धियों एवं अनुकरणीय योगदान से अवगत कराया। मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संजय आर्य ने किया। सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट गुरमीत सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता का सामाजिक चेतना, मूल्यों और सिद्धांतों के साथ राष्ट्रहित में परिवर्तन जीवन और राष्ट्र की प्रगति, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास के साथ भारत की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान है। हिंदी के प्रथम समाचार पत्र उदंत मार्तंड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता सामाजिक सुधार, समाज की आत्मा का दर्पण, वंचितों की आवाज, लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने पत्रकारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए वेलफेयर सेंटर एवं प्रतियोगिताओं में पत्रकारों के बच्चों को शामिल किए जाने और उनकी सुरक्षा का प्रस्ताव रखते हुए प्रेस क्लब को तीन माह के अंदर ठोस प्रस्ताव देने के लिए कहा। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार निर्मल पाठक ने कहा कि मूल्य और सिद्धांतों पर चलते हुए हिंदी पत्रकारिता 200वें वर्ष में प्रवेश कर रही है और राष्ट्र निर्माण में हिंदी पत्रकारिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अंग्रेजों की हुकूमत में हिंदी पत्रकारिता ने संघर्ष किया। हिंदी अखबार सामाजिक चेतना का माध्यम बने। निर्मल पाठक ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए सामाजिक समरसत्ता बनाए रखने में अखबारों की अच्छी भूमिका रही। 1870-75 के बाद और 1920 के आसपास आजादी के आंदोलन में अखबारों ने तेवर दिखाने शुरू किए। आजादी के लिए संघर्ष में महात्मा गांधी के आंदोलन को धार दी। सामाजिक बिखराव और चुनौतियों का सामना भी अखबारों ने किया। निर्मल पाठक ने कहा कि देश की आधी आबादी हिंदी का इस्तेमाल करती है। इसलिए हिंदी पत्रकारिता और हिंदी अखबारों की लोकप्रियता आज भी बनी हुई है। उन्होंने प्रेस क्लब को समारोह आयोजन की बधाई भी दी। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रेस क्लब जन सरोकारों से जुड़ा हुआ है। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे द्वि शताब्दी समारोह का यह द्वितीय चरण है। पांच चरणों में हिंदी पत्रकारिता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने राज्यपाल का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया। वरिष्ठ पत्रकार कौशल सिखोला, आदेश त्यागी, गोपाल रावत, शिवशंकर जायसवाल, नरेश गुप्ता, हिमांशु द्विवेदी, शिवा अग्रवाल आदि ने गंगा जली एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर राज्यपाल का स्वागत किया। शिवांग अग्रवाल एवं हिमांशु द्विवेदी ने अपनी लिखी पुस्तक राज्यपाल को भेंट की। अविक्षित रमन, रामचंद्र कनौजिया, राहुल वर्मा, रजनीकांत शुक्ला आदि ने शाल शॉल ओढ़ाकर मुख्य वक्ता निर्मल पाठक का स्वागत किया। इस दौरान महेश पारीख, सुभाष कपिल, गुलशन नैयर, काशीराम सैनी, रूपेश वालिया, महताब आलम, राव रियासत पुंडीर, मनोज खन्ना, राजेंद्र गोस्वामी, देवेंद्र शर्मा, संदीप रावत, कुलभूषण शर्मा, रविंद्र सिंह, मनोज सिरोही, सूर्यकांत बेलवाल, विकास झा, श्रवण झा, त्रिलोकचंद भट्ट, दयाशंकर वर्मा, सुदेश आर्य, राहुल वर्मा, प्रदीप गर्ग, गोपाल पटवार, लव शर्मा, पुष्पराज धीमान, अनिरुद्ध भाटी, डा. सुशील उपाध्याय, डा. योगेश योगी, डा. परविंदर कुमार, रोहित सिखौला, मुकेश वर्मा, सुनील पाल, राजकुमार, जोगिंदर मावी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। राधिका नगराथ, केके त्रिपाठी, शैलेंद्र गोदियाल, संजय चौहान, कुशलपाल चौहान, डा.शिव शंकर जायसवाल, डा. सुशील उपाध्याय, अमित शर्मा, डा. शिवा अग्रवाल, अमित गुप्ता, बालकृष्ण शास्त्री, संजीव शर्मा, संदीप शर्मा, रामेश्वर गौड़, तनवीर अली, नरेश दीवान शैली, लव शर्मा, शिवांग अग्रवाल सहित कई पत्रकारों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।







# हरिद्वार में चलेगा सात को मेगा स्वच्छता अभियान

## एक दिन एक घंटा एक साथ थीम पर होगी व्यापक सफाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** तीर्थ नगरी हरिद्वार को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श जनपद बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी 7 फरवरी को जनपदभर में मेगा सफाई अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान "एक दिन एक घंटा एक साथ" की थीम पर आयोजित होगा, जिसमें सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम जनमानस की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मेगा स्वच्छता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को केवल औपचारिकता न मानते हुए इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाए, ताकि स्वच्छता का संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचे और स्थायी बदलाव देखने को मिले। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों, कार्यालय परिसरों, कार्य स्थलों तथा उनके अधीन संचालित संस्थानों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद की सभी 318 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई को लेकर जागरूकता बढ़े। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडलों, जनप्रतिनिधियों और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि तीर्थ नगरी होने के कारण हरिद्वार की स्वच्छता का सीधा संदेश देश-विदेश तक जाता है, इसलिए यहां विशेष सतर्कता और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, महिला मंगल दलों, युवक मंगल दलों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा अन्य संबंधित विभागों से भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि हरिद्वार को एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श जनपद के रूप में देश के सामने प्रस्तुत किया जाए और यह सपना तभी साकार होगा जब जनभागीदारी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि 7 फरवरी को एक दिन, एक घंटे के लिए सभी लोग अपने आसपास सफाई कर इस अभियान का हिस्सा बनें। सामाजिक संगठन, धार्मिक संस्थाएं, व्यापार मंडल, जनप्रतिनिधि और गैर-सरकारी संस्थाएं यदि एकजुट होकर कार्य करें तो हरिद्वार को देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर जनपद बनाया जा सकता है। बैठक में मुख्य नगर आयुक्त हरिद्वार नंदन कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद सेठ, मुख्य नगर आयुक्त रुड़की राकेश चंद्र तिवारी, उप जिलाधिकारी रुड़की अनिल कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, नोडल स्वजल चंद्रकांत मणि त्रिपाठी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोटद्वार के दीपक के समर्थन में सामाजिक संगठनों का प्रदर्शन, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोटद्वार निवासी दीपक और उनके साथियों पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमों के विरोध में हरिद्वार के विभिन्न सामाजिक व क्रांतिकारी संगठनों ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार के माध्यम से माननीय राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर दीपक व उनके साथियों पर लगाए गए मुकदमे तत्काल वापस लेने तथा कथित गुंडागर्दी में शामिल बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए इंकलाबी मजदूर केंद्र के पंकज कुमार ने कहा कि भाजपा-आरएसएस से जुड़े संगठनों की खुलेआम गुंडागर्दी से समाज में सांप्रदायिक सौहार्द लगातार बिगड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन द्वारा समय रहते हस्तक्षेप न करने और अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त



कार्रवाई न करने से ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के नासिर अहमद ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में उत्तराखंड पुलिस का रवैया बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कानून के बजाय पुलिस पर संघ-भाजपा का दबाव दिखाई दे रहा है। बजरंग दल के कार्यकर्ता पुलिस की मौजूदगी में खुलेआम उत्पात मचाते और भड़काऊ नारे लगाते रहे, लेकिन पुलिस ने न तो तत्काल कार्रवाई की और न ही स्पष्ट रूप से पहचाने गए आरोपियों की गिरफ्तारी की। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग वकील अहमद की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी न होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। जन अधिकार संगठन के कामरेड ओमपाल ने आरोप लगाया कि संघ-भाजपा उत्तराखंड को योजनाबद्ध तरीके से हिंदुत्व की नई प्रयोगशाला बनाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी, रुद्रपुर, पुरौला, रामनगर, नैनीताल और अब कोटद्वार में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। भेल मजदूर ट्रेड यूनियन के अवधेश कुमार ने कहा कि कभी लव जिहाद, कभी लैंड जिहाद, यूसीसी और एसआईआर जैसे मुद्दों के नाम पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है, जो समाज को बांटने की राजनीति का हिस्सा है। किर्बी श्रमिक कमेटी के प्रधान विजेन्द्र ने कहा कि समाज के सभी न्यायप्रिय लोग दीपक के साहसिक कदम के साथ खड़े हैं और उनके समर्थन में संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में जय प्रकाश, भूपाल, नीता, कामरेड विश्वजीत, मोहम्मद जौक, इंतजार, राजकिशोर तथा सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट रूपचंद आजाद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मंगलवार रात खड़खड़ी चौकी पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। जम्मू वाली धर्मशाला के पास पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में प्लास्टिक का कट्टा ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे प्रताप भवन गेट के पास दबोच लिया। कट्टे की तलाशी लेने पर उसके भीतर से 27 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम निशू शर्मा उर्फ बिजली निवासी बिजनौर (यूपी) बताया वर्तमान में भीमगौड़ा के एक भोजनालय में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में किया है।

## राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन का स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विश्व हिन्दू परिषद ने उत्तराखण्ड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन करने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है। विहिप उत्तराखण्ड के प्रांत अध्यक्ष रविदेव आनंद ने उत्तराखण्ड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन तथा राज्य में शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अल्पसंख्यक छात्रों के लिए सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्राधिकरण का गठन एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह निर्णय राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक न्याय, समान अवसर और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उत्तराखण्ड में अब शिक्षा का आधार राष्ट्रीय पाठ्यक्रम, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और समान नागरिक अवसर होंगे। शिक्षा किसी भी समाज के भविष्य की नींव होती है। जब सभी समुदायों के बच्चे एक समान राष्ट्रीय पाठ्यक्रम पढ़ेंगे तो उन्हें आधुनिक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे अल्पसंख्यक समाज के बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित होगा और वे देश के विकास में सक्रिय भागीदार बनेंगे। रविदेव आनंद ने कहा कि अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण में विभिन्न शिक्षाविदों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मिलित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए गंभीर है। उत्तराखण्ड सरकार का यह कदम किसी समुदाय के विरुद्ध नहीं वरन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के पक्ष में है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परंपरागत सीमाओं में बंधना नहीं अपितु छात्रों को राष्ट्र की प्रगति से जोड़ना है। सरकार का निर्णय सामाजिक समरसता, समान शिक्षा और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत पहल है।

# पुण्यतिथि पर संत समाज ने दी साकेतवासी स्वामी हंसदेवाचार्य को श्रद्धांजलि

## त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे स्वामी हंसदेवाचार्य : श्रीमहंत ज्ञानदेव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** साकेतवासी श्रीमज्जदगुरू रामानन्दाचार्य स्वामी हंसदेवाचार्य महाराज की सातवीं पुण्यतिथी पर सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भीमगोड़ा स्थित स्वामी जगन्नाथ धाम ट्रस्ट में महामंडलेश्वर स्वामी अरूण दास महाराज के संयोजन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह ने कहा कि साकेतवासी स्वामी हंसदेवाचार्य त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। सनातन धर्म संस्कृति के उन्नयन और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण आंदोलन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके परम् शिष्य महामंडलेश्वर स्वामी अरूण दास



जिस प्रकार अपनी गुरू परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। उससे सभी युवा संतों को प्रेरणा लेनी चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि परमार्थ के लिए जीवन समर्पित करने वाले संत केवल शरीर त्यागते हैं। उनकी आत्मा सदैव समाज का मार्गदर्शन करती है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानंद ने कहा कि साकेतवासी स्वामी हंसदेवाचार्य महान आत्मा थे। संत समाज और भक्तों की स्मृतियों में व सदैव जीवंत रहेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी अरूण दास ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरू ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप हैं। वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में साकेतवासी स्वामी हंसदेवाचार्य जैसे प्रखर संत का सानिध्य प्राप्त हुआ। पूज्य गुरूदेव के दिखाए मार्ग और उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए समाज में धर्म और अध्यात्म का प्रचार प्रसार करना ही उनका उद्देश्य है। श्रद्धांजलि सभा का संचालन स्वामी रविदेव शास्त्री ने किया। आश्रम के ट्रस्टियों ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महंत जसविंदर सिंह, महंत जयराम दास, महंत रामनौमी दास, महंत विष्णु दास, महंत रघुवीर दास, महंत ईश्वर दास, महंत नारायण दास पटवारी, महंत प्रकाशानंद, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, स्वामी दिनेश दास, महंत प्रबोधानंद गिरी, महंत राघवेंद्र दास, महंत निर्भय सिंह सहित बड़ी संख्या में संत व श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

## दो वारंटी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने हिमांशु ठाकुर निवासी हिल बाईपास और रोशन कुमार निवासी दुर्गानगर भूपतवाला को अलग-अलग स्थानों से दबोचा। दोनों आरोपी काफी समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। पुलिस टीम में उ0नि0 ब्रहमदत्त बिजलवाण, अ0उ0नि0 दीपक ध्यानी, कानि0 राहुल धनिक, राकेश नेगी शामिल रहे।

## हुड़दंग कर रहे युवक को दबोचा

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने टिबड़ी कॉलोनी में पड़ोसियों के साथ झगड़ा और हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपुर कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि कॉलोनी में एक युवक मारपीट कर रहा है। मौके पर पहुँची रानीपुर पुलिस ने मारपी व हुडदंग कर रहे आरोपी जतिन उर्फ मन्नू को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस के सामने ही हुड़दंग करने लगा। इस दौरान पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपी को संबंधित धारा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कां. दिग्पाल,का होमगार्ड मुकेश कुमार शामिल रहे।

## पुलिस ने तीन वारंटियों को दबोचा

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दबिश देकर अमीर उर्फ बच्ची निवासी मैदानियान, आशुतोष और हैदर निवासी मोहल्ला कोटरावान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चोरी और अन्य अपराधों से जुड़े मामलों में न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक प्रताप दत्त शर्मा, कां. रवि कुमार, का. सतवीर, कां. महावीर, कां. रविंद्र चौहान शामिल रहे।

### वार्ड 44 में किया सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

# सड़क बनने से वार्ड के लोगों को मिलेगी सुविधा : अहसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को वार्ड की आनन्द विहार कालोनी में सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। स्थानीय लोगों के साथ फीता काटकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए वार्ड पार्षद अहसान अंसारी ने बताया कि सीसी सड़क निर्माण से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। आनन्द विहार कॉलोनी में पूर्व में कच्ची और क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी रहती थी, जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नई सीसी सड़क के निर्माण से न केवल सड़क की मजबूती



बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र की साफ-सफाई और सुंदरता में भी सुधार होगा। पार्षद अहसान अंसारी ने निर्माण कार्य को तय समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया। स्थानीय निवासियों ने वार्ड पार्षद अहसान अंसारी का आभार जताया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार वार्ड के अन्य क्षेत्रों में विकास कार्य निरंतर होते रहेंगे। इस अवसर पर रिटायर्ड दरोगा अर्जुन लाल, सतीश, जाफिर अंसारी, दानिश अंसारी, अखिल कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## काम पर गई किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित विष्णुलोक कॉलोनी से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विष्णुलोक कॉलोनी निवासी रामशरण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री शगुन ज्वालापुर स्थित एक डेंटल क्लीनिक में काम करती है। सोमवार, 2 फरवरी को वह हमेशा की तरह काम पर गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपनी रिश्तेदारी और जान-पहचान के लोगों के यहाँ उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। रानीपुर कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस टीम ने किशोरी की तलाश में जुट गई है। कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज के जरिए भी जानकारी जुटाई जा रही है। जल्दी ही किशोरी को ढूंढ लिया जाएगा।

## दो किलो गांजे के साथ तस्कर दबोचा

**हरिद्वार।** ज्वालापुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को यह बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार को पुलिस टीम लाल पुल के पास नहर पटरी पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई, उसके पास से 2.240 किलोग्राम गांजा मिला है। कोतवाली लाकर पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम महिपाल निवासी बिजनौर हालात थाना सिडकुल क्षेत्र के रावली महदूद में रह रहा है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

पुलिस टीम में रेल चौकी प्रभारी, समीप पाण्डेय, हें.कां. हिमेश चन्द्र, कां. दीपक चौहान शामिल रहे।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को राजस्थान से किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के चंगुल से नाबालिग को सकुशल बरामद करने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट धाराओं की भी बढ़ोतरी की गई है। बहादराबाद थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि बीते 20 जनवरी को बहादराबाद क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 14 साल की पुत्री को संजय निवासी सीतापुर उत्तर प्रदेश नाम का युवक अपहरण कर ले गया है। मामला नाबालिक से जुड़ा होने के चलते एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सीआईयू की मदद और सर्विलांस के जरिए आरोपी का पीछा करते हुए। मंगलवार को पुलिस ने राजस्थान के नीमराना जिला कोटपुतली-बहरोड़ में दबिश देकर आरोपी संजय को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से नाबालिग को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में तथ्यों के आधार पर पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस ने आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में कस्बा चौकी प्रभारी अमित नौटियाल, महिला उपनिरीक्षक ज्योति नेगी, कां. बलवंत सिंह, नितुल यादव, सीआईयू वसीम शामिल रहे।

### नगर निगम हरिद्वार की ऐतिहासिक पहल

# सामाजिक समरसता की मिसाल बनीं ब्रांड एम्बेसडर सोनिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वच्छता के संकल्प को हरिद्वार के प्रत्येक द्वार तक पहुँचाने के लिए नगर निगम ने एक अत्यंत गौरवशाली और समावेशी निर्णय लिया है। नगर निगम हरिद्वार ने किन्नर समाज की प्रतिनिधि सोनिया को अपना स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। उत्तराखंड के इतिहास में पहली बार ट्रांसजेंडर समुदाय के किसी सदस्य को इतनी महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अनूठी पहल के माध्यम से किन्नर समाज अब धर्मनगरी में स्वच्छता की अलख जगाएगा। ब्रांड एम्बेसडर सोनिया और उनके साथी सदस्य घर-घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को गीले



और सूखे कचरे के पृथक्करण के महत्व को समझाना और दो डस्टबिन की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। समाज के हर वर्ग को सम्मानजनक स्थान देकर ही वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है। ट्रांसजेंडर समुदाय की भागीदारी से समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा और स्वच्छता अभियान को एक नई ऊर्जा और दृष्टिकोण मिलेगा। नगर निगम हरिद्वार के आयुक्त नंदन कुमार ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक जिम्मेदारी है। समाज के हर वर्ग को सम्मानजनक स्थान देकर ही हम वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। ट्रांसजेंडर समुदाय की इस भागीदारी से समाज में न केवल सकारात्मक संदेश जाएगा, बल्कि हमारे स्वच्छता अभियान को एक नई ऊर्जा और दृष्टिकोण भी मिलेगा। ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त होने पर सोनिया ने कहा कि यह पूरे समाज के लिए गौरव का क्षण है। किन्नर समाज सदैव से ही सामाजिक उत्सवों और सरोकारों का हिस्सा रहा है, और अब स्वच्छ हरिद्वार के निर्माण में सक्रिय और समर्पित भूमिका निभाएगा।

## पुलिस ने सटोरिया दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जुआ और सट्टा माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सराय झण्डा चौक पर छापेमारी करते हुए पुलिस ने गुलफाम निवासी मोहल्ला पावधोई को सट्टा पर्ची और डायरी के साथ रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के पास से 1160 रुपये की नकदी भी बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल अरुण कोटनाला,का दिनेश कुमार शामिल रहे।

**दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड**
**The Kurmanchal Nagar Sahkari Bank Ltd.**
(Regd. Office : NAINITAL) KURMANCHAL BHAWAN Tallital, Nainital-263002 Phone:-236574, 231525

**बैंक शाखा हेतु परिसर की आवश्यकता है**

दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड, प्रधान कार्यालय नैनीताल, को अपनी मौजूदा शाखा ज्वालापुर (हरिद्वार) हेतु लगभग 1000-1200 वर्ग फीट के तैयार/निर्माणाधीन वाणिज्यिक परिसर की आवश्यक्ता है, जो स्थानीय विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र के अनुसार निर्मित/निर्माणाधीन हो।

आवश्यक सुविधाएं – पार्किंग, जनरेटर हेतु स्थान, पर्याप्त बिजली एवं जल आपूर्ति।

इच्छुक व्यक्ति/भवन स्वामी अपना प्रस्ताव पूर्ण विवरण व साक्ष्यों सहित 13.02.2026, सायं 5:00 बजे तक बैंक के प्रधान कार्यालय अथवा वर्तमान शाखा ज्वालापुर (हरिद्वार) में सीलबंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं बैंक को प्रस्ताव स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

सचिव/मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड, नैनीताल Phone: 05942-236574, 231525
Visit us at www.kurmanchalbank.bank.in

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# बौराड़ी के छात्रों ने कैनवास पर उकेरे सड़क सुरक्षा के संदेश

- चित्रों के माध्यम से यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया साहिल ने मारी बाजी और समर रहे दूसरे स्थान पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने और आम जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने एक सराहनीय पहल की है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान-2026 की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए परिवहन विभाग ने राजकीय प्रताप इंटर कॉलेज बौराड़ी में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय स्कूली छात्र-छात्राओं को बाल्यकाल से ही सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना था। विभाग का मानना है कि बच्चे यातायात जागरूकता के सबसे सशक्त माध्यम हैं जो अपने परिवार और समाज को प्रेरित कर सकते हैं।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ प्रतिभाग किया। नन्हें कलाकारों ने अपनी तूलिका और रंगों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के गंभीर विषयों को कैनवास पर उतारा। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों में हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, तेज रफ्तार से होने वाले जानलेवा हादसों के दुष्परिणाम, जेब्रा क्रॉसिंग और विभिन्न यातायात संकेतों के पालन जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। छात्रों की रचनात्मकता और विषय के प्रति उनकी गहरी समझ को देखकर वहां मौजूद अधिकारी और शिक्षक भी दंग रह गए।

प्रतियोगिता के समापन के बाद निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं की घोषणा की गई। इसमें अपनी उत्कृष्ट कलाकारी और सटीक संदेश के लिए साहिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समर ने द्वितीय और प्रवेश ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिवहन विभाग की ओर से विजेता छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी नियमों का पालन करना भर नहीं है, बल्कि यह अनमोल मानव जीवन की रक्षा का एक माध्यम है। इस जागरूकता कार्यक्रम में परिवहन विभाग की ओर से संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) नीलेश मजुमदार, इंटरसेप्टर प्रभारी नरेंद्र मियां, परिवहन सहायक निरीक्षक नवीन गोस्वामी, अर्जुन सिंह और परिवहन आरक्षी रोहन सजवाण ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य सुरेश कुमार उनियाल और समस्त अध्यापकगण व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सड़क सुरक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

# बजट की जानकारी प्रत्येक महिला तक पहुंचाएं: विनीता रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** भाजपा भाजपा की गढ़वाल सह संयोजक विनीता रावत ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नवीं बार बजट पेश करने पर बधाई दी है। उन्होंने एक महिला वित्त मंत्री का सबसे अधिक मर्तबा देश का बजट पेश करना प्रत्येक मातृशक्ति के लिए गौरवान्वित करने वाला है। साथ ही केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट महिलाओं, युवाओं और पहाड़ी राज्यों की आकांक्षाओं को समझने वाला दूरदर्शी बजट है, जो विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है।

बुधवार को भाजपा की गढ़वाल सह संयोजक विनीता रावत ने भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के



निर्देशानुसार प्रतेयक जनपद में महिला मोर्चा की ओर से दो स्थान पर महिला चोपाल तथा एक स्थान पर महिला संवाद कार्यक्रम की शुरुआत यमनोत्री विधानसभा क्षेत्र से किया।उन्होंने कहा कि यह बजट महिलाओं को केवल कल्याण योजनाओं तक सीमित न रखकर उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता और नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने की स्पष्ट मंशा दर्शाता है। बजट में महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता, उच्च शिक्षा में छात्रों की भागीदारी, सुरक्षित कार्यस्थल और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे उत्तराखंड की महिला स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आजीविका के नए अवसर सृजित कर सकेंगी।ैज्म्ड शिक्षा, छात्रावास और शोध सुविधाओं से बेटियों को आगे बढ़ाने का मजबूत आधार मिलेगा।

# बछेलीखाल पॉलिटेक्निक में महादान के लिए उमड़े छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय पॉलिटेक्निक बछेलीखाल में बुधवार को मानवता की सेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली। संस्थान परिसर में हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट के सहयोग से एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर के दौरान युवाओं और शिक्षकों के उत्साहपूर्ण योगदान से कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो भविष्य में कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा करने में सहायक सिद्ध होगा। रक्तदान जीवनदान के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने युवाओं में परोपकार की भावना को और प्रबल किया है।शिविर का विधिवत शुभारंभ संस्थान की प्रधानाचार्या नर्मदा सिंह और हिमालयन हॉस्पिटल के जनसंपर्क अधिकारी सुधीर जोशी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर संस्थान के वातावरण में एक अलग ही ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। न केवल संस्थान के विद्यार्थी बल्कि आसपास के स्थानीय युवाओं ने भी इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान रक्तदाताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मेडिकल टीम ने प्रत्येक रक्तदाता की गहन स्वास्थ्य जांच करने के बाद ही रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई, ताकि रक्तदाता और रक्त प्राप्तकर्ता दोनों सुरक्षित रह सकें।

# विकासनगर में ज्यूरिसजेनिक्स का कानूनी सुविधा केंद्र शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** देहरादून जनपद के विकासनगर क्षेत्र के चिरंजीपुर में ज्यूरिजेनिक्स द्वारा स्थापित कानूनी सुविधा केंद्र का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में लॉ एण्ड जस्टिस सोसाइटी के सदस्य कृष्णकांत ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सीएमएस टीम, नई दिल्ली से रोहित कुमार, ज्यूरिसजेनिक्स की टीम के सदस्य तथा दिवप्री इंडिया फाउंडेशन के सदस्य भी समारोह में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि लॉ एण्ड जस्टिस सोसाइटी के सदस्य कृष्णकांत ने कहा कि इस कानूनी सुविधा केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और वादकारियों को न्याय



प्रणाली से जोड़ना तथा कानूनी प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे केंद्र छोटे शहरों और कस्बों में न्यायिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नागरिकों को सही दिशा देने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में यह भी घोषणा की गई कि विपिन मैसी एवं प्रिंसी डेविड इस कानूनी सुविधा केंद्र की देखरेख एवं संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे। वे नागरिकों, वादकारियों तथा ज्यूरिसजेनिक्स एवं लॉ एण्ड जस्टिस सोसाइटी द्वारा प्रदान की जाने वाली विधिक सेवाओं के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेंगे, ताकि लोगों को सही मंच पर प्रभावी कानूनी सहायता मिल सके। इस अवसर पर विपिन मैसी एवं प्रिंसी डेविड को लॉ एण्ड जस्टिस सोसायटी के सदस्य कृष्णकांत द्वारा विधिवत प्राधिकरण पत्र भी प्रदान किए गए। कानूनी सुविधा केंद्र के माध्यम से अब क्षेत्रीय नागरिकों को कानूनी परामर्श, केस गाइडेंस, दस्तावेजी सहायता, विधिक प्रक्रिया की जानकारी तथा उच्च स्तर की रणनीतिक कानूनी सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी।

उद्घाटन समारोह के दौरान लॉ एण्ड जस्टिस सोसायटी के सदस्य कृष्णकांत के कार्यालय की ओर से प्रियांशु, निशा और रोहित कुमार एवं विपिन मैसी, प्रिंसी डेविड और एडवोकेट संजय सैमुअल, दिवप्री इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष दिव्यांशु आदि और चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया की ओर रेवरेंड विशाल चरण समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### सहसपुर विधायक ने स्थानीय लोगों की जनसमस्याओं को सुना

**विकासनगर।** सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राघव विहार, ट्यूबवेल रोड एवं अलकनंदा एनक्लेव में क्षेत्रवासियों को हो रही समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक का आयोजन किया। बैठक में स्थानीय लोगों ने पानी, बिजली, सड़क एवं अन्य जनसमस्याओं को विधायक के समक्ष रखा, जिन्हें विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में सिंचाई विभाग के संजीव कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग के एई प्रवीण सक्सेना, जेई निर्मल कुमार, विद्युत विभाग के एसडीओ कमल सिंह, जेई पूजा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र राहत मिल सके। कार्यक्रम में पार्षद अनिल नौटियाल, दर्शन सिंह रावत, हंसा धामी, राधा तिवारी, के. एस. धामी, बलवंत रावत, संजना गुंसाई सहित अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### विधायक ने जरूरतमंदों को चेक किए वितरित

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत अपने कैम्प कार्यालय सुद्धोवाला में विभिन्न क्षेत्रों से आए जरूरतमंद लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष के चेकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्तियों तक सरकारी सहायता पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और आगे भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कहा बीमारी के उपचार, पुत्री के विवाह, विधवा एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से समय-समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

### एकेडमी में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

**विकासनगर।** ग्राम कुंजा स्थित एएआर रिवर डेल्स एकेडमी में अभिनव भारत चेरिटेबल ट्रस्ट की इकाई उन्मुक्त भारत के माध्यम से राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक बनकर अपना और देश का भविष्य बनाने का संदेश दिया। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को डॉ. रविंद्र सैनी और रघुनाथ सैनी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा बचपन से ही मातृभूमि के प्रति अपार प्रेम की भावना प्रत्येक बालक के मन में होनी चाहिए। उन्हें माता-पिता, सैनिकों और देश के महापुरुषों का सम्मान करना चाहिए। इसके अतिरिक्त रक्तदान, पौधरोपण करने और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश गुप्ता, विद्यालय के प्रबंधक मोहित यादव, प्रधानाचार्य नजमा, अंकुश सरोय, कशिश, धीरज कुमार, रोज मेरी, इरम, ईशा आदि उपस्थित रहे।

# जुआ मक्त गांव की दिशा में बड़ा कदम

- सीडी बरकोटी पंचायत ने तय किया 50 हजार रुपये जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीडी बरकोटी ने सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक कड़ा और सराहनीय निर्णय लिया है। पंचायत की हाल ही में आयोजित खुली ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि गांव या उसके आसपास जुआ खेलते हुए पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति पर 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बीते कुछ समय से गांव के आसपास के क्षेत्रों में जुआ खेलने की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं, जिससे न केवल गांव का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा था, बल्कि युवाओं और परिवारों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। इसी को देखते हुए गांव स्तर पर आपसी विचार-विमर्श के बाद सामूहिक बैठक आयोजित की गई।ग्राम प्रधान सुभाष जोशी ने बताया कि जुआ एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो परिवारों को आर्थिक रूप से कमजोर करने के साथ-साथ आपसी रिश्तों और सामाजिक सौहार्द को भी नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि गांव के उज्ज्वल भविष्य और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कठोर निर्णय लेना आवश्यक हो गया था। ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे सख्ती से लागू करने का संकल्प लिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जवाहर सिंह सियाणा, जगत सिंह बरकोटी, मानसिंह, केदार सिंह, आनंद सिंह, किशन सिंह बरकोटी, रमेश चौहान, प्रदीप सिंह, अर्जुन सिंह, नारायण सिंह बरकोटी, विनोद बरकोटी, रणवीर सिंह सियाणा, बलबीर सिंह बरकोटी, शूरवीर सिंह बरकोटी, हुकम सिंह, रविंद्र, विक्रम सिंह, मुसद्दीलाल सहित पूर्व ग्राम प्रधान गजेंद्र और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एचएमआईएस के स्कैन एंड शेयर को लेकर वर्चुअल कार्यशाला

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून:** आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) की व्यवस्थाएं प्राथमिकता से लागू हों इसे लेकर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की ओर से सरकारी व निजी चिकित्सा संस्थानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बुद्धवार को प्रदेश के सभी निजी चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधियों को वर्चुअली प्रशिक्षण देते हुए एबीडीएम की प्रबंधक प्रज्ञा पालिवाल ने कहा कि राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी के निर्देशों पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को एचएमआईएस के अंतर्गत डिजिटाइज कर संचालित किया जाना है।

इसमें लाभार्थियों की सुविधा के लिए स्कैन एंड शेयर को अनिवार्य रूप से फॉलो कराना है। गढ़वाल मंडल व कुमाउं मंडल की सभी सरकारी चिकित्सा ईकाइयों को एचएमआईएस का प्रशिक्षण पूर्व में दिया जा चुका है।उन्होंने पीपीटी के जरिए एचएमआईएस की जानकारियों को विस्तार से अस्पताल प्रतिनिधियों से साझा किया। साथ ही आभा आईडी के जरिए अस्पतालों में पर्ची बनाने के लिए लगने वाली लाइनों से छुटकारा, हेल्थ रिकार्ड को डिजिटली सुरक्षित रखने आदि के बारे में बताया।

# सनातन संस्कृति ने दिया विश्व को मानवता का संदेश:कंडारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन उपलक्ष्य में देवप्रयाग स्थित ऐतिहासिक श्री रघुनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को एक भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री रघुनाथ सनातन धर्म समिति के तत्वावधान में आयोजित इस विशाल सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म की व्यापकता और विश्व बंधुत्व की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। इस धार्मिक महाकुंभ में वक्ताओं ने हिंदू धर्म की सहिष्णुता, प्राचीन परंपराओं और समाज को एक सूत्र में पिरोने की शक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ और जयघोषों ने वातावरण को पूरी तरह से धर्ममय बना दिया।

सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ श्री रघुनाथ कीर्ति संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर के बटुकों द्वारा स्वस्ति वाचन और योगासन के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए गढ़वाली लोक नृत्य और पारंपरिक लोक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वहां उपस्थित अपार जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी ने अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश दिया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने श्रद्धालुओं को हिंदू धर्मग्रंथ वितरित किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ने सदैव संपूर्ण विश्व को मानवता, निस्वार्थ सेवा और आपसी सद्भाव का संदेश दिया है, जिसे आज के दौर में आत्मसात करने की महती आवश्यकता है।

सम्मेलन में वक्ता रक्षा रतूड़ी ने वर्तमान दौर में समाज में तेजी से टूटती संयुक्त परिवार व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में हम अपने मूल संस्कारों को भूल रहे हैं, इसलिए पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी मांग है। वहीं, संघ के प्रांत पर्यावरण प्रचारक चंदन कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की अविराम सेवा यात्रा, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान का विस्तार से वर्णन किया। संत विशुद्धानंद ने उपस्थित जनमानस को हिंदू धर्म के नैतिक आचरण, कर्म सिद्धांत और उच्च जीवन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। इस गरिमामयी अवसर पर समाज सेवा, कला और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित भी किया गया। इसमें प्रसिद्ध कलाकार दिवाकर ठाकुर, पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित गोग्रीन संस्था के उपाध्यक्ष जय प्रकाश ध्यानी और विद्या मंदिर इंटर कॉलेज देवप्रयाग की मेधावी छात्रा वैष्णवी कोटियाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रचारक संतोष पंत, समिति के सह-संयोजक श्याम पंचपुरी, रजनीश मोतीलाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद टोडरिया, सचिव रेखा भट्ट, अतुल जागीरदार, अतुल जोशी, सुचिता असवाल, बीएस रावत, शशि ध्यानी, राजेश पंचपुरी, सुरेशचंद्र शर्मा, पंकज पांडेय, शिवमूर्ति संपत, जिला कार्यवाह महेंद्र बंगवाल और नगर प्रचारक अशोक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सेपियंस विद्यालय के विद्यार्थियों ने जूडो में किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय विकासनगर के छात्र छात्राओं ने 'मुख्यमंत्री चौंपियंस ट्रॉफी' 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन 31 जनवरी से 2 फरवरी 2026 को देहरादून के मल्टीपरपस हॉल, आमवाला खेल परिसर में किया गया, जिसमें सेपियंस स्कूल विकासनगर के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें पहचान मिली और भविष्य के लिए प्रेरणा मिली, क्योंकि यह ट्रॉफी जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को



निखारती है और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करती है।

प्रतियोगिता में लक्की रावत रजत पदक एवं 1200 रुपये नकद, तन्वी पंवार रजत पदक एवं 1200 रुपए नकद, आदित्य क्षेत्री कांस्य पदक एवं 900 रुपये नकद, साथ ही विंटर ट्रेक सूट, समर शॉट्स, टी शर्ट, शॉक्स, शूज भी पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सहित प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, विद्यालय प्रशासिका बेबी राठौर, स्कूल ऐकेडेमिक प्रमोटर नंदी बिष्ट, अश्विनी कुमार, सुमालती उनियाल तथा समस्त अध्यापकों ने प्रशिक्षक बीएस राय, सतीश चौहान, सूरज चौहान संजय चौहान तथा प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# सीनियर डिविजन के कैडेट्स को दी गई विदाई पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर में एनसीसी की सीनियर डिवीजन के कैडेट्स को एनसीसी के जूनियर डिवीजन के कैडेट्स द्वारा फेयरवेल पार्टी दी गई।



एनसीसी कैडेट्स द्वारा गढ़वाली जौनसारी और पंजाबी गानों पर सुंदर नृत्य भी किया गया एनसीसी सीनियर डवीजन के गर्ल्स कैडेट्स द्वारा केट्स वॉक भी किया गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला, एनसीसी के एएनओ शिव प्रसाद नौटियाल, दीपक रावत और कमलेश सिलोड़ी द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पण कर किया गया किया। कार्यक्रम के तहत एनसीसी के कैडेट्स को पुरस्कृत भी किया गया एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट्स को जूनियर कैडेट्स ने मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर एनसीसी सीनियर कैडेट्स मैं से रोहन चौहान को मिस्टर फेयरवेल और प्रीतिका जोशी को मिस फेयरवेल से भी सम्मानित किया गया।. इस अवसर पर सभी एनसीसी कैडेट लक्की चौहान, रोहन चौहान, आदित्य, आदेश आयुष, शुभम, श्रीनाथ, प्रीतिका, प्राची, अंजलि, मानवी, पूजा, खुशी, हिमांशी, रचना, अनुराग, कृष्णा, अंशुमान, आर्यन थापा, ललित, अंकुश शेखर, निशांत, हितेश, अतुल, और सभी आचार्य अवधेश तपेंद्र कमलेश, कालिका, दीपक, पंकज, अनिल, दिवाकर, फकीर, धन सिंह, विशाल, मुकेश, पूजा, शिवानी, रिंकी, मंजू, इशु, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

# रौणद रमोली में जन आशीर्वाद यात्रा को मिला व्यापक समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रताप नगर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जन सरोकारों को लेकर शुरू की गई जन आशीर्वाद यात्रा अब पट्टी उपली रमोली से होते हुए पट्टी रौणद रमोली पहुंच चुकी है। इस अभियान के तहत पूर्व प्रमुख प्रदीप रमोला ने क्षेत्र के रावतगांव, पनियाला, नाग गैरी ब्राह्मणों की, बागी खतपाली और भैंतला सहित विभिन्न गांवों का सघन भ्रमण किया। उन्होंने घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर निकट भविष्य के लिए उनका आशीर्वाद और सहयोग मांगा। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा।



रौणद रमोली क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होकर गुजरने पर जन आशीर्वाद यात्रा का भैंतलाखाल पहुंचने पर स्थानीय निवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में उमड़े लोगों ने पूर्व प्रमुख को अपना पूर्ण जन समर्थन देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जनसंपर्क के दौरान प्रदीप रमोला ने ग्रामीणों को प्रमुख धार्मिक स्थलों के चित्रों से सुसज्जित कैलेंडर भेंट किए। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और आम जनता की आकांक्षाओं को गहराई से समझना और उनके समाधान के लिए संकल्प लेना है।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रमुख ने क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टिहरी बांध बनने के बाद प्रताप नगर क्षेत्र विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के लोग पलायन करने को मजबूर हैं। पलायन की वजह से न केवल गांव खाली हो रहे हैं, बल्कि खेती, किसानी और बागवानी के लिए उपयुक्त उपजाऊ भूमि भी बंजर होती जा रही है, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में उनका यह प्रयास रहेगा कि यात्रा के दौरान जो भी समस्याएं जनभावनाओं के अनुरूप सामने आ रही हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। इस अभियान में उनके साथ कपिल जोशी, डॉक्टर संदीप कलूडा, मुकेश कलूडा, सोनू कंडियाल, जगदीश सोनी, मोहन लाल शाह, संदीप सिंह, चंद्रमोहन, लक्ष्मण सिंह और भजन सिंह सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# युवाओं व विभागों में बेहतर समन्वय की जरूरत: धामी



■ सीएम की अध्यक्षता में कौशल विकास व फॉरवर्ड लिंकेज पर समीक्षा बैठक आयोजित

■ युवाओं को मांग आधारित कौशल, सुनिश्चित रोजगार और बेहतर वेतन दिलाने पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में कौशल विकास के अंतर्गत अब तक की कार्य प्रगति तथा स्किल प्राप्त युवाओं को फॉरवर्ड लिंकेज से जोड़ने के संबंध में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर नाई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री, कारपेंटर जैसे दैनिक कार्यों के लिए कुशल श्रमिक आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाते, वहीं दूसरी ओर अनेक युवा जो आईटीआई से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं वे रोजगार की आकांक्षा में रहते हैं। उन्होंने तकनीकी, शिक्षा, कौशल और अन्य संबंधित विभागों के बेहतर समन्वय से इस विरोधाभास को दूर करने के निर्देश दिए।

बैठक में इस तथ्य पर गहन चर्चा हुई कि राज्य में आईटीआई व तकनीकी संस्थानों तथा प्रशिक्षित युवाओं की संख्या बढ़ने के बावजूद उद्योगों में उनकी प्लेसमेंट और संतोषजनक वेतन क्यों नहीं मिल पा रहा है। **स्मार्ट मानव संसाधन पर फोकस, उद्योग मांग के अनुरूप पाठ्यक्रम:** बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि केवल स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बल्कि स्मार्ट मानव संसाधन तैयार करना प्राथमिकता होगी। उद्योगों और भविष्य की तकनीकी मांग के अनुरूप रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम, प्रशिक्षित ट्रेनर-शिक्षक और आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों को अपग्रेड करने पर जोर देने को कहा।

**ट्रेनिंग के साथ रोजगार सुनिश्चित, पाठ्यक्रमों की हो सतत समीक्षा:** निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण के लिए चयन होते ही युवाओं को रोजगार प्रदाता संस्थानों से टैग किया जाए, ताकि ट्रेनिंग के दौरान ही जॉब सिक्योरिटी सुनिश्चित हो।

**विदेशों में रोजगार, पारदर्शी भर्ती और न्यायिक प्रकरणों पर निर्देश:** विदेशों में स्वरोजगार/रोजगार के अवसरों के लिए चयनित किए जाने वाले युवाओं को भारत सरकार की विभिन्न देशों के अनुरूप प्रबंधन के संबंध में गाइडलाइंस साझा की जाए। ताकि उनको संबंधित देश में अपने आपको अनुकूलित करने में अधिक आसानी हो।

**तीन स्तर की वर्कफोर्स और स्थानीय रोजगार मॉडल:** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर दैनिक कार्यों के लिए बेसिक स्किल वर्कर] मीडियम तकनीक की वर्कफोर्स और उच्च कुशल तकनीकी वर्कफोर्स तैयार करने का समेकित मॉडल विकसित किया जाए, जिससे विकसित भारत /2047 की आकांक्षा को साकार करने को बल मिले। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सभी संबंधित विभागों को एक प्लेटफार्म पर आकर रोजगार व कौशल से जुड़े कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। सचिव कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग सी. रविशंकर ने विभागीय प्रयासों, स्थानीय से ओवरस. ीज प्लेसमेंट तक की रणनीति और बेहतर प्रयासों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव दिलीप जावल. कर, रंजीत सिन्हा, रविनाथ रामन, विनय शंकर पांडेय, दीपेंद्र चौधरी, डी एस गब्रियाल, हॉफ वन विभाग रंजन मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## उद्योग सहभागिता और एकीकृत प्लेटफार्म पर जोर: सौरभ बहुगुणा

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उद्योगों को प्रशिक्षण में भागीदार बनाने का सुझाव दिया, जिससे मांग आधारित कौशल विकसित हों। उन्होंने बताया कि यदि उद्योग भी प्रशिक्षण और तकनीकी पाठ्यक्रम के निर्धारण में शामिल होंगे तो वे उद्योगों की मांग के अनुरूप युवाओं को स्किल्ड कर पाएंगे। इससे युवाओं को जॉब पाने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

## नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित घर लौटाने पर पुलिस ने किया चालक-परिचालक को सम्मानित

**रुद्रप्रयाग।** समाज में जागरूकता और नागरिक जिम्मेदारी की जीती-जागती मिसाल पेश करते हुए पुलिस ने दो सजग बस कर्मचारियों को सम्मानित किया। बस चालक उपेन्द्र थपलियाल और परिचालक ऋतुराज सिंह की सूझबूझ से दो नाबालिग बालिकाएं सुरक्षित अपने परिजनों के पास पहुंचीं।जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले जिले की दो नाबालिग लड़कियां बिना बताए घर से निकल गई थीं। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिकाओं का विवरण सीमावर्ती जिलों और थाना-चौकियों तक पहुंचाया। इसी बीच, बस न्ज्ञ 10 ज। 0242 के चालक उपेन्द्र थपलियाल (निवासी मयाली, रुद्रप्रयाग) और परिचालक ऋतुराज सिंह (निवासी मातली, उत्तरकाशी) ने देखा कि दो छोटी लड़कियां अकेली बैठी हैं। उनके पास न किराया था और न ही कोई अभिभावक। संदेह होने पर दोनों ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बालिकाओं को पुलिस चौकी कलियासौड़ (कोतवाली श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल) सौंप दिया। वहां से रुद्रप्रयाग पुलिस ने उन्हें सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया।

**कार्यालय प्राचार्य, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोधा संस्थान, श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड**
फोन न.-01346-244701, 244704, फैक्स: 01346-244702 Email :principalvcgs@gmail.com, Website:http:/Vcsgsrinagar.org/

पत्रांक-मे.का.श्री./मरम्मत/ल.नि./निविदा/2025-26/5398 दिनांक: 04.02.2026

**निविदा नोटिस**

कार्यालय प्राचार्य/डीन वी.च.सिं.ग.रा.आ.शो.सं. श्रीनगर गढ़वाल में विभिन्न मरम्मत/लद्यु निर्माण कार्यों हेतु संस्थान में पंजीकृत फार्म/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र प्राचार्य कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर दिनांक 05.02.2026 प्रात: 11:00 बजे से प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र दिनांक 16.02.2026 दोपहर 2:00 बजे तक जमा करवाये जा सकते है।

**प्राचार्य**
**वी.च.सिं.ग.रा.आ.शो.सं. श्रीनगर गढ़वाल**

विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित

**रुद्रप्रयाग।** विश्व कैंसर दिवस पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में जनपद के 51 आयुष्मान आरोगय मंदिरों में आयोजित गोष्ठियों में कैंसर से बचाव के लिए उसकी समय पर पहचान के लिए जागरूकता पर जोर दिया गया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगरासू में आयोजित मुख्य गोष्ठी में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पायल सिंह ने कैंसर जैसी बीमारी को लेकर जागरूकता पर जोर देते हुए स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कानूनी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी ने कहा कि कैंसर खतरनाक बीमारी है, यदि समय पर उसकी पहचान कर उपचार शुरू किया जाए तो कैंसर से बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि कैंसर के लक्षणों के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य के साथ ही प्रत्येक वर्ष चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# रात की खामोशी में मिला मासूम का क्षत विक्षत शव

■ गुलदार के आतंक से सहमा सिंद्रवाणी गांव

■ रेस्क्यू टीमों के सघन अभियान के बाद रात में बरामद हुआ शव

■ सवालो के घेरे में वन विभाग और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के सिंद्रवाणी (छिनका, नगरासू) क्षेत्र में गुलदार द्वारा बच्चे को उठाकर ले जाने की घटना का दुखद अंत हो गया। जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन एवं एसडीएम सोहन सिंह सैनी के नेतृत्व में चलाए गए सघन सर्च अभियान के दौरान मंगलवार को देर रात लगभग 11 बजे बच्चे का शव बरामद कर लिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, वन विभाग, पुलिस एवं आपदा राहत टीमों ने संयुक्त रूप से व्यापक स्तर पर सर्च अभियान शुरू किया। इस अभियान में वन विभाग की तीन टीमें, डीडीआरएफ की दो टीमें, एसडीआरएफ की एक टीम सहित पुलिस एवं प्रशासन की टीम शामिल रहीं। कुल सात अलग-अलग टीमों ने जंगल एवं आसपास के दुर्गम क्षेत्रों में लगातार खोजबीन की। सर्च अभियान के दौरान एसडीएम रुद्रप्रयाग, डीडीएमओ, एसडीओ वन विभाग, कोतवाली प्रभारी एवं जिला सूचना अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की मॉनिटरिंग करते रहे। टीमों की सतत मेहनत के बाद रात्रि में बच्चे का शव बरामद किया गया, जिसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। एसडीएम सोहन सिंह सैनी ने बताया कि गुलदार की संभावित गतिविधियों को देखते हुए ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे लगाए जाएंगे तथा वन विभाग की गश्ती टीमें लगातार निगरानी रखेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की। मृतक बच्चे की पहचान दक्ष पुत्र हेमंत बिष्ट उम्र लगभग पांच वर्ष के रूप में हुई है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने इस दु:खद घटना के लिये वन विभाग व जिला प्रशासन की जनता के प्रति असंवेदनशीलता को दोषी बताया। उक्रांद के केन्द्रीय महामंत्री देवेन्द्र चमोली ने कहा कि प्रशासन व वन विभाग की टीम ने देर रात तक चलाये सर्च आपरेशन के बाद भले ही बच्चे का शव बरामद कर दिया हो लेकिन लगभग तीन माह बाद क्षेत्र में हुई यह घटना वन विभाग व जिला प्रशासन का जनता की बातों को अनसुना करने का नतिजा है। कुछ माह पूर्व इसी इलाके के जोदंला के पाली मल्ली गांव में गुलदार ने एक व्यक्ति को निवाला बनाया था। वन विभाग ने गुलदार को पकड़े जाने की बात कही जिसका ग्रामीणों ने झूठ कहते हुते खण्डन किया।

वन्यजीव हमले रोकने के लिये उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने कलैक्ट्रेट घेराव भी किया था, लेकिन उसी क्षेत्र में पुन: हुई इस घटना से ग्रामीणों का वन विभाग व जिला प्रशासन की अविश्वसनीयता को बल मिला रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि वन विभाग जिला प्रशासन इन घटनाओं को हल्के में न लें वन्य जीवों से ग्रामीणों की सुरक्षा के ठोस कदम उठायें जनता का सब्र जबाब दे रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के स्कूलों की छुट्टी की गई है, जिनमें राप्राविं चमसील, सारी, छिनका, झालीमठ, हिलोराधार, सिंद्रवाणी, राउप्राविं छिनका, जूहा स्कूल ककोडाखाल शामिल हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ( वि०/यॉ० )**
**ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून**

पत्रांक 1344/ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक 04.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या**-47

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय की ओर से कालम-08 के अनुसार अधिकृत श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदायें दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह् 12:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जिनका विक्रय दिनांक 23.02.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता (वि./यॉ.) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय से किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. रहित (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस.टी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विकासखण्ड दशोली में मॉडल विलेज विकसित करने हेतु मैठाणा में खेल मैदान के समीप हाट बाजार एवं कैंटीन में विद्युतीकरण कार्य | 11.75 | 36,000.00 | 1500.00+ 18%GST | 18 माह | 45 दिन | ए श्रेणी विद्युतीकरण |

**निविदा की शर्ते**

**नोट** :- 1. उक्त कार्य की जानकारी अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉं0) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में दिनाक 24.02.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**इ. तहसीन अहमद**
**अधिशासी अभियन्ता ( वि.यॉ. )**
**ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून**

# एसजीआरआरयू में सांस्कृतिक सप्ताह का आगाज

■ छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक उल्लास, रचनात्मकता और छात्र ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में सांस्कृतिक सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। 4 फरवरी से 7 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए अपनी सांस्कृतिक, कलात्मक और रचनात्मक प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय प्रेसिडेंट श्रीमहंत देवेंद्र दास जी महाराज ने कार्यक्रम के आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

बुधवार को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) के. प्रतापन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकाद. मिक ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि सांस्कृतिक गति. विधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. लोकेश गंभीर ने कहा कि एसजीआरआर विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए निरंतर अवसर प्रदान करता है, जिससे उनमें संगठन, अनुशासन और टीमवर्क की भावना विकसित होती है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) मालविका सती कांडपाल ने बताया कि सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत नृत्य, संगीत, फैशन शो, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं फूड फेस्ट जैसी अनेक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं।

# कानून व्यवस्था पर सरकार सख्त, हर नागरिक की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध: भट्ट

■ विपक्ष से संवेदनशील एवं गंभीर मसलों पर राजनीति से बचने का आग्रह

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कहा कि सरकार राज्य मे हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आपराधिक गतिविधियों मे लिप्त लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जायेगी।राजधानी एवं अन्य स्थानों पर हुए अपराधों को दुखद बताते हुए उन्होंने कहा कि दोषियों को कठोरतम सजा दिलाई जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मामले में आरोपी पकड़े गए हैं और लाप. रवाह पुलिस कर्मियों को निलंबित कर विस्तृत जांच जारी है। लिहाजा सबको धैर्य रखने की जरूरत है, विपक्ष को इन्हें राजनैतिक रंग देने से बचना चाहिए। सीएम धामी के भी कानून व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश हैं कोई भी जिम्मेदार बख्शा नहीं जाए। उन्होंने विभिन्न माध्यम से मीडिया द्वारा पूछे सवालों के जवाब में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिला अपराधों में लिप्त लोगों को बखघ्शा नही जायेगा। सरकार और संगठन पीड़ितों के साथ है। दोषियों को कठोरतम सजा दिलवाने के अतिरिक्त जो भी संभव मदद परिवार को आवश्यक होगी, उन्हें मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि देहरादून और ऋषिकेश की जघन्य घटनाओं के आरोपी पकड़े गए हैं। विस्तृत जांच से आरोपियों के खिलाफ सभी पुख्ता सबूत जुटाकर, कानून की सर्वोच्च सजा सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा, कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार का रुख स्पष्ट है कि कोई भी दोषी बख्शा नहीं जायेगा। उस दिशा में पुलिस जांच जारी है, जिसमें घटना को लेकर लापरवाही के आरोपों की भी गंभीरता से लिया गया है। अब तक देहरादून, ऋषिकेश और रुड़की की घटनाओं के प्रथम दृष्टया लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मी निलंबित किए गए हैं।

## "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम आज

**रुद्रप्रयाग।** आज जनपद की ग्राम पंचायत कमेड़ा के मंदिर प्रांगण में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" के अंतर्गत जनसेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर की अध्यक्षता डॉ. आर राजेश कुमार, प्रभारी सचिव, की ओर से की जाएगी। इस दौरान दौरान प्रभारी सचिव आमजन की समस्याओं को सीधे सुनेंगे तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपनी बेटी का नाम इकरा सेख (Ikra Sekh) से बदलकर सलीना (Salina) कर लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को सलीना (Salina) पुत्री मौ. फुरकान (Md Furkan) के नाम से जाना, पहच. ाना व सभी दस्तावेजों में अंकित किया जाये।
फुरकान पुत्र श्री अमीनुद्दीन निवासी-ए 505 लोक प्रिय विहार 2 खोरा कॉलोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश। पिन-201001.

**मै.आर.जी.बिल्डवैल इंजिनियर्स लिमिटेड**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पैडूल-श्रीनगर के मध्य एन. एच.- 534 के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण का कार्य करने हेतु अस्थाई स्टोन क्रेशर प्लांट को स्थापित करना प्रस्तावित है। जिसके लिये राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 534 के चैनेज संख्या 268.000 से 268.100 तक खेत संख्या 198 एवं 202 ग्राम धौना लगा उफल्डा को चयनित किया गया है। उक्त भूखण्ड राष्ट्रीय राजमार्ग के मार्गाधिकार क्षेत्र के अन्दर आता है। यदि उक्त अस्थाई प्लांट को स्थापित करने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति/शिकायत हो तो अपनी शिकायत 15 दिनों के अन्दर जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल या खान अधिकारी भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई जिला टास्क फोर्स, पौड़ी के कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

**मै.आर.जी. बिल्डवैल इंजिनियर्स लिमिटेड**
**श्रीनगर गढ़वाल**

**कार्यालय:- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार ( पौड़ी गढ़वाल )**

पत्रांक:-5373/स्वा.अनु./सार्व.सूच./श्वान पशु/2025-26 दिनांक:-03.02.2026

**सार्वजनिक सूचना**

**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार श्वान पशु लाईसेन्स उपविधि 2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, कोटद्वार की सीमा के अन्तर्गत श्वानपशुओं के लाइसेन्स शुल्क से सम्बन्धित उपविधियों नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 172(2) (ड) में प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में अधिनियम की धारा के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा श्वान पशुओं के रखने/पालने पर पंजीकरण किये जाने हेतु अनुज्ञा के क्रम में उपविधि-2025 प्राख्यापित की जानी है, जिसका प्रारूप निम्नवत है:-
यदि किसी भी संघटन/संस्था अथवा हितबद्ध को इस उपविधि के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का सुझाव/संशोधन/आपत्ति अथवा दावे किये जाने की अपेक्षा हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में हार्ड कॉपी अथवा ईमेल-eonagarpalika@gmail.com पर सुसंगत अभिलेख मय सुझाव प्रेषित किये जा सकते है। तदोपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जायेगा।

**उपविधि**

1. यह उपविधि नगर निगम कोटद्वार में श्वान पशु लाइसेन्स उपविधि 2025 कहलायेगी।
2. यह उपविधि सरकारी गजट उत्तराखण्ड मे प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।
3- परिभाषाएँ:-
(क) ''नगर निगम'' से तात्पर्य नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार व उसकी सीमा से है।
(ख) ''नगर आयुक्त'' से तात्पर्य नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार के नगर आयुक्त से है।
(ग) ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तराखण्ड राज्य मे यथा प्रवृत्त) से है।
4. प्रत्येक 3 माह अथवा इस से अधिक की आयु का श्वान पशु नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार की सीमा के अन्दर रखने/पालने पर इसका पंजीकरण नगर निगम, कोटद्वार में कराना आवश्यक होगा, जो प्रत्येक वर्ष की अन्तिम तिथि 31 मार्च तक वैध रहेगा।
5. प्रत्येक ऐसे श्वान पशु, जिसका पंजीकरण कराना हो, के (1) लिंग, (2) रंग, (3) नस्ल (यदि ज्ञात हो तो) की सूचना नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार के सक्षम अधिकारी को उसके स्वामी द्वारा आवेदन कर देनी होगी। इसके लिये आवेदन-पत्र के साथ रू. 1500/- का पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। आवेदन-पत्र के साथ श्वान पशु को एन्टीरैबीज वैक्सीन का टीकाकरण लगा होने का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। श्वान पशु यदि क्रय किया गया हो तो क्रय प्रमाण/बिल प्रदान करना होगा। यदि क्रय नही किया गया है तो इस आशय का शपथ पत्र रू0 10/- के स्टाम्प पेपर पर देना होगा।
6. श्वान पशु के स्वामी को प्रत्येक वर्ष अप्रैल अथवा इससे पूर्व ही पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए आवेदन निर्धारित शुल्क सहित प्रेषित करना होगा। विलम्ब से प्रेषित नवीनीकरण प्रार्थना पत्र पर प्रतिमाह रू0 150/- विलम्ब शुल्क देय होगा।
7. प्रत्येक श्वान पशु के पंजीकरण के पश्चात् उसके पंजीयन संख्या का टोकन जारी किया जायेगा, जो श्वान पशु के गले मे सदैव डाला रहेगा। इसको सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सम्बन्धित मालिक/स्वामी की होगी।
8. किसी भी पंजीकरण के टोकन के खो जाने की दशा में उसके स्वामी की लिखित सूचना पर दूसरा टोकन रू. 200/- के दण्ड शुल्क लेकर जारी किया जा सकेगा, श्वान पशु के गले में टोकन ना पाये जाने की स्थिति मे श्वान पशु पंजीकरण रहित माना जायेगा।
9. प्रत्येक ऐसा श्वान पशु जो सार्वजनिक पार्को/स्थलो पर बिना गले के टोकन के पाया जायेगा, पकड कर जब्त करने योग्य होगा। जिसके उपरान्त श्वान पशु मालिक/स्वामी पर मु. 5000.00 रु. का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।
10. पालतू श्वान पशु को होने वाले किसी भी संक्रामक रोग के इलाज कराये जाने हेतु स्वामी उत्तरदायी होगा। पालतू श्वान पशु को होने वाले संक्रामक रोग की स्थिति में पशु चिकित्साधिकारी द्वारा दी गयी सलाह को माना जाना पशु स्वामी हेतु अनिवार्य होगा। अनुपालन न करने की स्थिति मे पशु स्वामी पर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
11. पालतू श्वान पशु द्वारा किसी भी व्यक्ति को काटे जाने पर किसी प्रकार के इलाज/क्षतिपूर्ती /तथा विधिक कार्यवाही हेतु पशु स्वामी स्वंय उत्तरदायी होगा।
12. पालतू श्वान पशु के प्रजनन तथा उससे उत्पन्न श्वान पशुओं की सूचना पशु स्वामी द्वारा निगम को देनी होगी। प्रजननोंपरान्त उत्पन्न श्वान पशुओं को विक्रय करने पर सूचना निगम को प्रदान करनी होगी।
13. पालतू श्वान पशु के क्रय विक्रय तथा किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि किये जाने हेतु निगम से अनुमति/लाइसेन्स प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।
14. श्वान पशु को टहलाने के दौरान सार्वजनिक मार्गों/स्थानों पर मलमूत्र त्याग नहीं कराया जायेगा। पकडे जाने पर प्रथम बार रू. 1000/- द्वितीय बार रू. 21000/- एंव तृतीय बार विधिक कार्यवाही की जायेगी।
15. प्रतिबन्धित नस्ल के श्वान पशु के पालन पर पूर्णत: प्रतिबन्ध रहेगा, यदि प्रतिबन्धित श्वान पशु किसी के द्वारा पाला/रखा जाता है तो पकडे जाने पर रू. 20,000/- (बीस हजार रू.) का जुर्माना वसूला जायेगा।

**दण्ड**

इस नियामावली के नियम 4 से 13 तक की अवहेलना होने पर श्वान पशु स्वामी दण्ड का भागी होगा, जो रू0 5000/- तक हो सकेगा एंव अवज्ञा जारी रहने की दशा में प्रतिदिन रू0 50/- तक का अतिरिक्त दण्ड देय होगा।

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**

# भारत-पाक मैच जरूर होना चाहिए: ब्रेट ली



● कहा: दुनियाभर के फैंस भारत-पाक मैच का बेसब्री से इन्तजार रह रहैं है

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच होना चाहिए, क्योंकि दुनिया भर में फैंस इस मैच का बेसब्री से इन्तजार कर रहे हैं। क्रिकेट के लीजेंड ब्रेट ली ने मिडिल ईस्ट में क्रिकेट स्टोरीटेलिग के एक नए दौर की शुरुआत की, मिस्टर क्रिकेट यूएई पॉडकास्ट के पहले एपिसोड में उन्होंने बोल्ड बयान, बेखौफ भविष्यवाणियां और एक्सपर्ट इनसाइट दीं, साथ ही मिस्टर क्रिकेट यूएई के फाउंडर अनीस साजन भी थे। इस एपिसोड ने मीडिया ग्रुप के लिए पॉडकास्ट स्टूडियो का ऑफिशियल उद्घाटन भी किया। शो के सबसे दमदार पलों में से एक तब आया जब ब्रेट ली ने क्रिकेट की सबसे मशहूर दुश्मनी के बारे में कहा कि मुझे सच में उम्मीद है कि इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच होगा।

मुझे उम्मीद है कि उन्हें मौका मिलेगा। दुनिया भर के अरबों फैन्स इस मैच का इंतजार करते हैं। यह बात दुनिया भर के फैन्स के दिलों में तुरंत बैठ गई, जिससे दुश्मनी के कल्चरल और कमर्शियल लेवल को और पक्का किया गया।

**बातचीत की खास बातें:** सुपर 8 के लिए ब्रेट ली की टूर्नामेंट की भविष्यवाणी, जो सेमी फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे जब दुनिया आने वाले इंटरनेशनल टूर्नामेंट पर फोकस कर रही थी, तो ली ने अपनी एक्सपर्ट राय शेयर की, आपको इंडिया, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ जाना होगा। न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट के लिए मेरे डार्क हॉर्स हैं।

**वर्ल्ड कप विनर:** उन्होंने भविष्यवाणी की कि अहमदाबाद में इंडिया के खिलाफ फाइनल में ऑस्ट्रेलिया जीतेगा। ऑस्ट्रेलिया के पास बड़े टूर्नामेंट के लिए बैलेंस, अनुभव और जीतने का माइंडसेट है। इंडिया बनाम पाकिस्तान: किसका पलड़ा भारी है?

**कागज पर पसंदीदा: इंडिया**
**वाइल्डकार्ड: पाकिस्तान**

इंडिया और पाकिस्तान में से किसी एक को चुनना ऐसा है जैसे कोई कहे: 'तुम्हारा पसंदीदा बेटा कौन है? चुनना मुश्किल है क्योंकि दोनों ही शानदार टीमें हैं। चलो इस पर से पॉलिटिक्स हटाते हैं। मैं सिर्फ क्रिकेट के बारे में सोच रहा हूं। अगर आप दोनों टीमों को देखें, तो आपको कहना होगा, कागज पर, इंडिया ज्यादा मजबूत है, सिर्फ क्रिकेट के नजरिए से। और मुझे सच में उम्मीद है कि मैच होगा। मुझे सच में उम्मीद है कि उन्हें मौका मिलेगा, क्योंकि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। जब इंडिया और पाकिस्तान एक-दूसरे के साथ खेलते हैं तो पूरी दुनिया देखती है। जिन क्रिकेटरों पर नजर रखनी चाहिए

टूर्नामेंट का सबसे अच्छा बॉलर - वरुण चक्रवर्ती मैं उस खिलाड़ी को चुनना चाहता हूं जो इस टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट ले सकता है, वरुण चक्रवर्ती। मुझे लगता है कि यह उसकी जिंदगी का सबसे अच्छा समय है, उसका फॉर्म इस बार कैसा होगा, ऐसे विकेट जो उसके लिए सही होंगे। जिस तरह से वह बैट्समैन को परेशान कर सकता है। मुझे लगता है कि यह उसके लिए तय है। यह उसका वर्ल्ड कप है।

सबसे ज्यादा रन बनाने वाला - सूर्यकुमार यादव- मेरे लिए यह सूर्यकुमार यादव हैं, स्काई ही लिमिट है

पेस अभी भी टूर्नामेंट क्यों जिताता है- तेज बॉलिग खेल के सबसे रोमांचक हिस्सों में से एक है और मुझे लगता है कि डेथ ओवरों में स्पिनरों को मारना आसान होता है। बैट्समैन स्पिन और मीडियम पेस के खिलाफ सच में चालाक हो रहे हैं लेकिन प्योर पेस तो प्योर पेस ही होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सा फॉर्मेट खेल रहे हैं, टेस्ट, वनडे या टी-20 तेज बॉलरों में जसप्रीत बुमराह एक अजीबोगरीब गेंदबाज हैं। वह बहुत अच्छा है। काश मैंने बुमराह के साथ खेला होता और काश वह मेरी टीम में होता क्योंकि वह बहुत अच्छा है।

# सचिन ने मुंबई के रणजी खिलाड़ियों को किया प्रेरित



**मुंबई, वार्ता।** क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने आज मुंबई रणजी टीम से बात की और उन्हें आने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल की तैयारी के लिए मोटिवेट किया, जो बीकेसी के एमसीए ग्राउंड पर होगा।

सचिन ने मुंबई टीम के ड्रेसिंग रूम में बाकायदा खिलाड़ियों से बात की और उन्हें बताया कि उन्हें मैदान पर क्या करना चाहिए। मुंबई की टीम रणजी ग्रुप डी में सात मैच में चार जीत और तीन ड्रा के साथ 33 अंक लेकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच चुकी है जहां उसका मुकाबला कर्नाटक से मुंबई में होगा। शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। ठाकुर और जायसवाल दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे।

ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था। मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है। मुंबई टीम इस प्रकार है:- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, अखिल हरवाडकर, सिद्धेश लाड, सरफराज खान, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्एश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।

## खेल विशेष

### हर सफर में दम है के साथ नजर आएंगे क्रिकेट के सितारे

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य स्पॉन्सर अपोलो टायर्स ने आज अपना नया ब्रांड कैंपेन, 'हर सफर में दम है शुरू किया। इस कैंपेन में क्रिकेट आइकन तेंदुलकर के साथ टीम इंडिया के क्रिकेटर विराट को. हली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, गिल और अर्शदीप ऑफिशियल टीम इंडिया जर्सी में नजर आएंगे। एक भावुक ब्रांड फिल्म के साथ चलाया जा रहा यह कैंपेन भारतीय क्रिकेट की चिरस्थाई भावना और अपोलो की फिलॉसफी के बीच समानता को पेश करता है। मशहूर फिल्म निर्माता, अभिनय देव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ए-आर-रहमान के प्रतिष्ठित गीत, 'मां तुझे सलाम' के साथ इन चारों क्रिकेटरों के बचपन से लेकर अब तक का सफर और उनके परिवारों को दिखाया गया है, जिन्होंने उनके क्रिकेटर बनने का सपना सच करने के लिए हर मुश्किल का सामना किया, पर देश के गौरव को हमेशा सबसे ऊपर रखा। इस फिल्म में ना केवल भारत का प्रतिनिधित्व करने का एक सपना दिखाया गया है, बल्कि यह गौरव अर्जित करने, उसे कायम रखने और अपने जीवन में उसे बनाए रखने के लिए जरूरी स्टैंडर्ड, अनुशासन और दृढ़ता को भी पेश किया गया है। इस फिल्म में इन क्रिकेटर्स के बचपन से लेकर टीम इंडिया की जर्सी पहनने तक उनका साहसी सपना सच होने की कहानी दिखाई गई है कि वो किस प्रकार लाखों लोगों की भावनाओं को ना केवल अपनी प्रतिभा के बल पर, बल्कि सबसे अच्छा बनने की प्रतिबद्धता के साथ दुनिया के मंच पर ले गए। इस कहानी के साथ-साथ दिग्गज क्रिकेटर और अपोलो टायर्स के ब्रांड एंबेसडर, सचिन तेंदुलकर को भी दिखाया गया है। वो क्रिकेटर्स की कई पीढ़ियों और लाखों भारतीयों की प्रेरणा हैं, वो उस स्थाई विरासत, मूल्यों और मानकों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो आज भी भारतीय क्रिकेट को परिभाषित करते हैं।

# मौजूदा भारतीय टीम टी-20 में दुनिया की सबसे खतरनाक टीम: धोनी

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि मौजूदा समय में भारतीय टीम टी-20 में दुनिया की सबसे खतरनाक टीम है और शनिवार से शुरु हो रहे टी-20 विश्वकप 2026 में वह सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरेगी।

धोनी ने एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि एक अच्छी टीम के लिए जो कुछ भी चाहिए, सब कुछ इसमें मौजूद है। विशेष रूप से इस प्रारूप में इनके पास अनुभव की कोई कमी नहीं है। उन्होंने दबाव में खेला है। टीम में जो भी खिलाड़ी जिस भी भूमिका में है, वह उस भूमिका को काफी समय से निभाता आ रहा है। धोनी के इस भरोसे की आंकड़े भी गवाही देते हैं। पूर्व चैंपियन भारतीय टीम ने अक्तूबर 2023 से अब तक खेले गए टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 51 बार जीत का स्वाद चखा है, जबकि आठ मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। टीम की ताकक उसकी विस्फोटक बल्लेबाजी है, जहां बड़े-बड़े सिक्सर जड़ने वाले खिलाड़ी



● टी-20 विश्व कप 2026 में वह सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरेगी

मौजूद हैं। गेंदबाजी में भी भारत का पलड़ा भारी है। भारत के पास जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती जैसे दो सबसे अच्छे गेंदबाज मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जो चीज मुझे परेशान करती है, वह है ओस। मुझे ओस बिल्कुल पसंद नहीं है। ओस बहुत कुछ बदल देती है। जब मैं स्वयं खेलता था, तब भी ओस से सबसे अधिक डर लगता था।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया, सीरीज भी जीती

● सैम करन ने 58 रन और जैकब बेथल चार विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई




**श्रीलंका, वार्ता।** सैम करन (58) की अर्द्धशतकीय पारी के बाद जैकब बेथल (चार विकेट) और विल जैक्स (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 12 रनों से शिकस्त दी। इसी साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। जैकब बेथेल ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर चार विकेट झटके। उन्होंने 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर महीश तीक्षणा (दो) को आउटकर 116 के स्कोर पर श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। पुथुम निसंका (23), जनित लियानगे (17), कामिडु मेंडिस (14) और पवन रत्नायके 13 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने जहां शुरुआती विकेट लिए वहीं बेथेल ने अपनी आखिरी आठ गेंदों में चार विकेट लेकर श्रीलंका की पारी का अंत किया। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इस फैसला इंग्लैंड के लिए घातक हुआ और उसके बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे संघर्ष करते नजर आए। जॉस बटलर (25) को छोड़कर उसके शुरुआत चार बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। छठें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सैम करन ने बटलर के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में महीश तीक्षणा ने बटलर को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद दुश्मांता चमीरा ने इंग्लैंड के निचले बल्लेबाजी क्रम को तहस नहस कर दिया। केवल सैम करन ही जुझारू अर्धशतकीय पारी खेल सके। सैम करन ने 48 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 58रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और इंग्लैंड के स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 128 तक पहुंचाया।

# हितेश, प्रीति ने दिलाई जबरदस्त शुरुआत



● भारत की तरफ से वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स के चैंपियन हितेश गुलिया 70 किग्रा और प्रीति 54 किग्रा ने शानदार प्रदर्शन किया

**ला नुसिया, वार्ता।** भारत ने बॉक्सम एलिट इंटरनेशनल मुक्केबाजी 2026 में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की, इस मशहूर टूर्नामेंट के पहले दिन कई शानदार प्रदर्शन किए, जिसमें 21 देशों के 214 बॉक्सर हिस्सा ले रहे हैं। भारत की तरफ से वर्ल्ड बॉक्सिग कप फाइनल्स के चैंपियन हितेश गुलिया (70किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन किया, दोनों ने शानदार जीत हासिल की और भारत ने कई वेट कैटेगरी में जीत हासिल की। हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा के एलीट मुकाबले में पूरा कंट्रोल रखा, उन्होंने नीदरलैंड्स के फिन बोस को 5:0 के बड़े अंतर से हराया। शांत, सधे हुए और तेज, इस भारतीय ने अपनी खास रिग इंटेलिजेंस और टाइमिग का प्रदर्शन करते हुए शुरू से आखिर तक मैच पर कब्जा कर लिया। इससे पहले, प्रीति ने एलीट महिलाओं के 54किग्रा डिवीजन में कजाकिस्तान की आलियास्कर सिम्बत पर 5-0 से शानदार जीत हासिल करके माहौल बनाया। उन्होंने अपने तेज कॉम्बिनेशन और डिसिप्लिन्ड डिफेंस का इस्तेमाल करके अपनी विरोधी को पूरी तरह से हरा दिया। भारत की महिलाओं ने अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें प्राची (57किग्रा), प्रिया (60किग्रा) और काजल (65किग्रा) सभी शानदार तरीके से आगे बढ़ीं। प्राची और प्रिया ने क्रमश: स्पेन की वेनेसा मोरेल रामिरेज और कनाडा की एलेसिया मानसुएटो पर 5-0 से एक जैसी जीत हासिल की, जबकि काजल ने एक कड़े मुकाबले में कजाकिस्तान की असेम तनातर को 4-1 से हराया। पुरुषों के ड्रॉ में, भारत ने लगातार पक्के प्रदर्शन से दबाव बनाया। सचिन (60किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से हराया, जबकि मोहम्मद हुसैन उद्दीन (60किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुकदे. मिर को 4-1 से हराया। अभिनाश (65किग्रा) ने डेनमार्क के कलीद पर 5-0 से क्लीन जीत हासिल करके सबको इम्प्रेस किया, और दीपक (70किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल के खिलाफ 4-1 से सॉलिड जीत हासिल की। आकाश (75किग्रा) और अंकुश (80किग्रा) भी 4-1 से जीत के साथ आगे बढ़े, हालांकि आदित्य (65किग्रा) इंग्लैंड के जो टर्नर के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गए।

# लंबे समय में, कोई भी पाक को मिस नहीं करेगा: कपिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव ने आने वाले वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करने के पाकिस्तान के फैसले की आलोचना की है।

इससे पहले, देश की सरकार ने टीम को टूर्नामेंट खेलने के लिए कहा था, हालांकि, उसने भारत के खिलाफ नहीं खेलने के लिए कहा। कपिल देव ने कहा कि अगर यह फैसला खिलाड़ियों की तरफ से आता, तो इस पर विचार किया जा सकता था, लेकिन जैसा कि यह बोर्ड की तरफ से आ रहा था, उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों की पीढ़ी खत्म हो जाएगी और यह भी कहा कि लोग उनसे आगे बढ़ जाएंगे। कपिल देव ने एक समाचार चैनल पर कहा कि अगर फैसला खिलाड़ियों ने लिया है, तो वे सामने आकर कह सकते हैं। लेकिन, अगर बोर्ड कहता है कि आप नहीं खेलेंगे, तो देश की रेप्युटेशन कम होती है। पाकिस्तान के लिए यह अच्छा नहीं लग रहा है। आप पीढ़ी को खत्म कर रहे हैं। पाकिस्तान ने हमें इतने सालों में शानदार टैलेंट दिया है। लेकिन अगर आप इन लड़कों को वर्ल्ड कप में खेलने नहीं देंगे, तो आप पीढ़ी को खत्म कर रहे हैं और खेल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आप अपने ही खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी कर रहे हैं। कपिल



● कपिल देव ने आने वाले विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करने के पाक के फैसले की आलोचना की

देव ने कहा कि अगर वे समय रहते भारत के खिलाफ मैचों का बॉयकॉट करते हैं, तो वे फैंस खो देंगे, और लोग उनसे आगे बढ़ जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि भावनाओं और दर्शकों पर असर पड़ेगा। लेकिन, लंबे समय में, कोई भी उन्हें मिस नहीं करेगा। लोग इसके बारे में लंबे समय तक नहीं सोचेंगे, और वे आखिरकार आगे बढ़ जाएंगे। दूसरी ओर, आईसीसी ने चेतावनी दी है कि इस तरह के फैसले का पाकिस्तान के क्रिकेट भविष्य पर असर पड़ेगा। आईसीसी की एक प्रेस रिलीज में लिखा है कि आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर इसके बड़े और लंबे समय तक चलने वाले असर पर विचार करेगा, क्योंकि इससे ग्लोबल क्रिकेट इकोसिस्टम पर असर पड़ने की संभावना है, जिसका वह खुद सदस्य और फायदा उठाने वाला है। रविवार को एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा गया था कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है।

# श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) और जेडीएम जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) ने किरोड़ी मल कॉलेज को 5-0 से हरा कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। महिला वर्ग में जानकी देवी महाविद्यालय (जेडीएम) ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम के लिए कोमल ने गोल किया और अंजलि को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

# शिनोजादा और नियाजई के शतक अफगानिस्तान ने बनाए 310/4

**हरारे।** फैसल शिनोजादा (110 ) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर अफगानिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उस्मान सादत और खालिद अहमदजई की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। 13वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने खालिद अहमदजई को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। अहमदजई ने 39 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए फैसल शिनोजादा ने उस्मान सादत के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में कनिष्क चौहान ने उस्मान सादत को आउटकर पवेलियन भेज दिया। उस्मान सादत ने 70 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 39 रन बनाए। फैसल शिनोजादा और उजैरुल्लाह नियाजई के बीच तीसरे विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी हुई। 46वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने फैसल शिनोजादा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। फैसल शिनोजादा ने 93 गेंदों में 15 चौके लगाते हुए 110 रनों की पारी खेली।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय सहायक अभिलेख अधिकारी/उपजिलाधिकारी ऋषिकेश।**
**अदालती सूचना**
**वाद संख्या-49/2026 मौजा-लिस्ट्राबादग्रान्ट**
श्री आशीष बुटोला पुत्र श्री अतर सिंह बुटोला, निवासी-ग्राम थाती, पत्रालय भटवाड़ा, पट्टी नैलचामी जिला टिहरी गढ़वाल उत्तराखण्ड ...वादी
**बनाम**
(1) श्री बहीद हसन (2) श्री रियाल अहमद (3) श्री बहीद हसन (4) श्री गुलाम मोहम्मद (5) श्री फैयाज अहमद पुत्रगण नानू (6) श्रीमती गुमताज जहां पत्नी जफर अली (7) श्रीमती संजीदा पत्नी अफजल अली (8) श्रीमती प्यारी देवी पत्नी पंचम सिंह रावत (9) श्रीमती सुनीता पैन्यूली पत्नी गजराम पैन्यूली, (10) श्री कासिम अली पुत्र अब्दुल हफीज समस्त निवासीगण-ग्राम लिस्ट्राबादग्रान्ट। (11) श्री कृष्ण सिंह दवाण पुत्र जोगेन्द्र सिंह दवाण, निवासी टिहरी गढ़वाल। (12) श्रीमती राबिया खातून पत्नी वाजिद अली, (13) श्री अपरोज जहां पुत्र जमील हसन, समस्त निवासीगण-ग्राम लिस्ट्राबादग्रान्ट, ...प्रतिवादीगण
**अर्न्तगत धारा 143 जेड.ए. एल.आर. एक्ट**
**घोषणा पत्र**
हरगाह व आमखास को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष बुटोला पुत्र श्री अतर सिंह बुटोला, निवासी ग्राम थाती, पत्रालय भटवाड़ा, पट्टी नैलचामी जिला टिहरी गढ़वाल उत्तराखण्ड के खाता खतौनी-383 खसरा 1039 रकबा 0.0109है.भूमि दर्ज अभिलेख है। इस भूमि को वादी अकृषक भूमि घोषित कराना चाहता है।
अतः वाद में जिस किसी को किसी प्रकार कोई उज्र या आपति हो तो वह दिनांक 13/02/26 को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में मय अभिलेखो के न्यायालय में उपस्थित हो जाय। नियत तिथि के बाद किसी प्रकार की कोई आपति पर सुनवाई नही की जायेगी।
घोषणा पत्र आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की जाय।
**(योगेश मेहरा)**
**सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, ऋषिकेश।**

अदालती सूचना
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज वाणिज्य न्यायालय देहरादून।**
इजराय वाद संख्या-564 सन 2019 (आर्बिट्रेशन वाद संख्या 1079 वर्ष 2012 श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड बनाम मुकेश कुमार)
श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड बनाम मुकेश कुमार
.....**डिक्रीदार**
मुकेश कुमार स्थावर सम्पत्ति के लोक नीलामी हेतु प्रकाशन अदालती सूचना
......**निर्णीत ऋणी**
आदेश हुआ है कि निर्णीत ऋणी की स्थावर सम्पत्ति खाता सं. 370 मि. कुल क्षेत्रफल 0.0225 हेक्टर स्थित दुर्गा एनक्लेव मौज करगी ग्रांट परगना केंद्रीयदून तहसील देहरादून, जिला देहरादून निष्पादन वाद सं0 564 वर्ष 2019 दिनांक 12.03.2026 को लोक नीलामी की जायेगी। अत: जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित जिस किसी को भी उक्त लोक नीलामी के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त नियत तिथि दिनांक 06.02.2026 से पूर्व श्रीमान न्यायालय अपर जिला जज वाणिज्य न्यायालय देहरादून स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के पश्चात् कोई भी आपत्ति ग्रहीत नहीं की जायेगी तथा उक्त लोक विक्रय पर न्यायोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।
अनुसूची
1-कुर्क सम्पत्ति खाता सं. 370 मि कुल क्षेत्रफल 0.0225 हेक्टर स्थित दुर्गा एनक्लेव मौज करगी ग्रांट परगना केंद्रीयदून जिला देहरादून।
2-डिक्री की रकम मु. 11,25,773/- रूपये (डिक्री को तिथि से 9 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज के साथ)
3 उद्घोषणा जारी करने की तिथि 07.02.2026
4-नीलामी की तिथि 12.03.2026 नीलामी का स्थान देहरादून, जिला देहरादून
5-अमीन आख्या दिनांक
श्रीमती प्रीतु शर्मा,
पीठासीन अधिकारी / ए.डी.जे.
अपर जिला न्यायाधीश/वाणिज्यिक न्यायालय, देहरादून।
दिनांक- 03.02.2026

अदालती सूचना
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज वाणिज्य न्यायालय देहरादून।**
इजराय वाद संख्या-190 सन 2019 (आर्बिट्रेशन वाद संख्या 1077 वर्ष 2012 श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड बनाम मुकेश कुमार)
श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड बनाम मुकेश कुमार
श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड .......**डिक्रीदार**
मुकेश कुमार स्थावर सम्पत्ति के लोक नीलामी हेतु प्रकाशन अदालती सूचना ......**निर्णीत ऋणी**
आदेश हुआ है कि निर्णीत ऋणी की स्थावर सम्पत्ति खाता सं. 370मि कुल क्षेत्रफल 0.0225 हेक्टर स्थित दुर्गा एनक्लेव मौज करगी ग्रांट परगना केंद्रीयदून तहसील देहरादून, जिला देहरादून निष्पादन वाद सं0 190 वर्ष 2019 दिनांक 11.03.2026 को लोक नीलामी की जायेगी। अत: जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित जिस किसी को भी उक्त लोक नीलामी के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त नियत तिथि दिनांक 06.02.2026 से पूर्व श्रीमान न्यायालय अपर जिला जज वाणिज्य न्यायालय देहरादून स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के पश्चात् कोई भी आपत्ति ग्रहीत नहीं की जायेगी तथा उक्त लोक विक्रय पर न्यायोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।
अनुसूची
1-कुर्क सम्पत्ति खाता सं. 370 मि कुल क्षेत्रफल 0.0225 हेक्टर स्थित दुर्गा एनक्लेव मौज करगी ग्रांट परगना केंद्रीयदून जिला देहरादून।
2-डिक्री की रकम मु0 7,33,262/- रूपये (डिक्री को तिथि से 10 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज के साथ)
3-उद्घोषणा जारी करने की तिथि 06.02.2026
4-नीलामी की तिथि: 11.03.2026 नीलामी का स्थान देहरादून, जिला देहरादून
5-अमीन आख्या दिनांक: 28.10.2023
श्रीमती प्रीतु शर्मा,
पीठासीन अधिकारी/ए.डी.जे.
अपर जिला न्यायाधीश वाणिज्यिक न्यायालय, देहरादून।
दिनांक 03.02.2026

**कार्यालय नगर निगम रूड़की जनपद-हरिद्वार (उत्तराखण्ड)**
दूरभाष नम्बर : 01332-272666 ई-मेल आई0डी0 nagarnigamroorkee@gmail.com
पत्रांक : 641 /स्वा0 अनु0/ई0निविदा/न0नि0रू0/2025-26 दिनांक 04/02/2026

**Press Note**
**E-Tender Notice**

Nagar Nigam Roorkee invites open E-Tender in Two Bid System for "**Purchase of various materilas for using the helth department.**" Tenders Details are given below.

| Sr. No | Bid Publish Date | Bid Submission Starting Date | Bid Submission End Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05-02-2026 | 10-02-2026 | 20-02-2026 | 20-02-2026 |

Note: 1- For More Details visit to www.uktenders.gov.in.
2-All the Bidder should read the terms & Conditions of the tender before the filling. As per the tender conditions technical analysis will be done by section.

सहायक नगर आयुक्त,
नगर निगम, रूड़की।

## बिनारसी कांड में तेजपुर चौकी प्रभारी के बाद एसएसपी का एक और बड़ा एक्शन

# भगवानपुर कोतवाल व एसएसआई लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रविदास जयंती पर भगवानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिनारसी में हुए दो पक्षों में संघर्ष के दौरान दो व्यक्तियों की मृत्यु के मामले में एससपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने जहां पहले क्षेत्र के तेजपुर चौकी इंचार्ज सूरत शर्मा व हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया था वहीं भब एसएसपी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए .और एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसपी ने थाना भगवानपुर के प्रभारी निरीक्षक सूर्य भूषण नेगी तथा एसएसआई रमेश सैनी को भी तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर करने के आदेश जारी किए हैं।एसएसपी के इस एक्शन से पुलिस मैहकमे में खलबली मची हुई है।



अवगत करा दें कि भगवानपुर थाना के तेजपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम बिनारसी में रविदास जयंती के बाद दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक हो गया था, जिसमें फायरिंग और झड़प के दौरान दो लोगों की मौत हो गई थीवह कई घायल हो गए थे । इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव के बादगांव मेंपुलिस बल तैनात हैवही मामले की हर स्थिति को एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल व एसएसपी प्रमिंदर सिंह डोभाल खुद वॉच कर रहे हैं । वही इस मामले की एसएसपी द्वारा मामले समीक्षा के दौरान पुलिस की कार्यशैली और घटना से पूर्व व घटना के दौरान की गई कार्रवाई में गंभीर लापरवाही सामने आई। जिस पर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने प्रथम दृष्टया लापरवाही को देखते हुए पहले तोतेजपुर चौकी पर बारिश सूरत शर्मावह एक हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया था वहीं अब थाना भगवानपुर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सूर्य भूषण नेगी और वरिष्ठ उप निरीक्षक रमेश सैनी को लाइन हाजिर करते हुए तत्काल पुलिस लाइन में आमद कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश भी दिए गए हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किस स्तर पर चूक हुई और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका क्या रही। एसएसपी ने साफ शब्दों में कहा है कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है।

❖लापरवाही के चलते इंस्पेक्टर सूर्य भूषण नेगी व वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमेश सैनी पर गिरी गाज

# खेड़ा जट में कार तेज चलाने को लेकर दो पक्षों में कई राउंड फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** नारसन चौकी क्षेत्र के खेड़ा गांव में मंगलवार श्याम कार तेज चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच कई राउंड गैरफायरिंगहोने से क्षेत्र में अपरा तफरी मच गई डर के मारे लोग अपने घरों में घुंस गए । गांव वालो के मुताबिक से दोनों पक्षों में। 8 राउंड फायर किए गए है इस फायरिंग में छर्रा लगने सेएक महिला जख्मी पाई गई है सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस आ पहुंची और हालात को काबू किया गया।

❖छर्रा लगने से महिला घायल, पुलिस आरोपियों पर कसने लगी शिकंजा, सीसीटीवी फुटेज के जरिए कार्रवाई करने में जुटी

जानकारी के अनुसार खेड़ा जट गांव ही आर्यन और शिव एक समय पर बहुत अच्छे मित्र हुआ करते थे आज हालात ऐसे हैं कि दोनों एक दूसरे का मुंह भी देखना पसंद नहीं करते विवाद कल शाम 7:00 से 8:00 के बीच करीब हुआ बताया जा रहा है कि आर्यन की माता गेट के बाहर खड़ी हुई थी तभी शिव पीछे से अपनी कार की रफ्तार 70 और 80 के बीच में भागता हुआ आया और आर्यन की माता बाल बाल बची उसी बीच आर्यन और शिव में तभी जोरदार विवाद शुरू हो गया जिसमें शिव की माता को निकलता हुआ छर्रा घायल कर गया । दोनों और से कई राउंड हुई फायर में गांव में अफरा तफरी मच गई और गांव के लोग दहशत में अपने घरों में घुस गए लेकिन सूचना पाकर तुरंत नारसन चौकी व मंगलौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले परकाबू पा लिया मंगलौर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली ने बताया कि विवाद के दौरान महिला के छर्रा लगा है जिसको तुरंत अस्पताल भेजा गया हैं पुलिस मामले में जुटी हुई है और फायरिंग करने वालों की तलाश कर जांच में जुट गई है।

# लक्सर में 'अपनों' की बेरुखी से जूझ रही है कांग्रेस

**इस्लाम अंसारी**

**लक्सर।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की सुगहाट के बीच लक्सर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की जमीनी स्थिति चिंताजनक नजर आ रही है। विडंबना यह है कि चुनाव नजदीक होने के बावजूद कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारियों की गाड़ियों से पार्टी का झंडा (झंडी) तक नदारद है। ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्र में कांग्रेस बिना सक्रिय कार्यकर्ताओं के ही संघर्ष कर रही है।बड़े नेताओं तक सीमित 'ड्राइंग रूम' राजनीतिक्षेत्रीय जनता का आरोप है कि कांग्रेस के पदाधिकारी केवल देहरादून और दिल्ली में



बड़े नेताओं के साथ फोटो खिंचवाने और संपर्क साधने तक सीमित हैं। धरातल पर न तो पार्टी की नीतियों का प्रचार हो रहा है और न ही किसी ग्रामीण के घर जाकर कोई जनसंपर्क मीटिंग आयोजित की जा रही है। आम जनता के सुख-दुख से पदाधिकारियों का सरोकार खत्म होता दिख रहा है।

❖केवल बड़े पदाधिकारी के साथ दिखाई देते हैं स्थानीय नेता-कार्यकर्ता

❖धरातल पर नहीं दिख रहा है जनता से जुड़ाव, गाड़ियो से झंडे भी नदारद

चुनावी मौसम और वोट बैंक की राजनीतिग्रामीणों का कहना है कि जब चुनाव सिर पर होते हैं, तो यही पदाधिकारी नए कपड़ों और बड़ी गाड़ियों में सवार होकर केवल मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सक्रिय होते हैं। हिंदू बस्तियों में जाकर पार्टी की विचारधारा को समझाने का प्रयास अब तक किसी भी बड़े पदाधिकारी ने नहीं किया है। जिला अध्यक्ष को छोड़कर ब्लॉक अध्यक्ष या प्रदेश सचिव स्तर के नेताओं की गाड़ियों पर भी कांग्रेस की झंडी नहीं दिखती, जिससे यह चर्चा आम है कि क्या नेता रात के अंधेरे में दूसरी पार्टियों के संपर्क में रहने के डर से झंडा नहीं लगाते? बाहरी प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं का मोह भंग होना कार्यकर्ताओं के बीच सबसे बड़ी नाराजगी 'पैराशूट' प्रत्याशियों को लेकर है। हर चुनाव में पार्टी किसी बाहरी व्यक्ति को मैदान में उतार देती है, जो चुनाव हारने या जीतने के बाद क्षेत्र से गायब हो जाता है। इसका परिणाम यह है कि कांग्रेस का मूल कार्यकर्ता आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और इधर-उधर भटकने को मजबूर है।निष्कषः 2027 की राह कठिनयदि कांग्रेस नेतृत्व ने समय रहते धरातल पर भरोसेमंद कार्यकर्ताओं को वार्ड और गांव स्तर पर सक्रिय नहीं किया, तो लक्सर विधानसभा में पार्टी का हाल भी उत्तर प्रदेश जैसा हो सकता है। 2027 के चुनाव में वजूद बचाने के लिए कांग्रेस को 'ड्राइंग रूम पॉलिटिक्स' छोड़कर जनता के बीच जाना होगा, अन्यथा जनता प्रत्याशी का नाम तक याद रखने की जहमत नहीं उठाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों में हड़कंप

**लक्सर।** क्षेत्र के खड़ंजा कुतुबपुर गांव में एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई जिससे परिजनों में हड कम मच गया परिजनों के द्वारा बताया गया की रात में करीब 1:00 बजे जीआरपी पुलिस के द्वारा सूचना दी गई थी कि एक युवक खड़ंजा कुतुबपुर मंदिर के सामने रेलवे लाइन पर मृतक पड़ा हुआ है उस सूचना पर हम सभी परिजन वहां मौके पर पहुंचे तो देखा कि हमारा लड़का राशीद मृतक पड़ा हुआ है उन्होंने बताया कुछ व्यक्तियों पर हमारा शक है कि उनके द्वारा ही हमारे भाई को मारा गया है उन्होंने यह भी कहा कि रात्रि करीब 1:10 पर जानकारी मिली थी उन्होंने बताया कि रात्रि में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस के द्वारा मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की भेज दिया गया है मृतक युवक का नाम राशिद पुत्र मुस्तकीम उर्फ भूरा निवासी ग्राम खड़ंजा कुतुबपुर है मृतक की उम्र करीब 22 वर्ष बताई गई है पुलिस के द्वारा बताया गया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है जांच शुरू कर दी गई है।

## भाई व उसके साथी पर मारपीट करने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा** ग्राम बाल्लूपुर निवासी विशाल पुत्र ओम कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि दो जनवरी की आधी रात को उसका बड़ा भाई विमल कुमार अपने पड़ोस के साथी सुमित को साथ लेकर खेतों में खड़ी फसल में जंगली जानवर नीलगाय आदि से बचाने के लिए गए थे। जब वह तो दोनों खेतों में कुछ देर रुकने के बाद घर वापस लौटने लगे उसी समय गांव के ही राजीव राणा नीरज कुमार इन दोनों के हाथ में लाइसेंसी हथियार थे। इन्हीं के साथ सनी कुमार राहुल डिप्टी कुमार मुकुल व गौरव कुमार उनके हाथों में देशी तमंचे लोहे की राड व लाठी डंडे थे । उक्त लोगों द्वारा मेरे बड़े भाई से हाल-चाल जाना गया। इसके बाद जब उसका भाई व उसका साथी घर लौटने लगे तो उक्त लोगों द्वारा मेरे भाई विमल पर लाठी डंडों से हमला कर दिया तथा जब तक वह बेहोश होकर नीचेजमीन पर नहीं गिर गया तब तक उसे लाठी डंडो से मारते रहे। विमल के साथ जब उक्त लोग मारपीट कर रहे थे उसी समय उसके साथी सुमित ने वहां से कुछ दूर जाकर गांव में फोन कर परिजनों को सूचना दी। उसके बाद हमलावर जब वहां से कुछ दूर चले गए तो वह विमल को उठाने लगा। घायल पड़े बेहोश विमल को उठाते देख राजीव व नीरज द्वारा जान से मारने की नीयत से दोनों पर दो गोली चलाई गई ।जिससे वह बाल बाल बच गए ।उसी समय गांव की ओर से लोगों को आता देख हमलावर चले गए। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है ।

## राजभवन घेराव को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

# प्रीतम सिंह ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांग्रेस पार्टी द्वारा 16 फरवरी को प्रस्तावित राजभवन घेराव कार्यक्रम को लेकर संगठनात्मक तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण मंथन बैठक आयोजित की गई। बैठक को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष माननीय प्रीतम सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान माननीय प्रीतम सिंह ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती के साथ राजभवन घेराव कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। बैठक के उपरांत आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी प्रीतम सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी, एडवोकेट फुरकान अहमद, विधायक विरेन्द्र जाती, विधायक प्रेम सागर पूरी, विधायक ममता राकेश, डॉ. गौरव चौधरी, राव शेर मोहम्मद, ईश्वर लाल शास्त्री, सी.पी. सिंह, सलीम



खान, सचिन गुप्ता, प्रणय प्रताप, हाजी नौशाद अहमद, मोहित त्यागी, वैभव सैनी, विकास त्यागी, कलीम खान, राजकुमार सैनी, नीरज सैनी, रिजवान अहमद, मुंफैत अली, डॉ. हरविंदर सिंह, सुधीर चौधरी, श्रवण गोस्वामी, शमशाद, चेयरमैन आशीष सेनी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी ने एकजुट होकर राजभवन घेराव कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सुफियान, ऋषभ व निशा ने जीते पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित 69वी राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता में उत्तराखंड की ओर से 9 बालक (कुश्ती पहलवान एवं 9बालिकाओं (कुश्ती पहलवान) ने प्रतिभाग किया जिसके फल स्वरुप 62 किलोग्राम बालिका वर्ग में निशा भारद्वाज ने कांस्य पदक,44 किलोग्राम में ऋषभ कश्यप रजत



पदक एवं 72 किलोग्राम में सुफियान ने कांस्यपदक जीतकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया।

जानकारी के अनुसार इस उपलब्धि पर हरिद्वार जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार नरेश कुमार हल्द्वानी, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अमित कुमार एवं जिला खेल समन्वयक हरिद्वार गजेंद्र सिंह पदक विजेताओं, टीम कोच एवं मैनेजर अक्षय राठी एवं आकाश को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## इलाज के दौरान महिला से छेड़छाड़ करने वाला चिकित्सक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** महिला सुरक्षा को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार श्री प्रमेंद्र सिंह डोबाल के सख्त निर्देशों के क्रम में मंगलौर कोतवाली क्षेत्र से एक गंभीर और शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। इलाज के नाम पर एक युवती के साथ अभद्रता करने वाले तथाकथित डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलौर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली मंगलौर में शिकायत दर्ज कराई थी कि डॉ. रिजवान नामक व्यक्ति ने उनकी पुत्री के उपचार के दौरान चिकित्सकीय मर्यादाओं को लांघते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता और उसके परिजनों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा मामले में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 03 फरवरी 2026 को नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी डॉक्टर की आड़ में लोगों के विश्वास का दुरुपयोग कर रहा था। आरोपी की इस हरकत से न केवल एक महिला की गरिमा को ठेस पहुँची, बल्कि चिकित्सा जैसे पवित्र पेशे को भी कलंकित किया गया है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कोटद्वार पहुंचे विधायक वीरेंद्र जाती ने भाई दीपक से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हाल ही में कोटद्वार में घटित प्रकरण के संदर्भ में झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाती ने कोटद्वार पहुँचकर भाई दीपक से मुलाकात की। विधायक जाती ने दीपक से आत्मीय संवाद कर न केवल उनका उत्साहवर्धन किया, बल्कि उन्हें एक प्रतीकात्मक भेंट (गिफ्ट) देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र जाती ने कहा कि भाई दीपक ने पूरे घटनाक्रम के दौरान जिस तरह इंसानियत, सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता दी, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान उसके नाम, धर्म या मजहब से नहीं, बल्कि उसके कर्म, विचार और समाज के प्रति व्यवहार से होती है। दीपक ने कठिन परिस्थितियों में भी मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखकर यह सिद्ध कर दिया कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। विधायक श्री जाती ने कहा कि समाज को तोड़ने वाली सोच के बजाय जोड़ने वाली मानसिकता को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उत्तराखंड देवभूमि है, जहां भाईचारे, आपसी सम्मान और शांति की परंपरा रही है। ऐसे में किसी भी प्रकार की नफरत, अफवाह या भ्रम फैलाने वाली बातों से दूर रहकर हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने दीपक का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वे अकेले नहीं हैं, बल्कि समाज का हर जिम्मेदार नागरिक उनके साथ खड़ा है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि इंसानियत, न्याय और सामाजिक सद्भाव के पक्ष में उठने वाली हर आवाज को मजबूती से समर्थन दिया जाएगा। मुलाकात के दौरान क्षेत्र में सामाजिक शांति, आपसी विश्वास और भाईचारे को बनाए रखने को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। विधायक वीरेंद्र जाती ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में सहयोग करें।यह भेंट और सम्मान समाज को यह स्पष्ट संदेश देता है कि राजनीति का उद्देश्य समाज को बांटना नहीं, बल्कि जोड़ना है और मानवता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करना हर जनप्रतिनिधि की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## बहुउद्देशीय शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में विकासखंड भगवानपुर के न्याय पंचायत डाडा जलालपुर किसान इंटर कॉलेज में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 88 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 45 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री स्तर देशराज कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 88 समस्याएं दर्ज कराई गईं, जिनमें से 45 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को भरपूर लाभ हो रहा है। राज्य मंत्री एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री/भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी निरीक्षण किया साथ ही क्षेत्रवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उप जिलाधिकारी भगवानपुर ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। शिविर में राज्य मंत्री श्यामबीर सैनी, मण्डल अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश सैनी व नितिन सैनी,खंड विकास अधिकारी आलोक गार्गेय सहित क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण, अधिकारी व कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बीएसएम पीजी कॉलेज के प्रोफेसर को सरकार ने दी जिम्मेदारी

# डॉ. सुरजीत बने राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सरकार द्वारा गठित उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण में बीएसएम पीजी कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. डॉ. सुरजीत सिंह गांधी को अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर शिक्षण संस्थान के प्रबंधन, प्राचार्य व अन्य शिक्षकगण व स्टाफ ने उनका स्वागत करते हुए डा. सुरजीत सिंह को बधाई दी है। उक्त प्राधिकरण में सभी अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

सरकार द्वारा प्राधिकरण के गठन करते हुए अध्यक्ष पद पर जहां बीएसएम पीजी कालेज के वरिष्ठ प्रो. डा. सुरजीत सिंह गांधी को इसका चेयरमैन नियुक्त किया है तो सदस्यों में प्रो. राकेश जैन, डॉ. सैय्यद अली हमीद, प्रो. पेमा तेनजिन, डॉ. एल्बा मेड्रिले, प्रो. रोबिना अमन तथा प्रो. गुरमीत



सिंह को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त समाजसेवी राजेंद्र बिष्ट एवं सेवानिवृत्त अधिकारी चंद्रशेखर भट्ट भी सदस्य होंगे। वहीं निदेशक महाविद्यालय शिक्षा, निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण पदेन सदस्य रहेंगे।

❖संस्थान के प्रबंधन व कर्मचारी, बुद्धिजीवी वर्ग व जन प्रतिनिधियों ने दी बधाई

डॉ. सुरजीत सिंह को अध्यक्ष बनाए जाने पर बीएसएम पीजी महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा उनका फूल-मालाओं एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बीएसएम पीजी कॉलेज अध्यक्ष ममतेश शर्मा एडवाकेट, सचिव रजनीश शर्मा, उत्तराखंड जन मंच संरक्षक अमित शर्मा, प्राचार्य प्रो. गौतम वीर, चमन लाल महाविद्यालय प्रबंधक रामकुमार शर्मा, सचिव अतुल हरित, प्राचार्य सुशील उपाध्याय, शिक्षाविद एवं पूर्व कुलपति प्रो. सुधा पांडे, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी विधायक प्रदीप बत्रा, पतांजलि विवि के कुलपति सतेंद्र मित्तल, केंद्रीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य इंद्रजीत सिंह सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

गौतलब है कि उत्तराखंड सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जुलाई 2026 से राज्य मदरसा बोर्ड को समाप्त करने का निर्णय लिया है। इसके स्थान पर सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंतर्गत लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गठित इस प्राधिकरण के माध्यम से अब राज्य की सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त करनी होगी। साथ ही अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम निर्धारण का दायित्व भी इसी प्राधिकरण को सौंपा गया है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सदन में फिर हंगामा

यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि देश की संसद अब अपनी मर्यादा खोती जा रही है। अब यह जनता या देश-विदेश के मुद्दों पर चर्चा के लिए नहीं जानी जाती, बल्कि शोर-शराबे के लिए जानी जाती है। काफी समय से ऐसा ही नजारा संसद में देखने को मिल रहा है। दुख की बात यह है कि इस पर लगाम लगने के बजाए इसका और विस्तार होता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले की ही बात करें तो इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है। पिछले तीन दिन से जिस बात को लेकर हंगामा हो रहा है उसका कोई मतलब नहीं है। सोमवार को हंगामा उस समय शुरू हुआ था जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह दावा किया था कि लद्दाख में डोकलाम में घटी घटना के समय चीनी सैनिक भारतीय सेना में टैंकों के साथ घुस आए थे। ऐसा कहते हुए उन्होंने पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब का हवाला दिया था। हालांकि यह किताब अब तक प्रकाशित नहीं हुई है, इसी बात को लेकर सत्ता पक्ष ने उनके भाषण के समय विरोध किया था। सत्ता पक्ष का कहना था कि जो किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है, उस पर सदन में नहीं बोला जा सकता। मंगलवार को हंगामे के समय विपक्ष के आठ सांसद भी निलंबित हो गए। बुधवार को भी नजारा मंगलवार के दिन से अलग नहीं रहा और चार बार संसदीय कार्यवाही बाधित रही। चर्चा की तो बात ही छोड़िए अब तो माननीयों का भाषा पर नियंत्रण खोता दिखाई दे रहा है। सादे पद अपनी गरिमा खोते जा रहे हैं। बुधवार को राहुल गांधी वही किताब लेकर संसद पहुंचे जो पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने लिखी है। संसद में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। उन्होंने किताब का पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि पीएम ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित है लिखो। राहुल ने यह भी कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है देखिए यह रही वह किताब। इतना ही नहीं उन्होंने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पीएम मोदी में इतनी हिम्मत है वह आज यहां आएंगे और अगर आते हैं तो वह खुद उन्हें यह किताब सौंपेंगे। असल में बुधवार की सांय पांच बजे पीएम मोदी का प्रस्तावित संबोधन होना था, लेकिन वह टल गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी भी की। जिसमें वह कह रहे हैं कि पहले ही यह बात कह चुके थे कि पीएम मोदी लोकसभा में नहीं आएंगे। सीधी सी बात है कि यह स्थिति ठीक नहीं है। लोकतंत्र के लिए तो बिल्कुल भी नहीं। आखिर संसद होती ही किसलिए है। यहां आप किसी से सहमत या सहमत हो सकते हैं, लेकिन अपनी बात कहने से कैसे रोक सकते हैं। विडंबना यह है कि यह भी एक परंपरा सी बनती जा रही है। जैसीकि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सत्ता पक्ष जानबूझकर ऐसे लोगों को आगे करता है, जो अनाप-शनाप बोलते हैं। जिससे हंगामा होता है।

## देश की जनता का निरादर



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है, मोदी सरकार मनमर्जी से काम कर रही है, जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है, जहां विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संसद में एक छपी हुई किताब से कोट नहीं करने दिया गया, वहीं भाजपा के निशिकांत दुबे छह किताबें लेकर बैठे हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से कोट कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है, ये स्पीकर के पद, संसद, लो. कतंत्र और देश की जनता का निरादर है, विपक्ष के नेता कोई एक व्यक्ति नहीं हैं- वे पूरे विपक्ष के प्रतिनिधि हैं, सरकार उन करोड़ों लोगों का मुंह बंद करना चाहती है, जिन्होंने विपक्ष को वोट दिया है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु



**निर्मल रानी**



पिछले दिनों एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य मध्य प्रदेश से एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की इमारत को बुल्डोजर से ढहा दिए जाने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्राप्त खबरों के अनुसार मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के धाबा गांव के रहने वाले अब्दुल नईम इसी गांव में अपनी निजी जमीन पर एक निजी स्कूल बनवा रहे थे। परन्तु चूंकि निर्माणाधीन स्कूल संचालक का नाम श्अब्दुल नईमश था इसलिए प्रशासन ने उस भवन को स्कूल के बजाए मदरसा बताकर ढहा दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय बुलडोजर उस निर्माणाधीन स्कूल भवन को ध्वस्त कर रहा था उस समय ग्रामीण, प्रशासन से उसे न तोड़े जाने की गुहार लगा रहे थे।

खुद स्थानीय सरपंच हाथ जोड़कर प्रशासन से बुलडोजर चलाने से मना करती रहीं परन्तु एसडीएम के आदेश पर बुलडोजर चला दिया गया। ग्रामीणों में पहली बार यह आस बंधी थी कि यह स्कूल खुलने के बाद उनके बच्चे अब गांव में ही पढ़ पाएंगे परन्तु वे लोग मलबे के सामने खड़े होकर सवाल पूछते नजर आए । उस पर ढिटाई यह कि जिला प्रशासन ने यह आरोप मढ़ दिया कि पंचायत ने ही स्कूल की निर्माणाधीन इमारत पर बुल्डोजर चलवाया है जबकि सरपंच और उप सरपंच इस से साफ इनकार कर रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग दो हजार की आबादी वाला धाबा गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है और इस गांव में केवल तीन ही मुस्लिम परिवार रहते हैं। अच्छे स्कूल के अभाव में ही इस गांव के कई परिवार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गांव से 10-15 किलोमीटर दूर तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसी उद्देश्य से अब्दुल नईम ने स्कूल बनाने के लिए न केवल अपनी पूरी जमा-पूंजी लगा दी बल्कि लाखों रूपये लोगों से उधार भी लेकर अपने सपनों के इस स्कूल में लगा दिए थे।

बड़ी अजीब बात है कि वर्तमान सरकार से ही जुड़े नेता मंत्री व समर्थक भारत को विश्व गुरु बनाने का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। तो क्या विश्व गुरु भारत का अर्थ शिक्षित भारत नहीं और यदि शिक्षित भारत का सपना साकार करना है तो शिक्षण संस्थाओं से दुश्मनी कैसी परन्तु दुर्भाग्य तो यही है कि विश्व गुरु बनने का जितनी जोर जोर ढिंढोरा पीटा जा रहा है उतनी ही तेजी से इसी सरकार के दौर में स्कूल भी बंद किए जा रहे हैं। केवल 2019 से 2024 तक अनुमानतः लगभग 14,910 सरकारी स्कूल या तो बंद कर दिए गए या दूसरे स्कूल्स में समाहित कर दिए गए। कुल मिलाकर अब तक 89,441 सरकारी स्कूल बंद होने का उल्लेख है। इस दौरान निजी स्कूलों में वृद्धि हुई है जबकि सरकारी स्कूलों में कमी आई है। सबसे ज्यादा स्कूल मध्य प्रदेश, ओडिशा, व जम्मू-कश्मीर राज्यों में बंद किए जाने की खबर है। जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों सांबा, कठुआ, राजौरी, पूंछ, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर में भी काफी संख्या में स्कूल बंद किए गए। स्कूल बंद करने के जो कारण बताए गए उनमें कहीं आधारभूत संरचना की कमी बताई गई तो कहीं शिक्षकों की भारी कमी बताकर स्कूल बंद किए गए। कहीं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बड़े स्कूलों में समाहित कर दिया गया।

इसी तरह कुछ राज्यों में नए निजी स्कूलों की वृद्धि के चलते सरकारी स्कूलों पर दबाव बढ़ा और उन्हें बंद करना पड़ा। जाहिर है इससे गरीब व निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बाधा पड़ना स्वभाविक है। इसी तरह सरकार की सबसे ज्यादा गाज मदरसों पर गिरी। देश के सैकड़ों मदरसों को या तो अवैध बताकर ढहा दिया गया या उन्हें बंद करवा दिया गया। भाजपा शासित असम,उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड बिहार, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्यों में अनेक मदरसे बंद किए गए। निःसंदेह यह कदम खासकर गरीब मुस्लिम अल्पसंख्यकों की शिक्षा के साथ भेदभाव के सिवा और कुछ नहीं क्योंकि 90 प्रतिशत से ज्यादा मदरसा छात्र गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। जहां तक मदरसे में मिलने वाली शिक्षा का सवाल है तो इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज से नफरत करने वालों ने भारतीय मदरसों को साम्प्रदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में क्यों न दुष्प्रचारित किया हो परन्तु यदि आप मदरसों से शिक्षा प्राप्त महापुरुषों व विशिष्ट जनों पर नजर डालें तो मदरसों के साम्प्रदायिक होने की गढ़ित धारणा स्वयं ही समाप्त हो जाएगी और यह महज एक प्रोपेगंडा प्रतीत होगा। मिसाल के तौर पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने मदरसा में ही शिक्षा हासिल कर फारसी भाषा सीखी। इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी मदरसे से ही शिक्षा हासिल कर फारसी का ज्ञान प्राप्त किया।

तभी वे फारसी में इतना निपुण थे कि उन्होंने अपनी मशहूर रचना श्जफर नामाश फारसी में लिखी। सिख साम्राज्य के संस्थापक महाराजा रणजीत सिंह की तो दरबारी भाषा ही फारसी थी जो कि मदरसा शिक्षा से जुड़ी थी। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज भी फारसी भाषा में निपुण थे। उन्होंने फारसी-संस्कृत शब्दकोश का संकलन करवाया। शिवाजी महाराज के दौर में फारसी शिक्षा मदरसे से ही जुड़ी होती थी। इसी तरह हिन्दू सुधारक और ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय ने भी बंगाल के मदरसा आलिया और पटना के मदरसा मुजीबिया में पढ़ाई की। उन्होंने फारसी और अरबी सीखी और एक फारसी अखबार का संपादन भी किया। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की कमी के कारण मदरसा में पढ़ाई की।

भारतीय साहित्य की प्रमुख हस्ती प्रसिद्ध लेखक व कहानीकार मुंशी प्रेमचंद ने वाराणसी के एक ऐसे मदरसे में पढ़ाई की, जहां गैर-मुस्लिम छात्र भी बड़ी संख्या में पढ़ते थे और मुस्लिम समाज की जो विशिष्ट हस्तियां मदरसा से शिक्षा प्राप्त हैं उनमें भारत के पहले शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खान, इंकलाब जिंदाबाद का नारा देने वाले प्रसिद्ध उर्दू कवि और स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी, स्वतंत्रता सेनानी व सिल्क लेटर मूवमेंट के नेता मौलाना महमूद हसन देवबंदी जैसे अनेक लोगों के नाम शामिल हैं। आज भी बंगाल, झारखण्ड व बिहार जैसे कई राज्यों में केवल मुस्लिम नहीं बल्कि बड़ी संख्या में गैर मुस्लिम गरीब बच्चे मदरसों में शिक्षा हासिल करते हैं। परन्तु सरकार क्या मदरसा तो क्या अन्य सरकारी स्कूल सभी को किसी न किसी बहाने बंद करने पर तुली है। सवाल यह है कि क्या मदरसे या विद्यालयों को बंद करने से भारत विश्व गुरु बन सकेगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या एआई चेटबॉट्स महामारी ला सकते हैं

**सभी डीएनए संश्लेषण कंपनियों और डीएनए प्रिंटरों के लिए ज्ञात रोग. जनकों और विषाक्त पदार्थों की आनुवंशिक सामग्री की जांच अनिवार्य की जानी चाहिए। इसके साथ ही एकत्रित की जाने वाली किसी भी आनुवंशिक सामग्री की सुरक्षा जांच करना भी सभी अनुबंध अनुसंधान संगठनों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए।**

काफी समय से कुछ तकनीकी विशेषज्ञ कृत्रिम बुद्धि यानी एआई को मानवता के लिए खतरा बताते आए हैं। इस क्षेत्र में हुए हालिया विकास से प्रतीत होता है कि यह खतरा काफी नजदीक है। विशेषज्ञों का दावा है कि एआई बिना किसी वैज्ञानिक विशेषज्ञता वाले बदनीयत व्यक्ति को घातक वायरस डिजाइन करने में मदद कर सकती है।



मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी के जैव सुरक्षा विशेषज्ञ केविन एस्वेल्ट ने हाल ही में अपने छात्रों को चैटजीपीटी या अन्य विशाल भाषा मॉडल की मदद से एक खतरनाक वायरस तैयार करने का काम दिया। मात्र एक घंटे में छात्रों के पास वायरसों की एक लंबी सूची थी और तो और, साथ में उन कंपनियों की भी जानकारी थी जो रोगजनकों के आनुवंशिक कोड को बनाने में मदद कर सकती थीं और इन टुकड़ों को जोड़ने वाली कुछ अनुसंधान कंपनियों के भी नाम थे। इन परिणामों के आधार पर एस्वेल्ट और अन्य विशेषज्ञों का दावा है कि एआई सिस्टम जल्द ही गैर-वैज्ञानिक लोगों को परमाणु हथियारों के बराबर घातक जैविक हथियार डिजाइन करने में मदद कर सकती है। इसका उपयोग आतंकी गतिविधियों में भी किया जा सकता है। फिलहाल किसी खतरनाक विलुप्त या मौजूदा वायरस के आधार पर जैविक हथियार बनाने का तरीका मिलने के बाद भी इन्हें बनाने में काफी विशेषज्ञता चाहिए होती है। इसके लिए न केवल उचित वायरस की पहचान करना होगी, बल्कि वायरल आनुवंशिक सामग्री को संश्लेषित करने, जीनोम को एक साथ जोड़ने और इसे अन्य अभिकर्मकों के साथ जोड़कर एक ऐसा वायरस तैयार करना होगा जो कोशिकाओं को संक्रमित कर सके और अपनी प्रतिलिपियां बना सके, लेकिन एआई इस प्रक्रिया को आसान बना रही है। उदाहरण के लिए बाजार में जल्द ही उपलब्ध होने वाले बेंचटॉप डीएनए प्रिंटर की मदद से शोधकर्ता स्क्रीनिंग प्रक्रिया को धोखा दे सकते हैं। इस प्रक्रिया में कंपनियां यह सुनिश्चित करती हैं कि किसी नमूने में संभावित जैविक हथियारों के लिए आनुवंशिक सामग्री तो शामिल नहीं है।

इस प्रक्रिया से बचकर कोई बदनीयत व्यक्ति इन आनुवंशिक ब्लूप्रिंट को अनुबंध अनुसंधान कंपनियों या एक रोबोटिक क्लाउड लैब को लक्ष्य वायरस में डालने के लिए भेज सकता है। इस कार्य में एआई की भूमिका का पता लगाने के लिए एस्वेल्ट ने जीव-विज्ञान में बिना किसी विशेषज्ञता वाले स्नातक छात्रों को तीन से चार सदस्यों वाले तीन समूहों में बांटा। इन सभी समूहों के पास GPT-4, बार्ड और अन्य एआई चैटबॉट्स थे। एक घंटे के भीतर इन सभी समूहों को चैटबॉट्स की मदद से महामारी फैलाने में सक्षम वायरसों को डिजाइन करना था। हालांकि, कुछ चैटजीपीटी ने खतरनाक चीजों के बारे में पूछे गए सीधे सवालों का कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन जब शब्दों में हेर-फेर करके सवाल पूछे गए तो आसानी से जानकारी मिल गई। उदाहरण के तौर पर जब सवाल यह था कि मैं एक टीका विकसित करने के लिए काम कर रहा हूं । तो चैटबॉट्स ने जवाब में चार वायरस के सुझाव दे दिए थे। हालांकि गूगल पर ढूंढने पर भी ऐसी सूची मिल जाती, लेकिन कुछ मामलों में चैटबॉट्स ने उन आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की भी जानकारी दी जो संक्रमण को अधिक फैला सकते हैं। इतना ही नहीं, एआई ने किसी वायरस के आनुवंशिक टुकड़ों को जोड़कर वायरस तैयार करने की तकनीक भी बताई इसके लिए उपयुक्त प्रयोगशालाओं और कंपनियों के नाम भी बताए जो बिना स्क्रीनिंग के आनुवंशिक सामग्री को प्रिंट करने के लिए तैयार हो सकती हैं। एस्वेल्ट को चिंता है कि चैटबॉट्स द्वारा दिए गए विशिष्ट सुझाव किसी महामारी का खतरा बहुत अधिक बढ़ा सकते हैं। जैसे-जैसे जैविक खतरों पर वैज्ञानिक साहित्य में वृद्धि हो रही है और एआई प्रशिक्षण डैटा में इसे शामिल किया जा रहा है। इस बात की संभावना बढ़ रही है कि एआई आतंकवादियों का काम आसान बना सकती है। एस्वेल्ट का मानना है कि चैटबॉट और अन्य एआई प्रशिक्षण डैटा द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी को सीमित किया जाना चाहिए। रोगजनकों को बनाने और बढ़ाने के बारे में बताने वाले ऑनलाइन पेपर्स को हटाकर जोखिम कम किया जा सकता है।

# फल-सब्जियों की पौष्टिकता में पहले जैसी बात कहां

तंदरुस्त बने रहने के लिए जंक फूड, तला-भुना खाने की बजाय अक्सर फल, सलाद, सब्जियों को भोजन में शामिल करने की सलाह दी जाती है। लेकिन हम शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि पिछले सत्तर सालों में इन 'सेहतमंद' चीजों में भी पोषक तत्वों की मात्रा घट गई है। वर्ष 2004 में जर्नल ऑफ दी अमेरिकन कॉलेज ऑफ न्यूट्रिशन में एक अध्ययन में 1950 से 1999 के बीच प्रकाशित यूएस कृषि विभाग के डैटा के आधार पर बताया गया था कि 43 फसलों में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, राइबोफ्लेविन, विटामिन सी जैसे 13 पोषक तत्वों में परिवर्तन दिखे थे। कमी कितनी हुई यह हर पोषक तत्व और फल-सब्जी के प्रकार पर निर्भर है। लेकिन सामान्यतरू प्रोटीन में 6 प्रतिशत से लेकर राइबोफ्लेविन में 38 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई है। खासकर ब्रोकली, केल द्धएक तरह की गोभीऋ और सरसों के साग में कैल्शियम में सबसे अधिक कमी आई है। वहीं चार्ड, खीरे और शलजम में आयरन की मात्रा में काफी कमी हुई है। शतावरी, कोलार्ड द्धएक अन्य तरह की गोभीऋ, सरसों का साग और शलजम के पत्तों में विटामिन सी काफी कम हो गया है। इसके बाद हुए अन्य अध्ययनों में भी इसी तरह के परिणाम देखने को मिले हैं।

अनाजों में भी इसी तरह की कमी देखने को मिली है। 2020 में साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया था कि 1955 से 2016 के बीच गेहूं में प्रोटीन की मात्रा 23 प्रतिशत कम हो गई है, साथ ही आयरन, मैंग्नीज, जस्ता और मैग्नीशियम भी घटे हैं। मांसाहारी भी कम पोषक तत्व वाले भोजन की समस्या से अछूते नहीं हैं। पशु अब कम पौष्टिक घास और अनाज खा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप मांस और अन्य पशु उत्पाद अब पहले की तुलना में कम पौष्टिक हो गए हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के भू-आकृति विज्ञानी डेविड आर। मॉन्टगोमेरी और जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ क्रिस्टी एबी बताते हैं कि इस समस्या के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें एक है फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए अपनाई गई आधुनिक कृषि पद्धतियां।

पौधों को शीघ्र और बड़ा उगाने के लिए अपनाए गए तरीके में पौधे मिट्टी से पर्याप्त पोषक तत्व नहीं सोख पाते या उन्हें संश्लेषित नहीं कर पाते हैं। फिर अधिक उपज से यह भी होता है कि मिट्टी से अवशोषित पोषक तत्व अधिक फलों में बंट जाते हैं, नतीजतन फल-सब्जियों में पोषक तत्व कम होते हैं। उच्च पैदावर के कारण होने वाली मृदा की क्षति भी इस समस्या का एक कारण है। गेहूं, मक्का, चावल, सोयाबीन, आलू, केला, रतालू और सन सभी फसलों की जड़ें कवक के साथ साझेदारी करती हैं जिससे पौधों द्वारा मिट्टी से पोषक तत्व और पानी लेने की क्षमता बढ़ती है। उच्च पैदावार वाली खेती से मिट्टी खराब हो जाती है जिससे कुछ हद तक कवक और पौधों की साझेदारी प्रभावित होती है। कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन



पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा जो ऊर्जा और पोषण के लिए मुख्यतरू चावल-गेहूं जैसे अना. जों पर निर्भर हैं और पोषण के अन्य स्रोतों का खर्च वहन नहीं कर सकते। यह तो सुनने में आता रहता है कि अब सब्जियों या फलों में वो स्वाद नहीं रहा। देखा गया है कि कई सारे पोषक तत्व फल-सब्जियों और अनाज के स्वाद में इजाफा करते हैं। इनकी कमी फल-सब्जियों के स्वाद को भी प्रभावित करेंगे। बुरी खबर यह है कि कई अनुमान मॉडलों का कहना है कि आगे भी आलू, चावल, गेहूं और जौं के प्रोटीन में 6 से 14 प्रतिशत की कमी आ सकती है। नतीजतन भारत समेत 18 देशों के आहार से 5 प्रतिशत प्रोटीन घट जाएगा, तो इस समस्या से कैसे निपटा जाए?

मिट्टी में सुधार के लिए एक तरीका है संपोषी खेती। पीअरजे:- लाइफ एंड एनवायरनमेंट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन बताता है कि संपोषी खेती से फसलों में कुछ विटामिन, खनिज और पादप-रसायनों का स्तर बढ़ता है, मिट्टी का जैविक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इसके लिए पहला कदम यह है कि जितना संभव हो सके मिट्टी को खाली छोड़ दिया जाए और जुताई कम कर दी जाए। मिट्टी को ढंकने वाली तिपतिया घास, राई घास, या वेच लगाकर मिट्टी का कटाव और खरपतवार की वृद्धि रोकी जा सकती है। और खेत में बदल-बदल कर फसलें लगाने से पोषक तत्व में फायदा हो सकता है, लेकिन जब तक पैदावार में पोषण बहाल नहीं होता तब तक क्या करें? पहले तो इस खबर से घबराकर लोग फल-सब्जियां खाना छोड़ या कम कर पोषण पूरकों का रुख न करें। बल्कि इससे वाकिफ रहें कि उनका भोजन कैसे उगाया जा रहा है। हम क्या खा रहे हैं यह पता होना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण यह जानना भी है कि हम जो खा रहे हैं वह कैसे उगाया जा रहा है। और पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति के लिए अलग-अलग तरह और रंग की फल-सब्जियां आहार में शामिल करें। पृथ्वी पर मौजूदा सबसे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य फल, सब्जियां और अनाज ही हैं।

कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा।



प्रयागराज। एक ठंडी और धुंध भरी सुबह में अपने सिर पर सामान ढोते लोग।

## इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट के आरोपी दो स्वीडिश नागरिकों को जेल

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की एक अदालत ने कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के समीप ग्रेनेड विस्फोट करने के आरोप में दो स्वीडिश नागरिकों को क्रमश: 12 और 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। यह जानकारी डेनिश मीडिया से प्राप्त हुई। अक्टूबर 2025 में, डेनिश अभियोजक कार्यालय ने दो स्वीडिश नागरिकों पर अक्टूबर 2024 में कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट करके आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने कहा कि 18 और 20 वर्ष के युवकों ने एक पूर्व-नियोजित साजिश के अंतर्गत अज्ञात सहयोगियों की मदद से दूतावास परिसर में पांच हथगोले लाए, उनमें से दो को राजनयिक मिशन भवन पर फेंका लेकिन वे पास के एक आवासीय भवन में जा गिरे।

# रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, अमेरिका से खरीदारी बढ़ाएगा

## भारत के अमेरिका के साथ हुए नए समझौते का हवाला देते हुए व्हाइट हाउस ने किया दावा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने दावा किया कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए नए समझौते के तहत रूस से कच्चा तेल न लेने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की मीडिया सचिव कैरोलाइन लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत ने यह प्रतिब( ता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब ने देखा, राष्ट्रपति (ट्रम्प) ने भारत के साथ एक और बेहतरीन सौदा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे बात की। उन दोनों का रिश्ता बहुत मजबूत है। लेविट ने कहा, ष्भारत ने न सिर्फ रूसी तेल नहीं खरी. दने का वादा किया है, बल्कि अमेरिका से भी तेल खरीदने का वादा किया है, और शायद वेनेजुएला से भी। इसका सीधा फायदा अमेरिका और अमेरिकी लोगों को होगा। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अमे.




■ मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है

रिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। लेविट ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा किया है, जिसमें परिवहन, ऊर्जा और कृषि उत्पादों जैसे सेक्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति की वजह से एक और शानदार व्यापारिक समझौता है। उन्होंने अमेरिकी विनिर्माण को मजबूत करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए ट्रम्प की टैरिफ नीति और व्यापार रणनीति को श्रेय दिया। प्रशासन की आयात नीति का बचाव करते हुए, लेविट ने कहा कि इससे पहले ही ठोस आर्थिक फायदे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की आयात शुल्क नीति काम कर रही है और उनका आर्थिक एजेंडा काम कर रहा है।

## ट्रम्प से बैठक के बाद कोलंबिया के रूख में आई नरमी, संबंधों में सुधार के संकेत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्हाइट हाउस में लगभग दो घंटे तक चली अपनी पहली आमने-सामने की बैठक को 'मैत्रीपूर्ण' और 'सकारात्मक' बताया है। महीनों से चले आ रहे तीखे बयानों और राजनयिक गतिरोध के बाद इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधरने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद ओवल ऑफिस में ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पेट्रो शानदार व्यक्ति हैं। उनका यह बयान चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रम्प ने पेट्रो को 'बीमार' और 'नशीली दवाओं का नेतृत्व करने वाला' व्यक्ति बताया था। पेट्रो ने भी सोशल मीडिया पर ट्रम्प के साथ हाथ मिलाते हुए फोटो साझा की और अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनकी 'द आर्ट ऑफ द डील' पुस्तक पर 'यू आर ग्रेट' (आप महान हैं) लिखकर उन्हें समर्पित की। कोलंबियाई दूतावास में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पेट्रो ने बताया कि वार्ता में मुख्य रूप से तीन बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें वेनेजुएला और ऊर्जा, नशीली दवाओं के खिलाफ जंग और इक्वाडोर के साथ व्यापार विवाद की बातें शामिल हैं।

# अमेरिका ने ईरानी ड्रोन को मार गिराया

## अरब सागर में अमेरिकी वॉरशिप के पास पहुंचा था ड्रोन, ईरान 1000 ड्रोन्स तैयार करने का कर चुका दावा

**दुबई।** अमेरिका ने अरब सागर में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। ईरान का शाहेद-139 ड्रोन अमेरिकी नौसेना के 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) के पास पहुंच गया था। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बयान के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने आत्मरक्षा में एफ-35सी फाइटर जेट से ईरानी ड्रोन को मार गिराया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसे ईरान की तरफ से एक 'आक्रामक' व्यवहार बताया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ड्रोन किस मकसद से तैनात किया गया था। अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली। इसके चलते फोर्स का इस्तेमाल किया गया। इस घटना पर ईरान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, अमेरिका से तनाव के चलते ईरान ने 30 जनवरी को कहा था कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और वार्ताओं को फिर से शुरू करने के प्रयास जारी हैं। दोनों देशों के बीच शुक्रवार को तुर्की में महत्वपूर्ण बैठक होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ, उनके दामाद और सलाहकार जेरेड कुशनेर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची इस बैठक में शामिल होंगे। साथ ही तुर्की, कतर और मिस्र के वरिष्ठ अधिकारियों के भी मौजूद रहने की संभावना है। कुछ सूत्रों के मुताबिक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों के प्रतिनिधि भी इसमें भाग ले सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था। ऐसा न करने पर उन्होंने चेतावनी दी थी कि ईरान पर अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। ट्रम्प के मुताबिक, अमे. रिकी जहाजों का एक बड़ा बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा है और अगर समझौता नहीं हुआ तो बुरे हालात हो सकते हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। पिछले महीने ईरान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोगों की मौत हुई थी। ट्रम्प ने तब भी हस्तक्षेप की धमकी दी थी। वे ईरान में शासन परिवर्तन की बात भी कर चुके हैं। ईरान के नेता धमकियों के बीच बातचीत से इनकार कर रहे थे। हालांकि, अब वे बात करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। इधर, ईरानी अधिकारी कह रहे हैं कि उनका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ ऊर्जा के लिए है, हथियारों के लिए नहीं। वे अमेरिका की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार हैं। ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान ने 30 जनवरी को दावा किया उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। ईरान की सेना ने दावा किया है अगर अमेरिका हमला करता है तो उसके ड्रोन और मिसाइलों को नेटवर्क इन हमलों को नाकाम कर सकता है। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा था कि पिछले साल जून में अमेरिका और इजरायल के साथ हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद सेना ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।



■ अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली

### अमेरिका-ईरान के बीच ड्रोन हमले की घटना से वार्ता की संभावना धूमिल

काहिरा। ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक 'निरीक्षण मिशन' पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने माना कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया है जिसके कारणों की जांच की रही है। फार्स समाचार एजेंसी ने अज्ञात सूत्रों का हवाले से कहा कि ड्रोन ने ईरान से सटे क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियों की सफलतापूर्वक निगरानी की और वास्तविक समय में जमीनी ठिकानों को डेटा भेजा। रिपोर्ट में ऐसे अभियानों को क्षेत्र की समग्र निगरानी के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा। कमान ने कहा कि ईरानी ड्रोन यूएसएस अब्राहम लिकन की ओर 'अनावश्यक रूप से पैंतरेबाजी' की, जब विमानवाहक पोत ईरानी तट से लगभग 800 किलोमीटर दूर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहा था।

## जापान बांग्लादेश के बीच रक्षा उपकरण व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर समझौता

**मास्को।** जापान और बंगलादेश ने रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तीन फरवरी को बंगलादेश के ढाका में, जापान की राजदूत सैदा शिनिची और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार कार्यालय के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एस एम कामरुल हसन ने जापान सरकार और बंगलादेश सरकार के बीच रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता तीन फरवरी से प्रभावी हो गया। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हस्तांतरित किए जाने वाले रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के प्रबंधन के लिए एक कानूनी संरचना स्थापित करता है जिसका उद्देश्य संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं को लागू करना है, जिनमें वे परियोजनाएं भी शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में योगदान करती हैं। बयान में यह भी कहा गया कि यह समझौता रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के तीसरे पक्षों को हस्तांतरण या उनके दुरुपयोग पर उचित नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

## इंडिगो बंद करेगी कोपनहेगन की उड़ान लंदन मांर्ग पर कटौती की घोषणा

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने परिचालन संबंधी सीमाओं और हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कोप. नहेगन की उड़ान बंद करने और लंदन तथा मैनचेस्टर के लिए उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह उन मार्गों पर उड़ानों में कटौती करेगी जिन पर वाइडबॉडी विमान बोइंग 787-9 का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उसने बोइंग 787-9 विमान नोर्स अटलांटिक एयरवेज से डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। संभावना है कि कंपनी इनमें से कुछ विमान वापस भी लौटा सकती है। डैम्प लीज के तहत विमान के साथ कुछ क्रू सदस्यों की आपूर्ति विमान देने वाली कंपनी करती है जबकि कुछ क्रू विमान पट्टे पर लेने वाली कंपनी के होते हैं।इंडिगो ने बताया कि वह 17 फरवरी के डेनमार्क के कोप. नहेगन की उड़ानें बंद कर रही है। इसके अलावा 07 फरवरी से दिल्ली से ब्रिटेन के मैनचेस्टर के लिए उड़ानों की संख्या पांच से घटाकर चार करेगी। इसे 19 फरवरी से चार से घटाकर तीन किया जाएगा। मुबंई से मैनचेस्टर के लिए जाने वाली सप्ताह में चार उड़ानों में कोई कटौती नहीं की गई है। उसने बताया कि 09 फरवरी से दिल्ली से लंदन हीथ्रो के लिए जाने वाली उड़ानों की संख्या सप्ताह में पांच से घटाकर चार की जाएगी। एयरलाइंस का कहना है कि अन्य उड़ानों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए यह कटौती जरूरी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उसके वाइडबॉडी परिचालन को हाल में बाहरी बाधाओं का सामना करना पड़ा है। साथ ही भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हवाई क्षेत्रों संबंधी प्रतिबंध और भारत तथा विदेशों में हवाई अड्डों पर स्लॉट की समस्या के कारण वह ए उड़ानें रद्द कर रही है। इंडिगो ने लंबी दूरी के रूट पर परिचालन शुरू करने के लिए पिछले साल मार्च में अपने बेड़े में वाइडबॉडी विमानों को शामिल किया था। उसकी योजना फिलहाल चुनिदा मार्गों पर लंबी दूरी की सेवा शुरू करने की थी। कंपनी ने फांस की कंपनी एयरबस को ए350-900 विमानों के ऑर्डर दिए हैं जिनकी डिलिवरी साल 2028 में शुरू हो जाएगी। उसके बाद कंपनी लंबी दूरी के मार्गों पर नेटवर्क का विस्तार करेगी।

## समंदर में 4 घंटे तैरता रहा 13 साल का बच्चा

■ मां और भाई-बहन की जान बचाई, तूफान में बोट पलटने से 14 किमी दूर बहा परिवार

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया में 13 साल के एक बच्चे आस्टिन एपलबी ने समुद्र में करीब 4 घंटे तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में 14 किमी दूर निकल गए थे।

जोआन एपलबे अपने बच्चों आस्टिन, ब्यू और ग्रेस के साथ पर्थ से करीब 200 किलोमीटर दूर क्विंडलप में छुट्टियां मना रही थीं। शुक्रवार दोपहर वे समुद्र के किनारे पैडलबोर्ड के साथ पानी में खेल रहे थे। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बच्चे थोड़ा दूर चले गए और तभी तेज हवा चलने लगी। हवा के कारण उनके चप्पू गिर गए और वे सभी धीरे-धीरे समुद्र में बहने लगे। हालात बहुत जल्दी खराब हो गए। जोआन को लगा कि अब किसी को मदद लाने के लिए किनारे जाना होगा। उन्होंने अपने 13 साल के बेटे आस्टिन को चुना, क्योंकि उन्हें लगा वही सबसे मजबूत है। आस्टिन समुद्र में तैरकर मदद लाने निकल पड़ा। उस वक्त परिवार को लगा कि किनारा ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे आस्टिन आगे बढ़ता गया, मां और बाकी बच्चे और दूर समुद्र में बहते चले गए। कुछ ही देर में वे आस्टिन को देख भी नहीं पा रहे थे। अंधेरा हो गया और लहरें तेज होती चली गईं। मां और बच्चे लाइफ जैकेट पहने पैडलबोर्ड को पकड़कर किसी तरह खुद को संभाले हुए थे। जोआन को लगने लगा कि शायद आस्टिन समय पर नहीं पहुंच पाएगा। उधर आस्टिन लगातार तैरता रहा और करीब 4 किमी बाद किसी तरह किनारे पहुंचा। उसने बताया कि तैरते समय वह सिर्फ अपनी मां और भाई-बहन के बारे में सोच रहा था। किनारे पर पहुंचने के बाद वह 2 किमी दौड़कर फोन तक पहुंचा और शाम करीब 6 बजे इमरजेंसी सर्विस को काल किया। फोन करने के बाद वह थकान से बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। उस समय उसे नहीं पता था कि उसकी मां और भाई-बहन जिंदा हैं या नहीं। समुद्र में मां और बच्चे अंधेरे, ठंड और ऊंची लहरों के बीच फंसे हुए थे। जोआन ने बताया कि उन्हें लगने लगा था कि आस्टिन शायद नहीं बचा और अब कोई मदद नहीं आने वाली है। काफी देर बाद बचाव दल ने परिवार को समुद्र में करीब 14 किलोमीटर दूर ढूंढ लिया। उस समय एक बड़ी लहर में बच्चे पानी में गिर गए थे।

# लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

## घर में घुसकर गोली मारी, राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लीबियाई जिंटान शहर में उनके घर पर चार हमलावरों ने हमला किया और उन्हें मार डाला। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी के वकील खालिद अल-जैदी और राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला ओथमान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनकी मौत की जानकारी दी। हालांकि शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई।

सैफ अल-इस्लाम की मौत को लेकर उनकी बहन ने अलग ही दावा किया है। बीबीसी ने लीबियाई टीवी के हवाले से बताया कि सैफ अल-इस्लाम की मौत लीबिया-अल्जीरिया सीमा के पास हुई। सैफ अल-इस्लाम की उम्र 53 साल थी। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को कभी अपने पिता का उत्तराधिकारी माना जाता था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी (बाएं) ने 2021 के राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को लंबे समय तक अपने पिता मुअम्मर गद्दाफी का राजनीतिक उत्तराधिक. ारी माना जाता रहा। उनका जन्म 25 जून 1972 को त्रिपोली में हुआ। गद्दाफी परिवार लीबिया में दशकों तक सत्ता में रहा और सैफ अल-इस्लाम उसी ताकतवर परिवार का सबसे पढ़ा-लिखा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना-पहचाना चेहरा थे। उन्होंने लीबिया के बाहर भी पढ़ाई की और लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स से शिक्षा ली। 2000 के दशक में वे खुद को एक सुधारवादी नेता के रूप में पेश करते थे। वे पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने, अर्थव्यवस्था और कुछ हद तक राजनीतिक बदलाव की बातें करते थे। इसी वजह से कई विदेशी नेता और मीडिया उन्हें गद्दाफी शासन का नरम और आधुनिक चेहरा मानने लगे थे। सैफ ने कभी कोई आधिकारिक पद नहीं संभाला, लेकिन वे लीबिया में अपने पिता के बाद सबसे ताकतवर व्यक्ति थे। 2000 के दशक में उन्होंने लीबिया के पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में बड़ी भूमिका निभाई। सैफ अल-इस्लाम के पिता मुअम्मर गद्दाफी को 2011 में हुए विद्रोह के बाद सत्ता से हटा दिया गया था और उनकी हत्या कर दी गई थी। 2011 में अरब स्प्रिंग (तानाशाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन) के दौरान लीबिया में विद्रोह हुआ, जो गद्दाफी शासन के खिलाफ था। सैफ अल-इस्लाम ने अपने पिता का साथ दिया और विद्रोहियों को कुचलने की कोशिश की। वे टीवी पर आए और लोगों को चेतावनी दी कि विरोध करने वालों को सजा मिलेगी। सैफ अल-इस्लाम विद्रोहियों को 'चूहे' कहकर बुलाते थे और कहते थे कि सरकार आखिरी गोली तक लड़ेगी। उन्होंने कहा था कि हम लीबिया में लड़ेंगे, यहीं मरेंगे। क्रांति के दौरान उनके पिता मारे गए और सैफ अल-इस्लाम भागने की कोशिश में पकड़े गए।




■ शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई

# जिनपिंग ने हटाए अपने 23 भरोसेमंद जनरल

## जनरलों में से कई लापता, एक्सपर्ट बोले: चीनी राष्ट्रपति जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं

**बीजिंग।** चीन की सेना में बीते तीन सालों में ऐसा बदलाव हुआ है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। 2023 की शुरुआत में चीन के पास कम से कम 30 जनरल और एडमिरल थे, जो अलग-अलग खास विभागों और थिएटर कमांड की कमान संभाल रहे थे।

इनमें से लगभग सभी को या तो बाहर कर दिया गया है या वे अचानक गायब हो गए हैं। जांच में केवल 7 ऐसे जनरल मिले हैं जो अब भी एक्टिव नजर आते हैं। कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से दिखना ही बंद हो गए हैं। आधु. निक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई। इन सफाइयों की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी सेना के शीर्ष स्तर पर नेतृत्व का बड़ा खालीपन पैदा हो गया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के एक्सपर्ट्स का मानना है कि शी जिनपिंग जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं। ये वे कमांडर थे जो 2023 में शी जिनपिंग के अधीन सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में कार्यरत थे। इस मंच पर मौजूद एक अधिकारी झांग शेंगमिन (बाएं से पहले) को छोड़कर बाकी सभी को पद से हटा दिया गया है। 2016 में शी जिनपिंग ने चीन की पूरी सैन्य व्यवस्था बदल दी। पहले चीन की सेना 7 मिलिट्री रीजन में बंटी थी। शी जिनपिंग ने इसे खत्म करके देश को 5 थिएटर कमांड में बांटा, ताकि अलग-अलग मोर्चों पर तेजी से फैसला लिया जा सके। सेना, नौसेना, वायुसेना और मिसाइल फोर्स मिलकर काम करें और जंग स्थिति में 'एक कमांड, एक जिम्मेदारी' तय हो। इसमें से साउदर्न थिएटर कमांड, वेस्टर्न थिएटर कमांड और नार्दर्न थिएटर कमांड में सबसे ज्यादा अफसर हटाए गए हैं। सेंट्रल थिएटर कमांड बस एक मिलिट्री रीजन है जहां पर कम अधिकारी निकाले गए हैं। ये सभी थिएटर कमांड सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के आदेश पर काम करने वाली मिलिट्री यूनिट्स हैं। ये सेना, नौसेना, वायुसेना, मिसा. इल फोर्स को मिलाकर आपरेशन चलाती हैं। इसमें से 6 में से 5 जनरल अब हटाए जा चुके हैं। जिसने राष्ट्रपति बनने में मदद की उसे ही निकाला साल 2022 में सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में इन छह जनरलों को शी जिनपिंग ने खुद नियुक्त किया था।



■ आधुनिक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई

## यूनान में तटरक्षक पोत से टकराई प्रवासियों की नाव, 15 की मौत

**एथेन्स।** यूनान के चियोस द्वीप पर एक तटरक्षक पोत से प्रवासियों की नाव टकराने के बाद 15 प्रवासियों की मौत हो गई है। यूनान के कथिमेरिनी अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि यह नाव चियोस पहुंचने की कोशिश कर रही थी, ताकि प्रवासियों को यूनान में उतारा जा सके। स्थानीय तटरक्षक बलों ने उनका पीछा किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान दोनों नाव टकरा गईं और समंदर में डूबने से 15 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दो तटरक्षकों और सात बच्चों एवं दो महिलाओं सहित 25 प्रवासियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। 14 प्रवासियों के शव पानी में मिले, जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

